नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 14

सोमवार, 08 से 14 मई 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक



सफदरजंग हॉस्पिटल में डिजिटल ओपीडी काउंटर की हुई शुरूआत... 03

लोकतंत्र में जंतर-मंतर और जनपक्ष? 08

मांकड़, पूरन ने सनराइजर्स से जीत छीनी 10

मत उड़ाना रुस्तम का मजाक 11


# NCR समाचार



इस्माईल खान


www.ncrsamacharlive.in | BY C.R.O. TEAM | twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र



परिणीति चोपड़ा ने राघव चड्ढा से की सगाई 12


# कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की बंपर जीत

## सत्ता विरोधी लहर पर सवार कांग्रेस को मिला स्पष्ट बहुमत, भाजपा 65 सीटों पर सिमटी

| पार्टी | जीत |
|---|---|
| कांग्रेस | 136 |
| भाजपा | 65 |
| जद (एस) | 19 |
| अन्य | 04 |



**बेंगलूरु/नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले साल के आम चुनाव से पहले की महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाई में कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के विरुद्ध कर्नाटक में बड़ी जीत दर्ज की है। पार्टी ने 224 सदस्यीय विधानसभा सीट में 136 सीट जीत कर एक नया इतिहास कायम किया है और इसके साथ ही पार्टी केन्द्र में भाजपा के खिलाफ विपक्ष की लामबंदी के प्रयासों के केन्द्र में आ गयी लगती है।

दस मई के चुनाव के शनिवार को हुई गणना में भाजपा 65 सीटों पर सिमटने के साथ सत्ता से बाहर हो गयी है। देवगौड़ा परिवार के नेतृत्व में राज्य की राजनीति में लंबे समय तक प्रभावशाली भूमिका निभाने वाली जनता दल सेकुलर (जेडीएस) को वोट और सीट के हिसाब से बड़ा नुकसान उठाना पड़ा और पार्टी इस बार केवल 19 सीट पर सिमट गयी।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इस जीत को कर्नाटक की जनता की जीत बताया और कहा कि राज्य में लड़ाई सांठगांठ से काम करने वाले पूंजीपतियों की ताकत और गरीब जनता की शक्ति के बीच थी। ताकत के आगे शक्ति जीत गयी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को जीत की बधाई देते हुए उसे कर्नाटक की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शुभकामना दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने कहा है कि पार्टी हार के कारणों की समीक्षा करेगी लेकिन यह कार्यकताओं के लिए कोई घबराने वाली, निराश या हताश होने वाली बात नहीं है।

भाजपा ने जुलाई 2021 में श्री येदियुरप्पा के नजदीकी लिंगायत नेता बसवराज बोम्मई को राज्य सरकार की कमान सौंपी थी और उसे उम्मीद थी कि वह दुबारा सत्ता में आकर दक्षिण में एक नया इतिहास रचेगी। पार्टी ने इस बार 72 नये लोगों को टिकट दिया था जिसकी वजह से पार्टी में कुछ असंतोष हुआ था और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार जैसे लिंगायत नेता कांग्रेस में चले गये थे।

अगले वर्ष के आम चुनाव से पहले यह विपक्ष का मनोबल बढ़ाने वाला राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है और इससे कांग्रेस सबसे अधिक उत्साहित है। पार्टी नेता उम्मीद जता रहे हैं कि अगले आम चुनाव के बाद पार्टी केन्द्र में सरकार का नेतृत्व कर सकती है और पार्टी नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर शनिवार को 2025 बजे मतगणना की स्थिति के अनुसार कांग्रेस 134 सीटों पर जीत चुकी थी और दो पर उसके प्रत्याशी आगे चल रहे थे। भाजपा को 64 सीटों पर विजय मिली थी और एक सीट पर उसका प्रत्याशी आगे था। इस तरह भाजपा 2018 के चुनाव वाला प्रदर्शन दोहराने में विफल रही है,जबकि पार्टी 104 सीटें जीत कर सबसे बड़ा दल बनी थी।

इस चुनाव में देवगौड़ा परिवार के नेतृत्व वाले जनता दल (सेक्युलर) को भी करारा झटका लगा है और उसकी सीटें तथा वोट हिस्सेदारी काफी कम हुई है। आयोग के अनुसार जेडीएस को 14 सीटों पर जीत मिल चुकी है और छह सीटों पर उसकी बढ़त है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 और जेडीएस को 37 सीटें मिली थीं। दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार सफल हुए हैं।

कल्याण राज्य प्रगति पक्ष को एक सीट मिली है और एक सीट सर्वोदय कर्नाटक पक्ष के खाते में गयी है।

मतगणना के रुझानों के अनुसार कांग्रेस को कुल मत में 42.89 प्रतिशत, भाजपा को 35.99 प्रतिशत, जेडीएस को 13.30 प्रतिशत वोट मिले थे।

वर्ष 2018 में कुल पड़े मतों में कांग्रेस को 38.14 प्रतिशत, भाजपा को 36.35 प्रतिशत और जेडीएस को 16.3 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे।

कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने पार्टी की इस जीत को कर्नाटक की जनता की जीत बताते हुए कहा है कि आगे दूसरे राज्यों में भी इसी तरह के नतीजे आएंगे।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने चुनाव परिणाम पर खुशी जताते हुए उम्मीद जतायी है कि अगले साल आम चुनाव में विपक्षी दल एकजुट होंगे तथा कांग्रेस नेता राहुल गाँधी प्रधानमंत्री बनेंगे।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने कहा है कि वह जनता के फैसले का स्वागत करते हैं और विपक्ष की भूमिका निभायेंगे।

### कर्नाटक की जीत सामूहिक प्रयास का परिणामः खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी और चुनाव परिणाम को जनता की जीत और कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकताओं के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है। श्री खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पर कर्नाटक के लोगों ने जो भरोसा जताया है, पार्टी उस पर खरा उतरेगी और राज्य के विकास के लिए जो प्राथमिकताएं तय की गई है तथा जो वादे जनता से किए थे सबसे पहले उन काम शुरू किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष से जब पूछा गया किस पार्टी के कुछ नेता कर्नाटक की जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार बता रहे हैं, तो उन्होंने कहा, सच यह है कि ये चुनाव परिणाम कर्नाटक की जनता की जीत है यह जीत कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को दिए दिल्ली सरकार के सारे अधिकार

# अब एलजी को माननी होगी केजरीवाल की बात

एनसीआर समाचार

दिल्ली सरकार के हक में सुप्रीम कोर्ट ने बहुत अहम फैसला सुनाया है, जिसके बाद आम आदमी पार्टी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

दरअसल दिल्ली सरकार बनाम उपराज्यपाल की जंग सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई थी। जिस मामले में सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की पीठ ने यह पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया कि, दिल्ली के राजा अरविंद केजरीवाल है और वह जो चाहेंगे वैसे ही करेंगे।

### कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा कि, दिल्ली का असली बॉस चुनी हुई सरकार है ना कि एलजी। अदालत ने इस फैसले को अरविंद केजरीवाल की जीत साबित करते हुए अपने फैसले में कहा कि, अधिकारियों की तैनाती और तबादले का अधिकार केवल दिल्ली के सरकार के पास है। अधिकारियों के ट्रांसफर सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल के बीच में काफी लंबे समय से विवाद होता रहा है।

राजधानी दिल्ली के प्रशासनिक सेवाओं की अगर बात करें, तो उस पर नियंत्रण को लेकर भी कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पक्ष में ही फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि, यदि राज्य सरकार का अपनी सेवा में नियुक्त अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं होगा तो काम ठीक से नहीं हो पाएगा, अधिकारी सरकार की बात नहीं सुनेंगे। कोर्ट ने आगे यह कहा कि, दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास ही असली शक्ति होनी चाहिए।



### राज्यपाल को लेकर अदालत की बात

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि, दिल्ली विधानसभा के सदस्य अगर दूसरे विधानसभाओं की तरह लोगों द्वारा चुने जाते हैं, तो लोकतंत्र और संघीय ढांचे के सम्मान को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। न्यायालय ने उपराज्यपाल की भूमिका भी स्पष्ट कर दी है। अदालत ने यह कहा कि, उपराज्यपाल की कार्यकारी शक्तियां उन मामलों में है जो विधानसभा के दायरे में नहीं आती। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार को शक्ति मिलनी चाहिए। पुलिस, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक अधिकार सरकार को दिया जा चुका है। अब दिल्ली के राज्यपाल दिल्ली की सरकार की सलाह और सहायता से काम करेंगे।

### दिल्ली सरकार की दलील

अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में दलील दी थी कि, दिल्ली में चुनी हुई सरकार है, लेकिन उसे पूरा अधिकार नहीं दिया जा रहा है। यदि सरकार अधिकारियों की पोस्टिंग नहीं कर सकती तो काम आखिर कैसे करेगी ? अरविंद केजरीवाल सरकार की दलीलों से सहमत होते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने कहा था कि, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला है इसलिए केंद्र से संतुलन बनाना होगा। अनुच्छेद 249, कानून व्यवस्था और से जुड़ी हुई शक्तियां दिल्ली विधानसभा को नहीं देता इसके अलावा तमाम सरकार के पास हैं।

---

# यूपी नगर निगम चुनाव में भगवा आंधी में विपक्ष का सूपड़ा साफ

एनसीआर समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नगर निगम की सभी 17 सीटों पर भगवा लहरा दिया है। पिछले चुनाव में 16 नगर निगम में अलीगढ़ और मेरठ समाजवादी पार्टी (सपा) के खाते में गयी थी मगर इस बार भाजपा ने न सिर्फ अलीगढ और मेरठ पर कब्जा किया बल्कि नई नवेली शाहजहांपुर सीट पर भी विजय पताका फहरायी।यहां की पहली नागरिक बनने का गौरव भाजपा उम्मीदवार अर्चना वर्मा को मिला।

भाजपा ने सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। इनमें से कानपुर, बरेली व मुरादाबाद में भाजपा ने निवर्तमान महापौर पर ही दांव लगाया था जबकि अन्य सभी सीटों पर नए कार्यकताओं को चुनाव मैदान में उतारा था। 17 में से 17 सीटों पर योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों पर आमजन ने मुहर लगाई और कमल खिलाया। पार्टी सूत्रों का दावा है कि आम जनता ने उम्मीदवारों के नाम जाति पर गौर न कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली से खुश होकर अपना वोट भाजपा के पक्ष में दिया है क्योंकि कानपुर समेत कुछ अन्य नगर निगमों में लोगबाग मौजूदा मेयर के रवैये से खासे आहत थे।

भाजपा और योगी के प्रति आमजन का विश्वास है कि पार्टी के चार प्रत्याशियों ने दूसरी बार महापौर बनने का गौरव हासिल किया। कानपुर से प्रमिला पांडेय, मुरादाबाद से विनोद अग्रवाल और बरेली से उमेश गौतम अनवरत दूसरी बार महापौर बने, जबकि हरिकांत अहलूवालिया इसके पहले भी मेरठ के महापौर रह चुके हैं। झांसी में भाजपा के बिहारी लाल ने सबसे पहले जीत हासिल की। उन्हें कुल 123503 वोट मिले। वहां लड़ने वाले अन्य प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई।

श्री योगी ने नगर निकाय चुनाव में कुल 50 रैलियां कीं। पहले चरण में योगी आदित्यनाथ की कुल 28 रैली हुई। इसमें गोरखपुर में चार, लखनऊ में तीन व वाराणसी में दो स्थानों पर रैली-सम्मेलन में योगी शामिल हुए। पहले चरण के 37 जिलों में चार मई को मतदान हुआ। दूसरे चरण में सीएम योगी ने 22 रैलियां कीं। इसमें नौ मंडल की सात नगर निगमों के लिए वोट पड़े। यहां अयोध्या नगर निगम के लिए सीएम योगी दो बार पहुंचे।

यहां संत सम्मेलन में भी सीएम की उपस्थिति जीत के लिए काफी कारगर रही।

### कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद, मोहब्बत की दुकानें खुलीः राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की जीत पर जनता, पार्टी कार्यकताओं और नेताओं को बधाई देते हुए शनिवार को कहा कि इस जीत ने राज्य में नफरत का बाजार बंद कर मोहब्बत का माहौल बनाया है। श्री गांधी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कर्नाटक विधानसभा चुनावों के नतीजों पर अपनी प्रारंभिक संक्षिप्त टिप्पणी में कहा, कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद हुआ और मोहब्बत की दुकान खुली है। उल्लेखनीय है कि श्री गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा में मोहब्बत की दुकान वाली बात बार-बार कही थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हमने कर्नाटक में नफरत से नहीं, बल्कि प्यार से और दिल खोलकर लड़ाई लड़ी और कर्नाटक की जनता ने दिखा दिया कि देश को मोहब्बत अच्छी लगती है। उन्होंने कहा कि यह गरीब जनता की शक्ति की जीत है। कर्नाटक में एक तरफ क्रोनी कैप्टलिस्ट'(सांठगांठ करने वाले पूंजीपतियों) की ताकत थी, दूसरी तरफ गरीब जनता की शक्ति, इस शक्ति ने क्रोनी कैप्टलिस्ट की ताकत को हरा दिया।

---

# सीबीएसई 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित, लड़कियां फिर चमकीं

- 10वीं में 93.12 प्रतिशत और 12वीं में 87.33 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण
- बोर्ड ने मेरिट सूची प्रकाशित नहीं करने की घोषणा की
- प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी देना भी बंद किया

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। 10वीं की परीक्षा में 93.12 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जबकि 12वीं में 87.33 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। बोर्ड ने साथ ही यह घोषणा भी की कि अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जाएगी। दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों से बेहतर रहा।

अधिकारियों ने कहा कि बोर्ड ने साथ ही छात्रों को अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी देना भी बंद करने का फैसला किया है। 10वीं और 12वीं दोनों परीक्षाओं में लड़कियों ने हर बार की तरह एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया। 10वीं कक्षा में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.25 रहा, वहीं लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.27 रहा। 12वीं कक्षा में भी लड़कियों की उत्तीर्ण दर छह प्रतिशत अधिक रही।

उत्तीर्ण छात्रों की संख्या कमः सीबीएसई 10वीं में उत्तीर्ण हुए छात्रों की संख्या पिछले साल की तुलना में 1.28 प्रतिशत कम है जबकि 12वीं में यह संख्या पिछले साल के मुकाबले 5.38 फीसदी कम है। 10वीं में पिछले साल उत्तीर्ण प्रतिशत 94.40 था। 10वीं में 1.34 लाख और 12वीं में 1.25 लाख से अधिक विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में विद्यार्थियों के पास होने का प्रतिशत कोरोना महामारी फैलने से पहले 2019 के 83.40 प्रतिशत से अधिक है। पिछले साल सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 92.71 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए थे।

**मेरिट प्रमाणपत्र जारी होंगेः** अधिकारी ने बताया कि सीबीएसई द्वारा कोई मेरिट सूची घोषित नहीं की जाएगी। हालांकि, बोर्ड उन 0.1 प्रतिशत छात्रों को मेरिट प्रमाणपत्र जारी करेगा, जिन्होंने विभिन्न विषयों में उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं। सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 16.60 लाख से अधिक छात्र बैठे थे। त्रिवेंद्रम क्षेत्र में सबसे अधिक 99.91 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जबकि प्रयागराज क्षेत्र में सबसे कम 78.05 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए। 1.25 लाख से अधिक विद्यार्थियों को कम्पार्टमेंट की श्रेणी में रखा गया है।

**10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से**

सीबीएसई ने शुक्रवार को घोषणा की कि अगले साल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी, 2024 से शुरू होंगी। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने यह घोषणा की। शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक कैलेंडर में तालमेल बैठाने और छात्रों को प्रवेश परीक्षा की तैयारी की सुविधा प्रदान करने के लिए परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा पहले करने का निर्णय लिया है।

**तीन लाख विद्यार्थियों को मिले 90 प्रतिशत से अधिक अंक**

सीबीएसई द्वारा शुक्रवार को घोषित बोर्ड परीक्षा के नतीजों के मुताबिक 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 3.08 लाख विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 66 हजार रही। नतीजों के मुताबिक 12वीं कक्षा में एक लाख 12 हजार 838 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 22 हजार 622 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे। परिणाम के मुताबिक 10वीं कक्षा में एक लाख 95 हजार 799 विद्यार्थी, 90 या इससे अधिक प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए जबकि 44 हजार 297 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

### कर्नाटक जीत पर कांग्रेस को मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को कर्नाटक विधानसभा चुनावों में मिली जीत पर बधाई दी है और उसे लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शुभकामनायें दी हैं। श्री मोदी ने ट्विटर पर कहा, कांग्रेस पार्टी को कर्नाटक विधानसभा चुनावों में उनकी जीत पर बधाई।


एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोन:
8888883968,
9811111715



एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन ने कर्नाटक चुनाव परिणाम का स्वागत किया

**पटना, एजेंसी।** बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के शानदार जीत का शनिवार को जश्न मनाया। महागठबंधन में जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ-साथ कांग्रेस भी महत्वपूर्ण गठबंधन सहयोगी है।

दशकों से प्रदेश में कांग्रेस मुख्यालय के रूप में काम कर रहे ऐतिहासिक सदाकत आश्रम परिसर में जश्न का माहौल दिखा। कर्नाटक में पार्टी को मिली शानदार जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ता यहां ढोल बजा रहे हैं, मिठाइयां बांट रहे हैं।

कांग्रेस के विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा ने कहा, परिणाम दिखाते हैं कि बजरंग बली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नाराज हो गए हैं और कांग्रेस को आशीर्वाद दिया है। भ्रष्टाचार के मुद्दे को गौण करने और धार्मिक आधार पर वोटों के ध्रुवीकरण का भाजपा का प्रयास उल्टा पड़ा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में शर्मनाक हार के बाद अब भाजपा को अगले साल लोकसभा चुनाव में विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। वह विपक्ष की भूमिका बेहतर निभाती है। लेकिन



सत्ता में आने पर हमेशा लड़खड़ा जाती है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) भी इस खुशी में शामिल है। पार्टी इस बात को लेकर भी उत्साहित है कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करके नीतीश राष्ट्रीय भूमिका में आ रहे हैं, हालांकि बिहार के मुख्यमंत्री ने स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानने से इंकार कर दिया है। जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने ट्वीट किया है, कर्नाटक में भाजपा ने हर हथकंडा अपना लिया यहां तक कि साम्प्रदायिक कार्ड भी जमकर खेला। प्रधानमंत्री ने भी इस स्तर पर उतर कर चुनाव प्रचार किया जो उनकी कद को शोभा नहीं देता है। लेकिन कर्नाटक में भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के आगे सभी हथकंडे विफल रहे और राज्य अब भाजपा मुक्त होने वाला है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय में भाजपा कर्नाटक और दिल्ली नगर निगम की सत्ता से बाहर हुई है। इस साल मध्य प्रदेश भी भाजपा मुक्त होना चाहिए और 2024 में देश भी, बस इंतजार करें। महागठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने एक बयान में कहा, कर्नाटक का जनादेश स्पष्ट संदेश दे रहा है लोकसभा चुनाव के बाद, संभवतः नये प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नई सरकार का गठन।

वरिष्ठ समाजवादी नेता ने इसपर भी जोर किया कि यह भाजपा से ज्यादा नरेन्द्र मोदी की हार है जिन्होंने रात-दिन एक करके चुनाव प्रचार किया। जिस तरह से उन्होंने बजरंग बली के नाम की माला जपी वह दिखाता है कि उन्हें अपने पद की गरिमा की जरा भी फिक्र नहीं है। शिवानंद तिवारी ने कहा, कर्नाटक का चुनाव परिणाम साक्ष्य है कि बजरंग बली का नाम लेकर, बोगेश्वर बाबा का आशीर्वाद पाकर और हनुमान चालीसा तथा मंदिरों की घंटियों के शोर में गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे को दबाकर चुनाव नहीं जीता जा सकता। इस बीच बागेश्वर के कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार सुबह पटना पहुंचे। हवाई अड्डे पर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मनोज तिवारी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। तिवारी जहां शास्त्री के वाहन को चला कर ले गये वहीं गिरिराज सिंह ने महागठबंधनपर आरोप लगाया कि वह अपने वोट बैंक की तुष्टि के लिए उनकी पटना यात्रा का विरोध कर रहे हैं।

गौरतलब है कि राज्य के पर्यावरण मंत्री तेजप्रताप यादव ने हवाई अड्डा पहुंचने पर कथावाचक का घेराव करने की धमकी दी थी वहीं राज्य के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर ने आगाह किया था कि यदि बाबा ने शांति भंग करने वाला कोई बयान दिया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिहार के बेगूसराय सीट से सांसद गिरिराज सिंह ने कहा, हिन्दू राष्ट्र की बात कह कर बाबा ने क्या गलत किया है? अगर हिन्दुओं को अपनी ही मातृभूमि पर आवाज नहीं मिलेगी तो वह कहां जाएंगे? हिन्दुओं की जनसंख्या 80 प्रतिशत है और जनांकीकीय बदलावों के कारण उनका भविष्य धुंधला लग रहा है।

## द्रविड़ क्षेत्र से भाजपा का सफाया हो गया :स्टालिन ; कांग्रेस नेताओं को बधाई दी

**चेन्नई, एजेंसी।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्रविड़ क्षेत्र में सत्ता से बाहर हो गई। साथ ही, उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिए समान विचारधारा वाले दलों को एकजुट होना चाहिए।

द्रविड़ क्षेत्र में दक्षिण भारत के पांच राज्य-कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल-आते हैं। स्टालिन ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सिद्धरमैया और डी.के. शिवकुमार को बधाई दी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं से फोन पर बात की। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर किये गये एक पोस्ट में कहा, द्रविड़ परिवार की भूमि भाजपा से मुक्त हो गई। अब हम सभी को भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान को बहाल करने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के वास्ते एकजुट होना चाहिए। उन्होंने इस शानदार जीत के लिए कांग्रेस पार्टी को बधाई देते हुए कहा, राहुल गांधी को अनुचित तरीके से संसद की सदस्यता से अयोग्य किये जाने, शीर्ष जांच एजेंसियों का राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ इस्तेमाल किये जाने, हिंदी भाषा को थोपा जाना, भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कर्नाटक के लोगों ने मतदान किया। उन्होंने भाजपा की बदले की राजनीति को उपयुक्त जवाब देकर कन्नडिगा सम्मान को कायम रखा। एमडीएमएके महासचिव वाइको ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने भाजपा को उसकी सांप्रदायिक राजनीति के लिए माकूल सबक सिखाया है। राज्यसभा सदस्य वाइको ने कहा,ह्यह्यकर्नाटक को हिंदुत्व की प्रयोगशाला में तब्दील कर दिया गया था, मुस्लिमों के लिए आरक्षण खत्म कर दिया गया था।

मक्कल निधी मैयम प्रमुख कमल हासन ने भी राहुल को कर्नाटक में कांग्रेस को मिली जीत को लेकर बधाई दी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, गांधीजी (महात्मा गांधी) की तरह ही आपने लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली और उन्होंने जैसे किया था, आपने भी अपने सौम्य तरीके से यह प्रदर्शित किया कि आप विश्व को प्रेम और मानवता के साथ झकझोर सकते हैं। अपनी वाहवाही किये बगैर आपके विश्वसनीय रुख ने लोगों को राहत दी। उन्होंने कहा, आपने विभाजनकारी ताकतों को खारिज करने के लिए कर्नाटक के लोगों पर विश्वास किया, जिन्होंने बदले में आप पर विश्वास जता कर एकजुटता से जवाब दिया। सिर्फ जीत के लिए ही नहीं, बल्कि आपकी जीत के तरीके के लिए भी बधाई।

## शहबाज ने सेना प्रमुख के खिलाफ इमरान के आरोपों की निंदा की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर के खिलाफ पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के आरोपों की निंदा की है। जिओ न्यूज के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि इमराम की टिप्पणी उनकी ओछी सोच का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह 9 मई को हुई दुःखद घटनाओं के मास्टरमाइंड का कबूलनामा था।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह वही मानसिकता थी जिसने देशभक्त सैन्य अधिकारियों पर अपनी हत्या के झूठे आरोप लगाए और विदेशी साजिश की मनगढ़ंत कहानियां गढ़ीं। शरीफ ने पीटीआई प्रमुख की आलोचना करते हुए कहा, यह आतंकवादियों के राज्य विरोधी मास्टरमाइंड के वास्तविक इरादों की अभिव्यक्ति है। यह एक स्वीकारोक्ति है कि 9 मई को जो



कुछ भी हुआ वह इमरान नियाजी के निर्देश पर किया गया था। उन्होंने कहा कि खान के बयान ने शहीदों और गाजियों के स्मारकों को अपवित्र करने और संवेदनशील प्रतिष्ठानों और इमारतों पर हमले करने की उनकी योजना को साबित कर दिया।

जियो न्यूज के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि सेना प्रमुख के खिलाफ खान का गुस्सा खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, फराह गोगी और पीटीआई के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा किए गए सबसे खराब भ्रष्टाचार के बारे में उनके डर से उपजा है, जिसे जनरल मुनीर पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के महानिदेशक के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान जानते थे। शरीफ ने कहा, कि उच्च अलंकृत जनरल सैयद असीम मुनीर की उनके अधीनस्थों के बीच बहुत प्रतिष्ठा थी। योग्यता के आधार पर उनकी नियुक्ति हुई थी। उन सिर्फ गलत इरादे से आरोप लगाया गया था।

## कोलकाता में ममता बनर्जी से मिले सलमान खान

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के एक कार्यक्रम में परफॉर्म करने पहुंचे मशहूर फिल्म अभिनेता सलमान खान ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के घर जाकर उनसे मुलाकात की। कालीघाट स्थित सीएम आवास पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने आवास के दरवाजे पर सलमान खान का इंतजार कर रही थीं।

शाम 4:00 बजे के करीब कड़ी सुरक्षा के बीच सलमान खान सीएम आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने



उत्तरीय ओढ़ाकर सलमान खान का स्वागत किया। मुख्यमंत्री आवास के पास बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हुए थे जिन्हें बांस के घेरे के चारों तरफ रोका गया था। सीएम ने भीड़ की तरफ इशारा किया, जिसके बाद सलमान ने लोगों का अभिवादन किया। लोग उनका वीडियो बना रहे थे।

सलमान ने भी कंधा पकड़ कर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उसके बाद ममता बनर्जी उनका हाथ पकड़ कर अपने घर के अंदर ले गईं। सूत्रों ने बताया कि सीएम ने सलमान को बंगाल की मशहूर मीठी दही और रसगुल्ले खिलाए। दोनों के बीच करीब 25 मिनट तक मुलाकात चली है।

## अरब क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी बढ़ाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना अरब क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाएगी। अरब क्षेत्र की समुद्री सीमा में ईरान द्वारा कई व्यापारिक जहाजों का उत्पीड़न किये जाने का मामला सामने आने के बाद अमेरिका ने यह फैसला किया है। पिछले दो वर्ष में खाड़ी से गुजरने वाले 15 अंतरराष्ट्रीय जहाजों का उत्पीड़न हुआ या फिर उन पर हमला किया गया। इन स्थितियों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया गया है। आरोप है कि बीते महीने ईरान की नौसेना ने पनामा के एक व्यापारिक जहाज को जब्त कर लिया था, जिसे लेकर काफी तनाव बढ़ गया था। उससे पहले भी ईरान ने मार्शल आइलैंड के एक तेल के टैंकर को जब्त कर लिया था।

इस पर अमेरिका ने सख्त रुख अख्तियार किया गया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि रक्षा विभाग खाड़ी में अपनी रक्षात्मक क्षमता को मजबूत करने की योजना बना रहा है। इसके लिए क्षेत्रीय ताकतों के साथ मिलकर सहयोग और समन्वय बढ़ाया जाएगा। अब अमेरिका ने बहरीन स्थित अमेरिकी नौसेना की पांचवीं फ्लीट के माध्यम से पेट्रोलिंग बढ़ाने का फैसला लिया है। अमेरिका की पांचवीं फ्लीट के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने अपने बयान में कहा कि ईरान गैरजिम्मेदार तरीके से व्यापारिक जहाजों का उत्पीड़न और उन्हें जब्त कर रहा है और इसे रोका जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सीमा में नेवीगेशन और जहाजों की आवाजाही किसी भी दबाव से मुक्त होनी चाहिए।

## बलूचिस्तान बना सुरक्षा बलों के लिए चुनौती

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सशस्त्र बलों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से एक चुनौती बना हुआ है। वहां सुरक्षा बलों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। सशस्त्र बल आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन (आईबीओ) पर जोर दे रहे हैं। बलूचिस्तान, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) जैसे आतंकवादी संगठनों का केंद्र रहा है, जिसकी प्रांत के उत्तरी क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति है।

ग्वादर बंदरगाह और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) मार्ग के कारण भी बलूचिस्तान आकर्षण का केंद्र है, जिसकी सुरक्षा पाकिस्तानी सेना द्वारा सुनिश्चित की जाती है। सीपीईसी रूट और ग्वादर पोर्ट पहले भी आतंकी हमलों का निशाना रहे हैं, जिसमें कई विदेशी नागरिकों की जान भी गई है।

बलूचिस्तान की संवेदनशील स्थिति भी स्थापित की जा सकती है। क्योंकि यह अफगानिस्तान से चमन और नए खुले स्पिन बोल्डक-चमन के माध्यम से दोनों देशों के बीच व्यापार के लिए जुड़ा हुआ है। हालांकि, झरझरा सीमा सीमांकन में बदमाशों और आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही और सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी की कई घटनाएं देखी गई हैं। जहां एक ओर अफगानिस्तान के साथ खतरनाक सीमा रेखा बड़ी चुनौती पेश करती है, वहीं पाक-ईरान सीमा पर भी



पूर्व में सीमा पार से गोलीबारी की घटनाएं होती रही हैं। पाकिस्तान-ईरान सीमा सैकड़ों-हजारों शिया तीर्थयात्रियों के आवागमन का एक मार्ग भी है, जो हर साल ईरान जाते हैं। बलूचिस्तान निस्संदेह पाकिस्तान का सबसे उपेक्षित प्रांत है, क्योंकि बुनियादी सुविधाओं, पानी और आश्रय की कमी अभी भी यहां के स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। हाल ही में आई बाढ़ ने पाकिस्तान को प्रभावित किया और देश के कम से कम 2/3 हिस्से को नुकसान पहुंचाया। बलूचिस्तान सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि बलूचिस्तान, पाकिस्तान के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। अफगानिस्तान और ईरान के साथ झरझरा इलाका पाकिस्तान सरकार और उसके सुरक्षा बलों के लिए इस क्षेत्र में स्थिरता और शांति सुनिश्चित करने को और भी चुनौतीपूर्ण बना देता है।

## टैगोर ने संस्कृति, विज्ञान के संगम का विचार दिया: मीनाक्षी लेखी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखा ने 'विश्व भारती' को यूनेस्को द्वारा विश्व की धरोहर के रूप मान्यता दिये जाने को गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर को श्रद्धांजलि बताया है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल स्थित विश्व भारती विश्वविद्यालय कोई प्रसिद्ध इमारत या जगह मात्र नहीं है, बल्कि वह विचार और दर्शन है, जो हम भारतीयों में चरित्र और मूल्यों की स्थापना करता है। वह शुक्रवार को राजधानी में एसजीटी यूनिवर्सिटी और संरचना फाउंडेशन के सहयोग से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) द्वारा आयोजित रवींद्र जयंती समारोह के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। लेखी ने इस अवसर पर आईजीएनसीए द्वारा विकसित विज्ञान वैभव पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल पचहत्तर भारतीय वैज्ञानिकों को समर्पित है।

कार्यक्रम में अतिथि वक्ता एवं विदेश मंत्रालय की पूर्व सचिव रीवा गांगुली दास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक गौतम डे, प्रसिद्ध बांग्ला अभिनेता




रुद्रनील घोष और प्रोफेसर एसजीटी युनिवर्सिटी के कुलपति ओ पी कालरा, आईजीएनसीए के सदस्य सचिव प्रो (डॉ) सच्चिदानंद जोशी और अकादमिक विभाग के डीन तथा सीआईएल प्रभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रतापानंद झा की भी थे।

लेखी ने कहा कि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर के विचारों और दर्शन ने भारत का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि टैगोर ने संस्कृति और विज्ञान का संगम प्रदान किया और उन आदर्शों को विश्व भारती विश्वविद्यालय ने आगे बढ़ाया है।

## भावुक हुए शिवकुमार - जीत के बाद दिया बीजेपी के खिलाफ बड़ा बयान


**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस के कर्नाटक अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार कनकपुरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के आर अशोक को 76,408 वोटों से हराकर भावुक हो गए। पत्रकारों को संबोधित करते हुए, शिवकुमार ने कहा कि बीजेपी ने एक साजिश रची थी और मुझे जेल जाने या बीजेपी में शामिल होने का विकल्प दिया था। मैंने जेल जाने का विकल्प चुना। सोनिया गांधी ने मुझसे तिहाड़ जेल में मुलाकात की, उन्होंने मुझ पर



इतना विश्वास किया। शिवकुमार अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और बोलते-बोलते रोने लगे। उन्होंने कहा, मैंने वादा किया था। मैंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से राज्य में जीत हासिल करने का अपना वादा निभाया है।

शिवकुमार ने कर्नाटक के मतदाताओं को कांग्रेस को बहुमत देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, यह जीत पार्टी कार्यकताओं और नेताओं के प्रयासों के कारण संभव हो पाई है। यह सफलता किसी एक व्यक्ति से नहीं मिली है। मैं विपक्ष के नेता सिद्धारमैया और अन्य को बधाई देता हूं।

## होंडुरस की चीन मुक्त व्यापार वार्ता की योजना



**सैन सल्वाडोर, एजेंसी।** मध्य अमेरिका का देश हौण्डुरस के विदेश मंत्री एनरिक रीना ने कहा कि चीन से राजनयिक संबंध स्थापित करने के दो महीने बाद उनका देश उसके साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत की योजना बना रहा है। रीना ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की थी, "हम जल्द ही चीन के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत की प्रक्रिया भी शुरू करेंगे, जो हमारे उत्पादों तक पहुंच के लिए अच्छी खबर और अवसर भी होगा।" उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से होडुरन के उत्पादों को चीन के बाजार में उतारेंगे, जिसमें कॉफी पहला उत्पाद होगा और बाद में झींगा, तंबाकू और बीफ जैसे उत्पादों को उतारा जाएगा। चीनी विदेश मंत्री किन गैंग ने मार्च के अंत में अपने होंडुरन समकक्ष, एनरिक रीना के साथ बीजिंग में मुलाकात की थी। इस दौरान, दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना पर एक संयुक्त विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर किए। उसी समय, हौण्डुरस विदेश मंत्रालय ने घोषणा की थी कि उसने ताइवान के साथ राजनयिक संबंध तोड़ लिए हैं।

## एक नजर

### इजरायल हमले में गाजा अस्पताल क्षतिग्रस्त

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल के हवाई हमले में गाजा का एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया। फिलीस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी इमारत को निशाना बनाकर किए गए हमलों ने अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों के साथ-साथ आगंतुकों और चिकित्सा कर्मियों की जान जोखिम में डाल दी। इस चिकित्सा सुविधा में नुकसान दर्ज किया गया है। इजराइल ने मंगलवार की रात गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले करते हुए शील्ड एंड एरो ऑपरेशन शुरू किया। इजरायल रक्षा बलों के अनुसार, जवाब में, फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के उग्रवादियों ने इजरायल पर 500 से अधिक रॉकेट दागे। ताजा संघर्ष में कम से कम एक इजरायली और 30 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है।

फि लिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2023 की शुरूआत से फि लिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइली अभियानों के परिणामस्वरूप 139 फि लिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से 25 गाजा पट्टी में मारे गए हैं।

### फ्रांस की पुलिस ने लगाई पेरिस में दक्षिणपंथी रैलियों पर रोक

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस की पुलिस ने सप्ताह के अंत में पेरिस में होने वाले दक्षिणपंथी समूहों के पांच प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक सप्ताह पहले हुयी इस तरह की रैली को लेकर यहां सार्वजनिक रूप से गरमा गरम बहस शुरू हो गयी थी। पुलिस ने एक बयान में कहा , "पुलिस प्रशासन शनिवार, 13 मई और रविवार, 14 मई, 2023 को पेरिस में आयोजित होने वाले कई कार्यक्रमों पर रोक लगाता है।" यह आदेश बिगड़ती जीवन स्थितियों के विरोध में प्लेस डी'आर्म्स द्वारा बुलाए गए मार्च को प्रतिबंधित करता है। पुलिस ने प्रतिबंध के कारणों के रूप में सार्वजनिक व्यवस्था के अपराधों के जोखिम, घृणा को उकसाने, राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा और नव-नाजी 9 मई समिति द्वारा आयोजित एक प्रदर्शन से उत्पन्न विवाद का हवाला दिया। फ्रांस के अतिराष्ट्रवादी नेता सेबेस्टियन की 1994 में मौत की याद में पिछले शनिवार को सैकड़ों काले-पहने प्रदर्शनकारी पेरिस की सड़कों पर उतरे। आंतरिक मंत्री जेरार्ड डर्मैनिन ने कहा कि उन्होंने पुलिस प्रमुखों से ऐसी रैलियों को फिर से होने से रोकने के लिए कहा है।

### जापान में कार दुर्घटना में पांच लोग घायल

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के आइची प्रांत के इनाजावा शहर में एक सुपरमार्केट में कार दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने कहा कि दुर्घटना शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 9:30 बजे उस समय हुई, जब एक कार अपने यथास्थान पर जा रही थी उसी दौरान, एक कार अनियंत्रित होकर सुपरमार्केट के प्रवेश द्वार पर रैक से टकराकर स्टोर में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में करीब पांच लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त दुकान के अंदर मौजूद एक महिला के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

### भाजपा मुक्त हुआ कर्नाटक : ललन

**पटना, एजेंसी।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम पर आज कहा कि इस जनादेश से कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुक्त हो गया। श्री सिंह ने शनिवार को चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में फायदा लेने के लिए भाजपा ने सभी हथकंडा को आजमाया। धार्मिक उन्माद चरम सीमा पर पहुंचाकर चुनाव प्रचार किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो पद की गरिमा के विरुद्ध प्रचार किया लेकिन वहां की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के सामने सब फेल हुआ और कर्नाटक आज भाजपा मुक्त हुआ। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह देश के लिए एक बड़ा संदेश है। उन्होंने कहा कि इसके पहले विधानसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश भाजपा मुक्त हुआ था और फिर दिल्ली नगर निगम से भी भाजपा मुक्त हुआ। इसी साल मध्यप्रदेश भी भाजपा मुक्त होगा और 2024 के लोकसभा चुनाव में तो देश का भाजपा मुक्त होना तय है।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कई मंत्रियों की हार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के कई निवर्तमान मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष चुनाव हार गये। विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी के अलावा बी. श्रीरामुलु, के सुधाकर, जे. सी. मधुस्वामी, गोविंद करजोल, एम. टी. बी नागराज और के. सी. नारायण गौड़ा को हार का सामना करना पड़ा। सिरसी सीट पर कागेरी कांग्रेस के भीमन्ना नाइक से चुनाव हार गये। परिवहन मंत्री श्रीरामुलू को बेल्लारी सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार बी. नागेंद्र ने लगभग 29,300 मतों से हराया। चिक्कबल्लापुरा सीट पर स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर को कांग्रेस के उम्मीदवार प्रदीप ईश्वर ने पराजित किया, जबकि चिकनैकानाहल्ली सीट पर कानून और संसदीय मामलों के मंत्री जे. सी. मधुस्वामी को जद (एस) के उम्मीदवार सी. बी सुरेश बाबू ने हराया।

### कर्नाटक चुनाव : जद (एस) उम्मीदवार स्वरूप प्रकाश ने हासन सीट भाजपा से छीनी

**हासन, एजेंसी।** जनता दल (सेक्युलर) के नेता स्वरूप प्रकाश ने शनिवार को हासन सीट पर 8,895 मतों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए भाजपा से यह सीट छीन ली। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, प्रकाश को 84,005 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार प्रीतम जे. गौड़ा को 75,110 मत मिले। वहीं, कांग्रेस के उम्मीदवार बी. रंगास्वामी 4,241 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### बीजद की दीपाली दास ने झारसुगुडा विस उपचुनाव में जीत दर्ज की

**भुवनेश्वर, एजेंसी।**ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने शनिवार को झारसुगुड़ा विधानसभा सीट बरकरार रखी, क्योंकि उसकी उम्मीदवार दीपाली दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टंकधर त्रिपाठी को 48,721 मतों से हराया। यह जानकारी एक निर्वाचन अधिकारी ने दी। एक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दास को कुल 1,07,198 वोट मिले, जबकि त्रिपाठी को 58,477 वोट मिले। अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार तरुण पांडेय 4,496 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। दीपाली ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की बेटी हैं, जिनकी जनवरी में एक पुलिस अधिकारी द्वारा कथित तौर पर हत्या कर देने से इस सीट पर उपचुनाव कराना जरूरी हो गया था। नब किशोर दास ने 2019 के आम चुनावों में यह सीट 45,740 मतों के अंतर से जीती थी।

### कोलकाता आ रहे हैं मॉरिशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन

**कोलकाता।** मॉरिशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन अपनी पत्नी के साथ तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को कोलकाता आ रहे हैं। अपने कोलकाता दौरे में वह प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दक्षिणेश्वर मंदिर और बेलूर मठ जाएंगे। इस दौरान वे कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट में मजदूरों की एक स्मारक में भी जायेंगे। इस दौरान डॉ. स्वप्न दासगुप्ता (इंडिया फाउंडेशन की गवर्निंग काउंसिल और खोला हवा के अध्यक्ष), सुशील मोदी (बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और गवर्निंग काउंसिल, इंडिया फाउंडेशन के सदस्य), पृथ्वीराज सिंह रूपन के सम्मान में स्वागत समारोह और रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।

# सफदरजंग हॉस्पिटल में डिजिटल ओपीडी काउंटर की हुई शुरूआत, मिलेगी लंबी लाइन से निजात

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** राजधानी के सफदरजंग अस्पताल में मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए डिजिटल ओपीडी की शुरूआत कर दी गई है। यहां साइकेट्री डिपार्टमेंट के लिए एक नया डिजिटल ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर खोल दिया गया है। अस्पताल के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. बीएल शेरवाल ने साइकेट्री डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज वर्मा एवं सभी अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षकों की उपस्थिति में डिजिटल ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर एमएस डॉ. बीएल शेरवाल ने कहा कि अस्पताल में मरीजों का भारी दबाव है, जिसके कारण बेड्स के लिए उन्हें काफी परेशान होना पड़ता है। ओपीडी में भी सभी मरीज डॉक्टरों को दिखा नहीं पाते हैं। एसलिए अस्पताल में डिजिटल ओपीडी शुरू करने का विचार आया। इसकी शुरूआत सबसे पहले साइकेट्री डिपार्टमेंट में की गई है। यहां मरीजों को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।

मरीजों का रिकॉर्ड रखना होगा आसानः सफदरजंग अस्पताल के साइकेट्री डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया की तर्ज पर हमारा अस्पताल भी डिजिटल हो रहा है। हमारे विभाग के ओपीडी सिस्टम को सेंट्रली डिजिटाइज्ड करने के लिए डिजिटल ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर की शुरूआत की गई है। इससे मरीजों का रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था बहुत अच्छी हो गई है। हमारे विभाग में हर दिन लगभग 50-60 नए मरीज और 200-300 पुराने मरीज आते हैं। सुबह की ओपीडी में केवल वयस्क मरीजों को ही देखा जाता है। वहीं सप्ताह के तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दोपहर 2-4 बजे बच्चों के लिए विशेष ओपीडी चलाई जाती है, जिसमें औसतन 15 नए मरीज और 40 पुराने मरीज आते हैं। इसमें सोमवार को नशा छुड़ाने, बुधवार को बच्चों के गाइडेंस क्लीनिक और शुक्रवार को यौन शोषण से जुड़े मामलों को देखा जाता है।

नए काउंटर पर नए मरीजों का होगा रजिस्ट्रेशनः वहीं विभाग के एसआर डॉ. गणेश मीणा ने बताया कि सफदरजंग अस्पताल में लगभग 18 कॉमन ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर है। इसके अलावा हर स्पेशिएलिटी सेवा के लिए संबंधित विभाग में ही रजिस्ट्रेशन हो जाती है। ऐसे ही साइकेट्री डिपार्टमेंट में भी मरीजों का अलग से रजिस्ट्रेशन किया जाता है। यहां जो मरीज इलाज के लिए आते हैं उनके लिए पहले एक ही रजिस्ट्रेशन काउंटर था, जिसके कारण मरीजों को ओपीडी कार्ड के लिए लंबी कतार में लगना पड़ता था। लेकिन अब एक और नया डिजिटल काउंटर खुलने से मरीजों को ओपीडी कार्ड बनवाने में सुविधा होगी।

उन्होंने यह भी बताया कि सामान्य तौर पर साइक्रेट्री डिपार्टमेंट में लंबा इलाज चलता है। अभी तक इस विभाग में केवल एक ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर होने के कारण मरीजों को लंबे समय तक काउंटर पर इंतजार करना पड़ता था। लेकिन अब दो काउंटर होने से मरीजों का दबाव थोड़ा कम होगा और उन्हें रजिस्ट्रेशन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि नए काउंटर पर नए मरीजों का ओपीडी रजिस्ट्रेशन कार्ड बनेगा और पुराने काउंटर पर पुराने मरीजों का फॉलोअप रजिस्ट्रेशन होगा।

# यूपी में 'आप' की एंट्री

## संजय सिंह ने जीती हुई सीटों को लेकर किया ये बड़ा ऐलान

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का कारवां, दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पूरे देश में बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव का नतीजा हमारे लिए काफी उत्साहजनक है। यूपी में आप की शानदार एंट्री हुई है। हमने चुनाव में काम की बात की, दिल्ली में बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे कार्यों की चर्चा की। जाति धर्म की कोई बात नहीं की, और इसके बाद जनता ने हमें जिताया है।

दरअसल, प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संजय सिंह ने कहा कि रामपुर में आप प्रत्याशी 12 हजार वोटों से चुनाव जीती हैं, कौशांबी जो केशव मौर्या का क्षेत्र हैं, वहां से और अलीगढ़ से नगरपालिका परिषद के हमारे उम्मीदवार जीते हैं। इसके अलावा, बरसाना, बिजनौर, अमरोहा के जोहा जैसी सीटों से हमारे नगर पालिका परिषद के उम्मीदवार जीते हैं। कई जगह हमारे समर्थित उम्मीदवार चुनाव जीते हैं। सभासदों और पार्षदों में हमने 100 का आंकड़ा छुआ है।

वहीं, आप नेता संजय सिंह ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी, कांग्रेस पार्टी से ज्यादा वोट हमें मिले, ज्यादा सीटें हमें मिलीं। अब तक कहा जाता था कि यूपी में तो लोग आप को वोट देते नहीं हैं, वहां तो जाति धर्म के नाम पर चुनाव होता है। लेकिन लोगों ने इस बात को इस बार गलत साबित किया है। हम नगर पालिका के जरिए यूपी में भी अच्छा काम करेंगे। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने कल हमें और जीते हुए सभी को बधाई दी। यूपी की सभी इकाइयों को आने वाले दिनों में एक्टिव किया जाएगा। जल्द ही यूपी में अरविंद केजरीवाल का एक कार्यक्रम होगा, जिसके जरिए वे यूपी की जनता का धन्यवाद करेंगे।

## एक नजर

### आबकारी घोटाला के सीबीआई मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 2 जून तक बढ़ी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 2 जून तक बढ़ा दिया है। कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर सुनवाई की तिथि भी 2 जून को नियत कर दिया। आज मनीष सिसोदिया की इस मामले में न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने 25 अप्रैल को इस मामले में दिल्ली में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को भी आरोपित किया है। पूरक चार्जशीट में मनीष सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को भी आरोपित किया गया है। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

### दिल्ली के तिहाड़ जेल में टिल्लू ताजपुरिया के साथी बंटी ने खुद को मारी गोली




एनसीआर समाचार

दिल्ली के तिहाड़ जेल में टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के बाद बाकि के गैंग में डर का माहौल है। इसी डर की वजह से टिल्लू गैंग के ही एक सदस्य ने खुद को मौत के हवाले कर दिया। बता दें कि, गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया के शार्प सूटर अमित धवन के भाई मोहित उर्फ बंटी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बंटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**खून में सना पहुंचा अस्पताल**

दिल्ली की तिहाड़ जेल में टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के बाद उसके शार्प सूटर और सभी सहयोगी काफी डरे हुए हैं। गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया के ही सहयोगी के भाई जिसकी उम्र 25 वर्ष थी, उसने आत्महत्या कर ली। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी उसके परिवार के सदस्यों को दी। कल जब अचानक सबने गोली चलने की आवाज सुनी तो वहां पहुंचे और पहुंचकर देखा कि, बंटी ने खुद को सूट कर लिया है। उसे मृत अवस्था में ही अस्पताल ले जाया गया जहां उसका पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

### जेईई एडवांस पंजीकरण का समय बढ़ाने की मांग

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** जेईई एडवांस के कई उम्मीदवारो ने तकनीकी दिक्कतों के चलते रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाने की शिकायत करते हुए अतिरिक्त समय देने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए बहुत सीमित समय दिया गया। पंजीकरण के लिए 30 अप्रैल से 7 मई शाम 5 बजे तक का समय दिया गया है। छात्रों का कहना है कि अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, आईआईटी गेट, नीट आदि की तुलना में यह समय काफी कम है। छात्रों का कहना है कि छात्रों को दिए गए सीमित समय में से 2 दिन (6 और 7 मई) तक आईआईटी गुवाहाटी द्वारा जारी छात्र हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध नहीं था। छात्रों का कहना है कि उन्होंने उस समय तुरंत मेल भी लिखा था, लेकिन पंजीकरण का नियत समय बीतने के बाद जवाब दिया गया। छात्रों का कहना है कि पिछले वर्षों के दौरान भी पंजीकरण प्रक्रिया का समय बढ़ाया गया था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा प्रक्रिया से वंचित होंगे।

### दिल्ली में सभी वार्ड में 'पिंक पार्क' की परिकल्पना: इकबाल

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर ए. मोहम्मद इकबाल ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सभी वार्ड में केवल महिलाओं के प्रवेश वाले 'गुलाबी पार्क' स्थापित करने के लिए स्थानों की पहचान करने पर काम शुरू हो गया है। इकबाल ने कहा कि इस विचार का उद्देश्य शहर में महिलाओं को कई सुविधाएं प्रदान करने के अलावा 'अधिक सुविधाजनक जगह' प्रदान करना है। उन्होंने कहा, हाल ही में, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ एक बैठक में, मैंने पुरानी दिल्ली में अपने वार्ड (चांदनी महल) में एक 'गुलाबी पार्क' का उदाहरण दिया और सुझाव दिया कि इस तरह के पार्क सभी वार्ड में स्थापित किए जा सकते हैं। इकबाल ने कहा कि बाद में नगर निगम के बागवानी विभाग की एक बैठक में उन्होंने प्रस्ताव दिया कि प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक ऐसा उद्यान होना चाहिए। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकार क्षेत्र में 250 वार्ड हैं। आप पार्षद इकबाल ने कहा कि प्रायोगिक परियोजना के तौर पर माता सुंदरी रोड पर एक 'गुलाबी पार्क' बनाया गया है और पार्क में आने वाली महिलाओं के साथ 10 साल तक के बच्चे भी जा सकते हैं। यही मॉडल अन्य वार्ड में भी अपनाया जाएगा। इन 'गुलाबी पार्क' में शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, जिम की सुविधा और दीवारों पर भित्तिचित्र होंगे ताकि महिलाओं को एक सुविधाजनक जगह मिल सके।

### कुकर्म मामले में समझौता करने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई

**नई दिल्ली।** नाबालिग बच्चे से कुकर्म किए जाने के मामले में आरोपी से पैसे लेकर समझौता किए जाने के प्रयास पर उच्च न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस तरह के गंभीर अपराध को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने पीड़ित बच्चे की मां और आरोपी के बीच दो लाख रुपये में समझौता किए जाने के प्रयास पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बच्चे के शारीरिक और मानसिक आघात को पैसे से ह्यतौला गया है, जो कि पूरी तरह अनुचित है। इस तरह के गंभीर अपराधों को न तो हल्के में लिया जाना चाहिए और न ही किसी तरह की नरमी बरती जा सकती है। बच्चे की मां से उम्मीद थी कि वह अपने नाबालिग बच्चे की पीड़ा और उसके आघात को समझेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। न्यायालय ने नाबालिग से कुकर्म के आरोपी साबुद्दीन को जमानत देने से इंकार करते हुए यह टिप्पणी की है। न्यायालय ने कहा कि इन परिस्थितियों में बच्चा बेजुबान महसूस करता है, लेकिन अदालत से बेजुबान को समझने और उसे सुनने की उम्मीद की जाती है। इस मामले के एक अन्य आरोपी भी नाबालिग है। आरोपी शाहबुद्दीन ने उच्च न्यायालय में जमानत की मांग करते हुए कहा कि उसका पीड़ित बच्चे की मां के साथ समझौता हो गया है।

# दिल्ली दंगा मामला : अदालत ने एसआई को जांच से हटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के साम्प्रदायिक दंगों से जुड़े मामले में अदालत ने लापरवाही और अनुचित आचरण के लिए एक पुलिस अधिकारी को जांच से हटा दिया है। अदालत ने जांच के मूल्यांकन के लिए मामले को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के पास भेज दिया है। इस मामले पर अगली सुनवाई 20 जुलाई की तारीख तय की गई है। कड़कड़डूमा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला की अदालत खजूरी खास थाने में कुछ लोगों के खिलाफ दंगा, चोरी, लूट और आगजनी समेत विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायाधीश ने इस मामले में पुलिस आयुक्त को उपनिरीक्षक विपिन कुमार द्वारा की गई जांच तथा तथ्यों की गलत जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को देने के उनके आचरण के मूल्यांकन का आदेश दिया है। इस मामले में 10 शिकायतें जोड़ी गई थीं और अदालत ने एक मई को प्रत्येक घटना के समय के साथ ही संबंधित सबूत देने के लिए पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) से जवाब मांगा था। अदालत ने मामले में जांच अधिकारी द्वारा की गई जांच के मूल्यांकन के लिए डीसीपी के पास भेजा है। न्यायाधीश ने 10 मई को सुनवाई के दौरान कहा था कि डीसीपी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने जांच अधिकारी से रिपोर्ट मांगी थी और यह सही नहीं पायी गई।

## डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की बढ़ी मुश्किलें

# दिल्ली पुलिस एसआईटी ने दर्ज किया बयान

एनसीआर समाचार

महिला कुश्ती पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें पहले से भी ज्यादा बढ़ गई है कि, दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और बृजभूषण सिंह को शुक्रवार को यानी कि आज एसआईटी के समक्ष पेश होने को कहा था और उनका बयान भी दर्ज किया गया।

बृजभूषण शरण सिंह दिल्ली पुलिस द्वारा गठित की गई एसआईटी के समक्ष अपना बयान रखा और मेरी जानकारी के मुताबिक इस बयान में ब्रिजभूषण ने आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया। एसआईटी ने बृजभूषण से कुछ दस्तावेज भी मांगे हैं।



बृजभूषण ने अपनी सफाई में पेश किए सबूत

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक डब्ल्यूएफआई चीफ के अलावा रब्ब्ळ ने कुश्ती महासंघ के सचिव विनोद तोमर के भी बयान दर्ज किए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक एसआईटी के सामने पास के सामने हुए इस पेशी के बाद बृजभूषण ने अपनी सफाई में कुछ वीडियो और मोबाइल का डाटा भी पेश किया हैं। पुलिस का कहना है कि, एसआईटी अभी आगे भी बृजभूषण से इस बारे में पूछताछ करेगी।

दिल्ली पुलिस महिला डीसीपी के नेतृत्व में काम करेगी एसआईटी

बता दें कि, महिला पहलवानों की शिकायत को लेकर दिल्ली पुलिस ने एसआईटी की गठन किया है और इसे साहित्य में 4 महिला पुलिसकर्मी समेत छह टीमों के साथ दिल्ली पुलिस की निगरानी में 10 लोगों की एक टीम गठित की गई है। इस एसआईटी का नेतृत्व एक महिला डीसीपी कर रही हैं।

# परिवार को न्याय दिलाने की मांग पर भाजपा ने प्रदर्शन किया

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** जीबी पंत अस्पताल में दुष्कर्म के बाद महिला की मौत के मामले में भाजपा ने आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार पर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को भाजपा ने मुख्यमंत्री आवास के पास प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने 15 दिन के अंदर पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इतने बड़े घटनाक्रम पर आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार के लोग चुप्पी साधे बैठे हैं। इससे पता चलता है कि पार्टी महिला के प्रति हो रहे अपराध को रोकने के प्रति कितनी गंभीर है। पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास के पास सभी सड़कों पर बैरिकेडिंग की थी। प्रदर्शन करने आए भाजपा नेता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष योगिता सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार हमेशा से महिला सुरक्षा की बात करती आ रही है, लेकिन यह सिर्फ उनकी राजनीति का एक हिस्सा है। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष भूपेंद्र गोठवाल ने कहा कि आप हमेशा से ही तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है।

# भाजपा को समझ लेना चाहिए कि उसके हथकंडे अब काम नहीं करते : केजरीवाल

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली जीत के लिए शनिवार को उसे बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यह समझ लेना चाहिए कि उसके हथकंडे अब काम नहीं करते।

केजरीवाल ने हालांकि, चुनावों में आप के निराशाजनक प्रदर्शन को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि एक समय आएगा जब वह कर्नाटक में भी जीतेगी।

निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, आप ने राज्य विधानसभा चुनाव में केवल 0.58 प्रतिशत वोट हासिल किया और एक भी सीट नहीं जीत सकी।

केजरीवाल ने पंजाब में जालंधर लोकसभा उपचुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवार सुशील रिंकू की जीत की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक और अभूतपूर्व करार दिया। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत पर टिप्पणी करने के लिए कहे जाने पर मुख्यमंत्री ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, उन्हें बधाई।

इसके साथ ही कर्नाटक में कांग्रेस ने 10 साल बाद अपने दम पर सत्ता में वापसी करते हुए भाजपा को राज्य की सत्ता से बाहर कर दिया है। कर्नाटक दक्षिण भारत में एकमात्र ऐसा राज्य था, जहां भाजपा सत्ता में थी।

निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के नवीनतम रुझानों के अनुसार, कांग्रेस ने कर्नाटक में सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है। कांग्रेस राज्य की 224 विधानसभा सीट में से 136 सीट पर या तो जीत दर्ज कर चुकी है या उसके उम्मीदवार बढ़त बनाये हुए हैं।

चुनाव से पहले राज्य में भाजपा द्वारा ध्रुवीकरण वाला प्रचार अभियान करने के बावजूद भाजपा को मिली हार पर केजरीवाल ने कहा, इसीलिए उन्हें समझ लेना चाहिए कि इस तरह के हथकंडे अब काम नहीं करते।

उन्होंने कहा, वे काम तो करते नहीं। बिना काम किए, उलटी-सीधी बात करते हैं। उससे कुछ नहीं होता है। आप के प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा, यह तो शुरूआत है। एक समय आएगा जब हम वहां (कर्नाटक में) और हर जगह जीतेंगे।

आप ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 209 विधानसभा सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे थे।

# जंतर मंतर पर पहलवानों का समर्थन करने 20 विधायकों के साथ पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना प्रदर्शन जारी है. शनिवार को पहलवानों के धरना प्रदर्शन के 21 वें दिन पहलवानों को समर्थन देने के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ हरियाणा कांग्रेस के 20 विधायक धरनास्थल पर पहुंचे. इस दौरान कांग्रेस विधायकों और भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पहलवानों से काफी देर तक बातचीत की. उनके साथ कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे. बता दें कि शनिवार को भूपेंद्र सिंह हुड्डा यहां चौथी बार पहुंचे थे. कांग्रेस के विधायकों ने पहलवानों के समर्थन में मंच को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी हैरानी होती है कि इतने दिनों से देश की बेटियां न्याय के लिए धरने पर बैठी हुई हैं, लेकिन सरकार पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है. पूरी सरकार केवल एक व्यक्ति को बचाने में लगी हुई है. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अब तक इन बेटियों के लिए एक शब्द नहीं कहा है. वहीं भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बेटियों के न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस उनके साथ खड़ी है. कहा कि इस आंदोलन को सिर्फ एक जाति का बताकर बदनाम किया जा रहा है. मैं बताना चाहता हूं कि ये पूरे देश की बेटियां हैं. आज इन्हें सिर्फ जाति और वर्ग में बांटा जा रहा है. इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि जिस प्रकार से कर्नाटक में भाजपा का सूपड़ा साफ हुआ है, आने वाले दिनों में हरियाणा और देश के अलग राज्यों में भी भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है. कांग्रेस मजबूती के साथ वापसी करेगी. उन्होंने इशारों में कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है. जिस प्रकार से भाजपा ने कर्नाटक में भ्रष्टाचार किया, जिससे उनकी सरकार चली गई, ठीक उसी प्रकार हरियाणा में भी बीजेपी की जाने की बारी आ गई है.

## लाड़ली योजना निधि के उचित इस्तेमाल की अपील

# हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार से मांगा जवाब

एनसीआर समाचार




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार से लाडली योजना के लाभार्थियों की पहचान करने और सहायता राशि के उचित कार्यान्वयन का निर्देश देने के लिए याचिका पर जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि योजना के तहत उपलब्ध 364 करोड़ रुपये की धनराशि का कोई इस्तेमाल नहीं किया गया है। अदालत ने लाडली योजना के उचित कार्यान्वयन के अनुरोध वाली याचिका पर दिल्ली सरकार का पक्ष जानना चाहा। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करके उनकी सामाजिक स्थिति को मजबूत करना है।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने दिल्ली सरकार के वकील से उस जनहित याचिका पर जवाब तलब किया जिसमें दावा किया गया है कि योजना के तहत उपलब्ध 364 करोड़ रुपये की धनराशि का कोई उपयोग नहीं किया गया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार के वकील इस मामले में सक्षम प्राधिकार/अधिकारियों से उचित दिशा-निर्देश लेने और अदालत को अवगत कराने का निर्देश दिया है। पीठ ने सरकार के वकील से कहा कि आप मामले की अगवस्त में होने वाली अगली सुनवाई पर समुचित जवाब देकर स्थिति स्पष्ट करें। पीठ ने आकाश गोयल की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में दावा किया गया है कि लाडली योजना के तहत उपलब्ध 364 करोड़ रुपये की धनराशि का सरकार ने कोई उपयोग नहीं किया है। याचिकाकर्ता से सूचना के अधिकार कानून (आरटीआई) से मिली जानकारी का हवाला देते हुए यह याचिका दाखिल की है।

अधिवक्ता विभोर गर्ग और केशव तिवारी के माध्यम से दाखिल याचिका में गोयल ने कहा है कि लाडली योजना की 21 वर्ष से अधिक आयु की 1,82,894 लाभार्थियों की 364 करोड़ रुपये से अधिक राशि भारतीय स्टेट बैंक के पास है। उन्होंने कहा कि इस रकम को सही तरीके से लभार्थियों में वितरित की जानी चाहिए। याचिका में कहा गया कि दिल्ली सरकार ने जनवरी 2008 को दिल्ली लाडली योजना शुरू की थी, जिसके तहत लाभार्थी की उम्र 18 वर्ष होने पर उसके खाते में एक लाख रुपये सरकार द्वारा जमा कराए जाते हैं।

# राज्यपाल ने किया डाक टिकट दीर्घा का लोकार्पण

एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन स्थित यूपी गवर्नर कैम्प उप डाकघर में डाक टिकटों के आइने में उत्तर प्रदेश की थीम पर आधारित डाक टिकट दीर्घा का लोकार्पण किया। यह दीर्घा उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति, साहित्य सहित स्वतंत्रता आंदोलन और राजनीतिक सफर को रेखांकित करती हुई निर्मित की गई है।



इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन पर आधारित एक विशेष पिक्टोरियल कैंसिलेशन स्टाम्प का शुभारम्भ भी किया। इसके साथ ही राज्यपाल ने राजभवन के दर्शनीय विशेष स्थलों के चित्र पोस्ट कार्डों का अनावरण भी किया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने क्रम में उत्तर प्रदेश के इस ऐतिहासिक राजभवन में इस दीर्घा का निर्माण किया गया है। डाक टिकट के आईने में उत्तर प्रदेश विषयक यह डाक टिकट दीर्घा उत्तर प्रदेश की एक जीवंत झांकी प्रस्तुत करती है।

उल्लेखनीय है कि डाक विभाग द्वारा केवल राजभवन के लिए ही एक यूनिक पिनकोड 226027 जारी है, यह पिनकोड किसी ऐतिहासिक भवन के लिए जारी किये जाने वाला देश का पहला पिन कोड है।

इस दीर्घा में उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध और ऐतिहासिक इमारतों, शैक्षणिक संस्थाओं, उत्तर प्रदेश के राज्यपालों, उत्तर प्रदेश से देश के प्रधानमंत्रियों, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम-1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रान्तिकारी युग, स्वतंत्रता संग्राम में उत्तर प्रदेश की महिला शक्तियों, रामायण, हिंदी साहित्य के गद्य और पद्य विधाओं में विशेष योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के साहित्यकारों, उत्तर प्रदेश के भक्ति मार्गी कवियों, देश और दुनिया में उर्दू के हवाले से नाम करने वाले उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध शायरों, उत्तर प्रदेश के राजकीय प्रतीकों और कलाओं आदि पर सयम-समय पर जारी डाक टिकटों और विशेष आवरणों के संकलन को दशार्या गया है।

इसके अतिरिक्त डाक विभाग के आज तक के सफर को काल क्रम के रूप में सभी महत्वपूर्ण पड़ावों के साथ एक विशेष वाल में दशार्या गया है। इस वाल में कालांतर में डाक विभाग की कार्य शैली और विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और उत्पादों के बारे में भी बताया गया है।

लोकार्पण समारोह में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्यपाल को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट से सम्बन्धित एक विशेष एल्बम भेंट की। इस एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रसिद्ध कृषि उत्पाद, हैण्डीक्राफ्ट तथा अन्य उत्पादों का विवरण दशार्या गया है। राज्यपाल ने दीर्घा में प्रदर्शित सभी डाक प्रदर्शों का अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों से उनके विवरण की जानकारी भी ली।

उन्होंने इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारियों से कहा कि मानव सभ्यता के विकास के साथ संदेश संचार के माध्यमों से लेकर अब तक क्रमिक विकास को दशार्ने वाला विवरण भी संकलित किया जाए। इस क्रम में उन्होंने प्राचीन काल में ध्वनि, वायु, पक्षियों आदि के माध्यम से संदेश प्रसार की चर्चा भी की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, विशेष सचिव राज्यपाल बी0एन0 सिंह, चीफ पोस्टमास्टर जनरल बी0 सेल्वाकुमार, पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, डायरेक्टर पोस्टल सर्विस आनंद कुमार सिंह सहित राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा डाक विभाग के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नर्सों के बिना चिकित्सा तंत्र अपूर्ण :डॉ वाजपेयी

**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल कुमार वाजपेयी ने कहा कि नर्सों के बिना चिकित्सा तंत्र अपूर्ण है।

डॉ, वाजपेयी ने शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि एक नर्स अपनी समर्पित सेवा भावना और सहृदयता से मरीज को जल्द से जल्द आरोग्यता प्राप्त करने में बड़ी भूमिका निभाती है। व्यावहारिक रूप से नर्स की महत्ता चिकित्सक के समानांतर होती है। उन्होंने हमारी नर्स, हमारा भविष्य थीम पर आयोजित कार्यक्रम में सभी नर्सों को दिवस विशेष की शुभकामनाएं दीं और अपने सेवा क्षेत्र में सतत प्रगति की कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय के पूर्व निदेशक ब्रिगेडियर डॉण केपीबी सिंह ने भी नर्सिंग सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान नर्सेज वीक (6 से 12 मई) के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## धर्मांतरण रोक की आवश्यकता: कौशल्यानंद गिरी

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) ने धर्मांतरण पर आधारित 'द केरला स्टोरी' फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि आज देश में धर्म परिवर्तन बड़ा मामला है, इस पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता है। अध्यक्ष कौशल्यानंद गिरी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने 'द केरला स्टोरी' फिल्म को टैक्स फ्री करके एक सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह सच्ची घटना पर आधारित धर्मांतरण पर बनी एक बेहतरीन फिल्म है। बेटियों को कुछ विशेष समुदाय के युवकों द्वारा बहला फुसला करके उन्हें प्रेमजाल में फंसने से आगाह करते हुए कहा कि आज देश में धर्म परिवर्तन बड़ा मामला है, इस पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में शुक्रवार को करीब एक सौ किन्नरों ने जिसमें करीब 25 छोटी बेटियों शामिल हैं, सभी ने फिल्म देखी। उन्होंने कहा कि कि हमारा सनातन धर्म बहुत सुंदर है। फिल्म देखकर हमें और जागृत होने की आवश्यकता है। उन्होंने बेटियों से आग्रह किया कि वे अपने आस-पास के माहौल से सतर्क रहें और किसी अनजान के प्रेमजाल में फंसने से अपने को दूर रखें क्योंकि इसके घातक परिणाम ही देखने को मिलते हैं।

# सुरक्षा, सुशासन और विकास के बूते भाजपा को मिला जनादेश: योगी

एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बंपर जीत का श्रेय कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और सरकार एवं संगठन के बेहतर तालमेल को देते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सुशासन, विकास व सुरक्षा के वातावरण के चलते नगर निकाय चुनाव में जनादेश मिला है।



प्रदेश में सभी 17 नगर निगमों में भाजपा को मिली जीत पर एक दूसरे को मुंह मीठा कराने के बाद श्री योगी ने मौजूद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि 17 नगर निगमों में पहली बार भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ विजय प्राप्त करने में सफल हुई है। इस जीत का श्रेय पार्टी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और सरकार एवं संगठन के बेहतर समन्वय को जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में यह भाजपा की सबसे बड़ी जीत है।

उन्होने दावा किया कि भाजपा 2017 के मुकाबले पार्टी दोगुने से अधिक सीटें नगर पालिकाओं में प्राप्त करने जा रही है जबकि नगर पंचायतों में भाजपा को पिछले चुनाव की तुलना में ढाई गुने से अधिक सीट जीत रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में भाजपा ने 16 नगर निगमों से से 14 में जीत दर्ज की थी जबकि दो सीटे बसपा को मिली थी मगर इस बार पार्टी ने न सिर्फ सभी 16 सीटे अपने कब्जे में ली बल्कि नई नवेली शाहजहांपुर नगर निगम सीट पर भी विजय हासिल की। उन्होने कहा कि नगर निगम की आबाद पांच से 50 लाख के बीच होती है। यह सरकार की योजनाओं के प्रति जनता के विश्वास का परिचायक है कि सरकार शहरी क्षेत्रों में मूलभूत ढांचे में सुधार और स्मार्ट सिटी योजनाओं के सटीक क्रियान्वयन में सफल रही है।

श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में हुये 199 नगर पालिका चुनाव में भाजपा को 2017 में 60 सीटे मिली थी जबकि इस बार अब तक मिले रूझानों में पार्टी पिछली बार की तुलना में दो गुने से भी अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। इसी तरह 543 नगर पंचायतों में 2017 के सापेक्ष भाजपा ढाई गुने से भी अधिक में जीत दर्ज कर रही है। इनमें 112 नई नगर पंचायते शामिल है जिनकी आबादी 20 हजार से अधिक होने के कारण उन्हे नगर पंचायत में तब्दील कर दिया था।

उन्होने कहा कि इसी तरह नगर निगम के 1420 पार्षदों में भाजपा को 2017 में 596 में जीत मिली थी जबकि इस बार अब तक घोषित 794 परिणामों में से 438 भाजपा के पक्ष में गये हैं और साफ प्रतीत होता है कि पिछली बार की तुलना में भाजपा के दोगुने से भी अधिक पार्षद नगर निगम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वार और छानबे विधानसभा उपचुनाव में भी अपना दल (एस)-भाजपा गठबंधन को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है। नगर निकाय और उपचुनाव मे मिली जीत दशार्ती है कि सरकार की जनहित की योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयनित किया गया है। उन्होने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ,इसके लिये चुनाव आयोग बधाई का पात्र है।

## एक नजर

### अन्तर-राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों को सम्मानित किया



**वाराणसी, एजेंसी।** अन्तर-राष्ट्रीय नर्स दिवस पर शुक्रवार को बरेका केंद्रीय चिकित्सालय के ऑडिटोरियम में सभी नर्सों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नर्सो के सेवाभाव को सराहा। कार्यक्रम में सहायक नर्सिंग अधिकारी गीता चौधरी, अंजना टौड, सुनीला लाल, सीता कुमारी, कमला श्रीनिवासन, उषा देवी, आरती, उषा जैसल, चंद्रकला आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार पाण्डेय(विभाग प्रमुख काशी क्षेत्र भारतीय मजदूर संघ),धन्यवाद ज्ञापन कर्मचारी परिषद सदस्य नवीन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम मंर आलोक सिंह सचिव संस्थान, धर्मेंद्र सिंह, अविनाश पाठक, राजेश कुशवाहा, अमित सिंह, सुरेश सिन्हा, धीरेंद्र सिंह, शशि भूषण तिवारी आदि मौजूद रहे।

### आगरा में पैराशूट जंपिंग के दौरान हाइटेंशन लाइन में उलझने से कमांडो की मौत

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में वायुसेना स्टेशन के निकट शुक्रवार की सुबह पैराशूट जम्पिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मलपुरा थाना क्षेत्र में पैराशूट जम्पिंग के दौरान कमांडो अंकुर शर्मा का पैराशूट हाइटेंशन लाइन में उलझ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मलपुरा के ड्रॉपिंग जोन से दूर पैराशूट हाइटेंशन लाइन में उलझ गया, जिसके बाद हाईटेंशन लाइन से कमांडो नीचे गिरे। ये देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। ये देख किसानों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। कमांडो को उपचार के लिए मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।बताया गया है कि कमांडो अंकुर शर्मा जम्मू कश्मीर में तैनात थे।

### पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. चन्द्रपाल व परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झांसी, एजेंसी।** सीपरी बाजार थाना में समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद व उनके परिजनों सहित आधा दर्जन लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल अभी सीपरी बाजार थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज होने की बात पर अनभिज्ञता जाहिर की है, जबकि पूर्व राज्यसभा सदस्य ने इसे साजिश बताया। गौरतलब है कि मसीहा गंज निवासी सुदेश बैरी पत्नी रविंद्र कुमार ने सीपरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी जमीन अपने नाम कराकर उसे दी गई चेक क्लियर नहीं होने दी और करोड़ों रुपये हड़प लिए। अपने पैसे मांगने पर अवैध रुपयों की मांग की और धमकी देते हैं। पुलिस ने पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव, शिशुपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, तेजपाल सिंह, ज्ञानवती, सत्यभान व आशाराम आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि यह सोची समझी साजिश है। उन्होंने बताया कि 2018-19 में उन्होंने उस मकान का एग्रीमेंट कराया था। इसके बाद ढाई करोड़ रुपया देकर रजिस्ट्री कराई थी। उसमें भी सब कुछ खोला गया था। उन्होंने तो पीड़िता पर विश्वास किया और कुछ दिन मकान खाली नहीं कराया। शायद यही सबसे बड़ी गलती हुई। उन्होंने इसे विरोधियों की साजिश बताया।

### जाली मुद्रा का कारोबार करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**बहराइच (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की बहराइच पुलिस ने जाली भारतीय व नेपाली मुद्रा छापने और इसका अवैध कारोबार करने वाले पांच लोगों को रुपईडीहा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार पकड़े गए पांचों आरोपी लखीमपुर जिले के रहने वाले हैं और इनके पास नोट छापने के उपकरण व दोनों देशों की हजारों रुपये की जाली मुद्रा बरामद हुई है। बहराइच के पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने बताया कि जाली नोट छापने वाले गिरोह को बहराइच व श्रावस्ती एटीएस तथा बहराइच के रुपईडीहा थाने की संयुक्त टीम ने रूपईडीहा सीमा के सुमेरपुर इलाके से बृहस्पतिवार को पकड़ा। पुलिस टीम ने दिल्ली में पंजीकृत एक कार सवार पांच व्यक्तियों के कब्जे से 52000 रुपये के भारतीय जाली नोट व 5000 रुपये के नेपाली जाली नोट, एक लैपटॉप, एक प्रिंटर, पावर केबिल, कैंची, जाली मुद्रा बनाने का कागज, दो आधार कार्ड, दो पैनकार्ड व पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान लखीमपुर निवासी मुश्ताक, सलीम, अलीम, फैजुल हसन उर्फ सैदुल व कुलदीप अवस्थी के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों ने पूछताछ में बताया कि उनके गिरोह के सदस्य जाली मुद्रा छापने के बाद उसका कारोबार करते हैं तथा इन जाली नोट को भारत के रूपईडीहा (बहराइच) व नेपाल के विभिन्न शहरों व गांवों में असली के तौर पर वितरित कर देते हैं।

सीबीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित

# गाजियाबाद की आस्था को 12वीं में मिले 99.4 फीसदी अंक

- 10वीं क्लास की परीक्षा में कुल 93.12 फीसदी छात्र-छात्राएं हुए सफल
- 12वीं में 87.33 प्रतिशत विद्यार्थी ने सफलता अर्जित की
- मुख्यमंत्री योगी ने सीबीएसई परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को दी बधाई



एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं एवं 12वीं के परिक्षा परिणामों को शुक्रवार जारी कर दिया। इस बार 10वीं का परीक्षा परिणाम कुल 93.12 छात्र-छात्राएं हुए सफल हैं, जबकि 12वीं की परीक्षा में कुल 87.33 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। जारी परीक्षा परिणाम के मुताबिक गाजियाबाद की 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा आस्था को 99.4 फीसदी अंक मिले हैं।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित सेंट टेरेसा स्कूल में पढ़ने वाली आस्था मिश्रा के 12वीं में 99.4 फीसदी अंक हासिल करने पर परिवार में खुशी है। वहीं परीक्षा परिणाम जारी होने पर उत्तीर्ण विद्यार्थी खुश नजर आ रहे हैं। सीबीएसई की चेयरपर्सन आईएएस निधि छिब्बर ने छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं।

उल्लेखनीय है कि सीबीएसई की 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से लेकर 21 मार्च तक आयोजित की गई थी,जबकि 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी 2023 से शुरू हुई थी और पांच अप्रैल 2023 समाप्त हो गई थी। शुक्रवार को दोनों की परीक्षाओं का परिणाम बोर्ड द्वारा घोषित किया गया। घोषित नतीजों में इस बार 93.12 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं की परीक्षा पास की है। इस बार दसवीं की परीक्षा में 21,864,85 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 21,65,805 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 20,16,779 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

# निकाय चुनाव में भाजपा ने की जमकर धांधली : अखिलेश

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि निकाय चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सरकार के संरक्षण में जमकर धांधली की है। श्री यादव ने गुरुवार को कहा कि शासन-प्रशासन और चुनाव आयोग मूकदर्शक की भूमिका निभाते रहें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों में व्यवधान डालना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आघात करना है। प्रदेश में जहां भी आज मतदान हुआ, हर जगह से शिकायतें मिल रही हैं। भाजपा सरकार ने जनता को सामान्य सुविधाएं देने से वंचित रखा। इसलिए जनता में भाजपा के प्रति भारी आक्रोश है। बौखलाहट में भाजपा ने असामाजिक तत्वों के सहयोग से हर जगह भय और आतंक का माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान में जरा भी विश्वास नहीं रखती है।



कन्नौज जिले में मुस्लिम मतदाताओं के साथ मारपीट कर उन्हें मतदान से वंचित किया गया ताकि सपा के समर्थक मतदाता अपना वोट न डाल पाये। यहां भाजपा सांसद खुलेआम आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन करते दिखे। बूथ कैप्चरिंग की भी शिकायतें मिली हैं।

योगी कैबिनेट बैठक में 19 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# सबसे ज्यादा शिक्षा के पांच प्रस्ताव पास

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में शुक्रवार को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री योगी की कैबिनेट बैठक में कुल 19 प्रस्तावों पर मुहर लगी।



निकाय चुनाव के बाद योगी कैबिनेट की आज लोक भवन में सम्पन्न बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के पांच प्रस्ताव, पर्यटन विभाग के दो, औद्योगिक विकास के तीन, कृषि विभाग के दो, खाद्य विभाग का एक प्रस्ताव पास, वित्त व संस्कृति विभाग के एक-एक प्रस्ताव पास हुए। गृह विभाग के तीन, हथकरघा विभाग का एक प्रस्ताव पास किया गया है।

कैबिनेट में पास प्रस्तावों के बाद अब शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और इसका लाभ गरीबी अभ्यर्थियों को मिलेगा। कैबिनेट में पास प्रस्तावों में उत्तर प्रदेश निजी विश्विद्यालय अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत निजी क्षेत्र में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय अयोध्या, महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय बिल्हौर कानपुर नगर, शारदा विश्व विद्यालय आगरा, फ्यूचर विश्व विद्यालय बरेली, जीएस विश्वविद्यालय हापुड़ की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया है।

पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मथुरा में पर्यटन विकास संबंधी कार्य कराए जाने हेतु मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था नामित करने और मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना की नीति निर्धारण के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया है। इसी प्रकार सभी 19 प्रस्तावों पर मुहर लगने के बाद कार्य किए जाने हैं। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों के साथ 'द केरला स्टोरी' फिल्म भी देखी। इस दौरान मंत्रिमंडल के साथ लोक भवन में विद्यार्थी परिषद की छात्राएं और भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य भी मौजूद रहीं।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी फिल्म 'द केरला स्टोरी' की टीम से मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान 'द केरला स्टोरी' की टीम ने मुख्यमंत्री योगी का यूपी में फिल्म को टैक्स फ्री करने के लिए आभार जताया था।

# चार दिन में उप्र के 142 छात्रों को मणिपुर से सकुशल वापस ले आई योगी सरकार

**लखनऊ, एजेंसी।** मणिपुर में उपजी विषम परिस्थितियों के बीच उत्तर प्रदेश के छात्रों को वहां से सकुशल निकालने को लेकर योगी सरकार के रेस्क्यू ऑपरेशन में अब तक 142 छात्रों को वापस लाने में सफलता मिली है। इसके बाद अब एक भी छात्र वापस लाये जाने के लिए नहीं बचा है।

प्रदेश के 50 जिलों के कुल 158 छात्र मणिपुर के विभिन्न सस्थानों में फंसे थे, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए सकुशल वापस यूपी लाया जा सका है। राहत आयुक्त प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि मणिपुर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में यूपी के 158 छात्र होने की जानकारी मिलने के बाद ही उन्हें वहां से सकुशल निकालने के लिए मिशन मोड में अभियान चलाया गया। अबतक 142 छात्रों को यूपी वापस लाया गया है। इसके अलावा 11 छात्रों ने अपने संसाधन से यूपी लौटने की बात कही है। जबकि पांच ऐसे छात्र हैं जिन्होंने मणिपुर से वापस आने से इनकार किया है। इस प्रकार अब शासन स्तर पर एक भी छात्र मणिपुर में नहीं बचा है, जिन्हें वापस लाना है।

राहत आयुक्त ने बताया कि नौ मई से छात्रों के वापस आने का सिलसिला शुरू हुआ था। इसमें पहले दिन 62 छात्र, 10 मई को 36 छात्र, 11 मई को 32 छात्र वापस आए हैं। वहीं अंतिम दिन 12 छात्र मणिपुर से सकुशल लौटे हैं। इन छात्रों में कुछ को इम्फाल से दिल्ली लाया गया, जहां यूपी भवन में विश्राम और भोजन आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा बड़ी संख्या में छात्रों को लखनऊ एयरपोर्ट लाया गया। सभी छात्रों को बाद में वॉल्वो बसों और कार के जरिए उनके जिलों में उनक घर तक भेजा गया है।

छात्रों की सकुशल वापसी के बाद सभी बच्चों और उनके अभिभावकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है। राहत आयुक्त ने बताया कि मणिपुर की सरकार की ओर से यूपी के छात्रों को निकालने में भरपूर सहयोग मिला। यूपी के छात्रों को वहां एक बस से एयरपोर्ट लाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसलिए कोई भी छात्र किसी तरह की हिंसा का शिकार या इंजर्ड नहीं हुआ है।

प्रभु नारायण सिंह के अनुसार सर्वाधिक बच्चे लखनऊ, प्रयागराज और कानपुर जिले के हैं।

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से जीत

# 2024 के चुनाव में साबित होगी मील का पत्थर

एनसीआर समाचार

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से जीत के बाद जगह-जगह कांग्रेस पार्टी उत्सव मना रही हैं दिल्ली के अक्छउ में भी कांग्रेस का जश्न लगातार जारी है।

कांग्रेस के नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि, यह एक स्पष्ट संदेश है। हम कर्नाटक के गरीब लोगों के साथ खड़े थे, भाजपा कर्नाटक के अमीर लोगों के साथ थी। गरीबों ने इस चुनाव को जीत लिया। यह परिणाम 2024 के लिए मील का पत्थर साबित होगी। बीजेपी जिस तरह की विभाजन की राजनीति करती है वह हर बार सफल होने वाली नहीं है।

कांग्रेस की जीत पर सिद्धारमैया ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी को लगता है कि मतदाता उनके चेहरे को देखकर बीजेपी को वोट देंगे यह गलत साबित हुआ।

कांग्रेस के महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्नाटक की जनता का आभार जताते हुए कहा कि, यह देश को जोड़ने



वाली राजनीतिक की जीत है। उन्होंने कहा कि, कर्नाटक कांग्रेस के तमाम मेहनती कार्यकताओं व नेताओं को मेरी शुभकामनाएं हैं। आप सबकी मेहनत रंग लाई। कांग्रेस पार्टी पूरी लगन के साथ कर्नाटक की जनता को दी गई गारंटी को लागू करने का काम करेंगे, जय कर्नाटक, जय कांग्रेस।

बता दें कि, भाजपा ने तमाम कोशिशें की थी कि, वह कम कर्नाटक का चुनाव जीते, लेकिन जब चुनाव प्रचार हो रहे थे तो लोग भाजपा के समर्थन में नजर आ रहे थे और जब चुनाव के परिणाम आए तो पासा ही पलट गया, कांग्रेस की जीत ने साबित कर दिया कि, लोगों को अच्छे और बुरे की कितनी समझ है।

## कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने पर शारदा खटीक अतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर जाहिर की खुशी



कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने पर मकरोनिया चौराहा पर शारदा खटीक महासचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं सदस्य जिला पंचायत सागर के द्वारा कांग्रेसियों के साथ आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी एवं अशोक नगर जिले की प्रभारी सुरेंद्र सुहाने, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जतिन चौकसे, संभागीय प्रवक्ता अभिषेक गौर, नरयावली विधानसभा से सेवादल के प्रभारी अमोल सिंह राजपूत, सत्येंद्र दुबे, इंजी. जित्तू खटीक ( पार्षद ), नरयावली विधानसभा अध्यक्ष राजा बुंदेला, अनु. जाति ग्रामीण अध्यक्ष अजय अहिरवार, बिहारी सेन, किशोरी लाल खटीक, राकेश खटीक, जानू ठाकुर, ललित खटीक, जितेंद्र, मनोज, राहुल ठाकुर, प्रवीण अहिरवार, नितिन अहिरवार, नितेश बमनेले, राजेंद्र अहिरवार आदि शामिल थे।

## क्या है मदर्स डे का इतिहास, मई में ही क्यों मनाया जाता है मदर्स-डे




एनसीआर समाचार

हर साल मई माह के दूसरे रविवार को पूरे विश्व में मातृ दिवस के रूप में मनाया जाता है। ये दिन पूरी तरह से मां को समर्पित है। इस साल मातृ दिवस 14 मई को मनाया जाएगा। माँ वो इंसान है जो केवल जन्म नहीं देती है बल्कि, जीवन भर हमारी रक्षा करती है, हर अच्छी बुरी चीज की समझ हमे देती है, हमारा ख्याल रखती है।

देखा जाए तो मदर्स डे मानाने के लिए साल के 365 दिन भी कम हैं, फिर भी हर साल मई माह के दूसरे रविवार को ही मदर्स डे क्यों मनाया जाता है ? आइए जानते है इसके पीछे की कहानी।

मदर्स डे का इतिहास

मदर्स डे मनाने की शुरूआत सबसे पहले एक अमेरिकन महिला एना जॉर्विस ने की थी। एना जॉर्विस ने मातृत्व दिवस की नींव रखी थी, पर मातृत्व दिवस को मनाने की शुरूआत आधिकारिक रूप से 9 मई, 1914 को सबसे पहले अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने की थी। उस वक्त अमेरिकी संसद में एक कानून पास करके प्रति वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स-डे मनाने का फैसला किया गया था। बता दें कि, उसी दिन से अमेरिका, यूरोप और भारत सहित कई देशों में मातृत्व दिवस मनाया जाने लगा।

# आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता रविंद्र सिंह मटरु ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का क्या स्वागत

एनसीआर समाचार

सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल को झटका देते हुए दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और पोस्टिंग पर दिल्ली सरकार का अधिकार बताया कहा कि सार्वजनिक लोक व्यवस्था पुलिस और भूमि के तीन वर्गो को छोड़कर अन्य सभी पर दिल्ली सरकार का नियंत्रण होगा।

उपराज्यपाल इन मामलों में दिल्ली सरकार की ही सलाह से काम करेंगे

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ जस्टिस एमआर साहब जस्टिस किशन मुरारी जस्टिस हिमा कोहली वह जस्टिस पी एस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने केंद्र दिल्ली सरकार के बीच सेवाओं पर प्रशासनिक नियंत्रण के लंबे समय से विवादित मुद्दे पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कहा दिल्ली सरकार का नियंत्रण।

दिल्ली सरकार के पक्ष में सुप्रीम



कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता श्री रविंद्र सिंह मटरु ने कहा कि यह असत्य पर सत्य की जीत है और केंद्र में बैठी सरकार जिसने सदैव सत्य को दबाकर रखना चाहा उनकी मंशा पर पानी फिर गया अभी तो शुरूआत है एक दिन वह भी आएगा जिस दिन दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा भी दिया जाएगा क्योंकि उनको न्याय प्रणाली का पर संपूर्ण विश्वास है

केंद्र में बैठी सरकार धरनों की सरकार है केंद्र में बैठी सरकार से अपना हक जनता मांग रही है चाहे किसान आंदोलन हो चाहे जंतर मंतर पर बैठी पहलवान बेटियां जो अपनी हक की लड़ाई लड़ रही है।

भारतीय जनता पार्टी के राज में सिर्फ एक आम वर्ग थैला उठाकर जिसमें आधार कार्ड पैन कार्ड प्रॉपर्टी आईडी फैमिली आईडी की फोटोस्टेट लिए घूम रहा है। केंद्र में बैठी सरकार जनता को गफलत में डालकर अपना उल्लू सीधा कर रही है अपने खास मित्रों को फायदा पहुंचा रही है। जनता जब अपने हक की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतरती है तो उनके ऊपर बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया जाता है। जनता समझ चुकी है आने वाले 2024 के चुनाव में अपना इरादा भी बता देगी क्योंकि अगर कुर्सी पर बैठा ना जानती है तो कुर्सी से उतारना भी घमंड में चूर बीजेपी सरकार यह भूल गई है कि घमंड तो रावण का भी नहीं चला।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता अजीत जैन पूर्व नगर परिषद चेयरमैन राजकुमार चौधरी ने बताया कि केंद्र में बैठी सरकार ने सदैव हर वर्ग को दबाने की कोशिश की है लेकिन सत्य एक दिन उजागर हो जाता है केंद्र में बैठी सरकार किसी वर्ग की हितेषी नहीं रही जिसका ताजा उदाहरण आज जंतर मंतर पर बैठी पहलवान बेटियां हैं जो न्याय की प्रतीक्षा कर रही है सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री केजरीवाल जी कि ही नहीं दिल्ली की जनता जीत बताया।

इस अवसर पर युवा साथी जीतू कपिल हेमंत पराशर ने बताया कि अब युवाओं की तलाश खत्म होगी और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे क्योंकि आम आदमी पार्टी सदैव आम वर्ग की पार्टी रही है आम वर्ग के हितों के लिए कार्य किए हैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले से युवाओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर ढिल्लो निवास पर सभी साथी कार्यकताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी का इजहार किया।

# गौरव पहलवान बने छाता ब्लॉक के कुश्ती चैंपियन

एनसीआर समाचार

जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा के तत्वावधान में अखाड़ा शिवशक्ति आधुनिक मल्ल विधा केंद्र के सहयोग से छाता ब्लॉक की कुस्ती प्रतियोगिता का आयोजन 12 मई 2023 को प्रातः 10 बजे से छाता ब्लॉक के बजरंग अखाड़ा पटेल चौक शेरगढ के खेल मैदान पर आयोजित किया गया अधिक जानकारी देते हुए कुश्ती आयोजक जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा के अध्यक्ष खेलगुरू बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान ने बताया कि छाता ब्लॉक की कुश्ती प्रतियोगिता में युवा पहलवानो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया प्रतियोगिता का शुभारंभ व उद्घाटन।

लक्ष्मण गुर्जर जिला पंचायत सदस्य शेरगढ़ छाता व उत्तर प्रदेश केसरी सोहनलाल पहलवान जी ने युवा पहलवानों के हाथ मिलवा कर किया इस मोके पर उन्होंने



कहा की कुश्ती बृज का प्राचीन खेल है इसके विकास के लिए मथुरा के प्रत्येक गांव में मल्ल विधा केंद्र बनाए जाएं जिससे कुश्ती खेल का विकास हो सके मुख्य अतिथियों का उम्मेद खलीफा द्वारा स्वाफा, माला, पटुका, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता का समापन साय 4:00 बजे से युवा पहलवानों को पुरुस्कार वितरण कर किया गया जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा के अध्यक्ष खेलगुरू बृजरत्न अशोकशेखर पहलावन ने बताया की छाता ब्लॉक की कुश्ती प्रतियोगिता 35 किलो से लेकर 85 किलो तक कराई गई।

जिसमें छाता ब्लॉक का कुश्ती चैंपियन गौरव पहलवान को चुना गया 35 किलो में मनदीप प्रथम, संजय द्वितीय रहे, 40 किलो में मोहित प्रथम, जगदीप द्वितीय रहे, 45 किलो में लोकेश प्रथम, भूपेंद्र द्वितीय रहे, 50 किलो में मोहित प्रथम, नारयण द्वितीय रहे, 55 किलो में अफरीदी प्रथम, सहीद द्वितीय रहे, 60 किलो में मनमोहन प्रथम, जगराम द्वितीय रहे, 65 किलो में चिंटू प्रथम, चमन द्वितीय रहे, 70 किलो में लोकेश प्रथम, रामकुमार द्वितीय रहे, 74 किलो में प्रथम रिंकू प्रथम, कुलदीप द्वितीय रहे।

80 किलो में राहुल प्रथम, हरीश द्वितीय रहे 84 किलो में गौरव प्रथम, देवेंद्र द्वितीय रहे सभी युवा पहलवानों ने अपनी कुश्ती का अच्छा प्रदर्शन किया सभी विजेता पहलवानों को मेडल, शील्ड, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका भगवान सिंह कोच व भूपेंद्र मिश्रा ने निभाई, टाइमिंग कोच लक्ष्य अरोरा जी रहे कार्यक्रम का संचालन जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा के महासचिव राष्ट्रीय पहलवान शशांक शेखर यादव ने किया। इस अवसर पर सतीश पहलवान जिला केसरी, रज्जो पहलवान, धीमरी पहलवान, कपिल पहलवान, उम्मेद खलीपा आदि उपस्थित रहे।

## ध्यान के साथ जीवन में साफ सफाई बेहद आवश्यक है वासुदेव शर्मा



एनसीआर समाचार

पोरसा, मानव जीवन में ध्यान व योग के साथ साफ- सफाई की भी आवश्यकता है साफ सफाई से मानव निरोग रहता है तथा दवाइयों का खर्चा बचता है। वासुदेव शर्मा जनअभियान परिषद के तत्वधान में भूमिजा महिला मण्डल पोरसा द्वारा आज ग्राम ओरेठी आसमानी माता के मन्दिर एव अर्रोन पोरसा व कान्हा शांति वनम हैदराबाद के द्वारा एकात्म अभियान ध्यान एवम योग शिविर का संयुक्त आयोजन किया गया।

जिसमें ग्वालियर से वासुदेव शर्मा, दयाराम शर्मा हरिगोविंद सिंह भदौरिया जन अभियान परिषद के समन्वय द्वारा सहभागिता की जिसमें ध्यान व सफाई के विभिन्न चरणों के माध्यम से जीवन में होने वाले बदलाब के बारे में बताया। जिसमें भूमिजा महिला मण्डल अध्यक्ष महावीर जैन, मिथलेश तोमर, शिव मंगल तोमर, जगरूप गणेश तोमर ब्रज, मोहन तोमर, नोसाद रामसेवक तोमर, हरवीर तोमर, सभी प्रसपुटन समितियो के अध्यक्ष सचिव उपस्थित रहे व परामर्शदाता ने सहभागिता की।

# हिमाचल प्रदेश में अत्याधुनिक तकनीक से तैयार होंगे उच्च गुणवत्ता और उत्पादकता वाले पौधे- मुख्यमंत्री

एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेश बागवानी क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। प्रदेश सरकार किसानों और बागवानों के कल्याण के लिए कई अभिनव कदम उठा रही है। इस कड़ी में राज्य सरकार बागवानी क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता और उत्पादकता वाले पौधों को विकसित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करने की योजना बना रही है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि, प्रदेश की कृषि-जलवायु विविधता बागवानी क्षेत्र के विस्तार और सेब, नींबू प्रजाति के फलों, आम, खुमानी और नाशपती जैसे फलों की पैदावार के लिए वरदान है। राज्य सरकार किसानों की आय में वृद्धि और बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई



योजनाएं शुरू की गई हैं।

हिमाचल प्रदेश में हर वर्ष फलों के पौधे रोपे जाते हैं। प्रदेश में विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित बागवानी विकास परियोजना के अंतर्गत लाखों पौधे आयातित किए जाते हैं।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बागवानी उत्पादों तथा फल-फसलों की उत्पादकता, गुणवत्ता और विपणन के लिए आधारभूत संरचना को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार रोपित किए गए पौधों को विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाने के प्रति संवेदनशील है। इस समस्या से निपटने और बागवानी क्षेत्र में सुधार के लिए प्रदेश सरकार नई तकनीकों को अपनाने पर विशेष बल दे रही है। इसके लिए कई फल उत्पादक राज्यों के पौधरोपण मॉडल का अध्ययन किया जा रहा है और किसानों को नवीनतम तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि पौधरोपण की अधिक-से-अधिक जीविता दर बनाई रखी जा सके।

उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्तपोषित एचपी शिव परियोजना के तहत ऑस्ट्रेलिया में पौध स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में अपनाई जा रही स्क्रीनिंग, टैस्टिंग, साफ-सफाई व रख रखाव इत्यादि की आधुनिक तकनीक का अवलोकन एवं अध्ययन किया।

दल ने एलिजाबेथ कृषि संस्थान और स्ट्रॉबेरी इंडस्ट्री सर्टिफिकेशन अथॉरिटी का भी दौरा किया। इस दौरान संतरे के उत्पादन में माईक्रो ग्राफ्टिंग तकनीक का अवलोकन करने के साथ-साथ सिट्रस पैथेलोजी कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय सिट्रस रिपोजीटरी कार्यक्रम इत्यादि पर चर्चा की।

प्रदेश में शिवा परियोजना के अतंर्गत लगभग 1800 हेक्टेयर भूमि को संतरा उत्पादन के अन्तर्गत लाना प्रस्तावित है, जिसमें लगभग 20 लाख पौधों की आवश्यकता होगी।

बागवानी क्षेत्र में सुधार के लिए आस्ट्रेलिया से तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर प्रदेश में इसे प्रयोग में लाने की दिशा में यह प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नवोन्मेषी पहल है। इससे प्रदेश में उच्च गुणवता वाले संतरे के पौधे तैयार करने में सहायता मिलेगी और बागवान लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौरा राज्य सरकार द्वारा बागवानी क्षेत्र में विस्तार तथा बागवानों के कल्याण और उत्थान की प्रतिबद्धता को दशार्ता हैं।

## एक नजर

### सैदपुर गांव अटेली की बेटी ने 12वीं आर्ट्स स्ट्रीम में किया टॉप

एनसीआर समाचार



सैदपुर गांव अटेली की बेटी ने 12वीं आर्ट्स स्ट्रीम में टॉप किया है। सैदपुरगांव की दिव्या यादव बेटी सुंदर लाल ने 12वीं कक्षा में आर्ट्स स्ट्रीम में 97.5 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है। दिव्या आरपीएस स्कूल नारनौल में पढ़ती है। उसके पिता ने बताया कि वह शुरू से ही मेधावी है। इसका श्रेय उन्होंने स्कूल के स्टाफ और अपने परिवार के सदस्यों, अपनी मां और दादा राम सचिव को दिया। जो उन्हें हर समय प्रेरित करते थे। उसने बताया कि वह आगे पढ़ना चाहती है और भारतीय सिविल सेवा में शामिल होना चाहती है।

### आहवा तालुका की महिला ने एम्बुलेंस में दिया बच्चे को जन्म अस्पताल जा रहे थी महिला



एनसीआर समाचार

डांग आहवा तालुका के गाढ़वी गांव पाटविहीर पालिउ निवासी मीनाबेन शकाराम राठौड को सुबह प्रसव पीड़ा हो रही थी। मीनाबेन के परिजनों ने मीनाबेन को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस की मदद मांगी जिस दौरान 108 की टीम ने उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे। 108 एटळ जयेशभाई राठवा और पायलट सुभाष राठौड़ के परिवार के सदस्यों की मदद से महिला की सफलतापूर्वक डिलीवरी हुई। जिन्होंने निकटतम अस्पताल पहुंचने से पहले महिला की प्रसव पीड़ा को दूर किया। सावधानी बरतने के बाद महिला की सफलतापूर्वक डिलीवरी कर दी गई। टीम ने मां और बच्चे को शिफ्ट कर दिया। इलाज के लिए नजदीकी नागरिक अस्पताल आहवा में महिला और उसके परिजनों ने 108 एटळ और पायलट का आभार व्यक्त किया।

### हिमाचल प्रदेश: पथ परिवहन निगम कंडक्टर यूनियन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में किया अंशदान



एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेशः पथ परिवहन निगम कंडक्टर यूनियन ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को शुक्रवार देर सायं यहां मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए एक लाख ग्यारह हजार रुपये का चेक भेंट किया।

मुख्यमंत्री ने यूनियन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के अंशदान और समाज के योगदान से जरूरतमंदों की सहायता की जा सकती है। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण चंद व अध्यक्ष रामलोक चौधरी व यूनियन के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### हाई स्पीड ट्रोले ने पिकप गाडी को मारी टक्कर ट्रोला चालक मौके से फरार



एनसीआर समाचार

कोटपुतली, हाई स्पीड ट्रोले ने पिकप गाडी को मारी टक्कर ट्रोला चालक मौके से हुआ फरार दुर्घटना डाबला रोड़ आर्मी केंटीन के पास कोटपूतली पुलिस तुरंत पहुची घटना स्थल परएक तरफ राजस्थान पुलिस दुपहिया वाहनों को लेकर समय समय पर अभियान चलाकर बैगर हेलमेट हादसों को कम करने के उद्देश से लोगो को जागरूक कर रही है। लेकिन आज भी कही न कही बड़े वाहनों, ओवरलोड इनको लेकर इनकी तेज गति को लेकर सायद ही बहुत कम देखने को मिलता है । कई बार देखने को मिलता है की इन बड़े वाहनों को बहुत कम प्रशिक्षित लोग चलाते है और उनकी गति पर भी नियंत्रण करने वाला नजर नही आता जिसकी वजह से आए दिन हादसे होते रहते है।

### एसएचओ दुबौलिया विनय पाठक ने पत्रकारों से की बदसलूकी

एनसीआर समाचार



एसएचओ दुबौलिया विनय पाठक ने पत्रकारों से की बदसलूकी वीडियो बना रहे पत्रकार से मोबाइल छीन के फेंका। अमर उजाला के तहसील प्रभारी राजेश सिंह का मोबाइल छीन कर फेंक दिया गया। स्थानीय प्रशासन पत्रकारों को समझाने का प्रयास कर रहा है। एसएचओ दुबौलिया की गुंडागर्दी लोगों को भगा रही है। पुलिस द्वारा की जा रही धक्का-मुक्की को लेकर पत्रकारों में खासा रोष है एसडीएम गुलाब चंद्र व सीओ शेषमणि उपाध्याय एसओ दुर्गेश पांडेय ने शांत कराया। बस्ती जिले के एनआईसी हरैया में मतगणना का पूरा मामला।

# हिमाचल प्रदेश में स्थापित होगा स्टेट ऑफ द आर्ट नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रः मुख्यमंत्री

**एनसीआर समाचार**



हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि, प्रदेश सरकार नशीले पदार्थों की गिरफ्त में आ चुके युवाओं के लिए नशा मुक्ति एवं पुनर्वास नीति तैयार करेगी। इस नीति के प्रारूप प्रस्ताव पर आज यहां आयोजित बैठक में विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की पीढ़ी अकेलेपन एवं मोबाइल में सिमटती गतिविधियों के कारण आसानी से नशे की गिरफ्त में आ रही है, विशेष तौर पर पिछले 4-5 सालों में प्रदेश में नशाखोरी के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा कि, प्रदेश सरकार इन युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बाहर निकालने तथा उनके पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठा रही है। प्रदेश में इसके लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु विज्ञान संस्थान (ठक्व्लअठर) के सहयोग से एक 'स्टेट ऑफ द आर्ट' नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए लगभग 50 बीघा भूमि का चयन करने के लिए उन्होंने सम्बन्धित विभागों को उचित निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि, नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र एक समग्र सोच के साथ गुरुकुल पद्धति पर आधारित होंगे जहां पर नशे की गिरफ्त में आये व्यक्तियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए कार्य किया जाएगा और एक सादे जीवन एवं सामुदायिक सहयोग के लिए उन्हें प्रेरित किया जाएगा।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि, इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त करने के साथ ही उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। साथ ही नशा मुक्ति के लिए संघर्ष कर रहे व्यक्तियों की मदद कर उन्हें व्यापक एवं बेहतर उपचार उपलब्ध करवाना है।

इस केंद्र के माध्यम से उन्हें शैक्षणिक एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने में भी मदद की जाएगी, ताकि वे दोबारा सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें। इस केन्द्र में उनमें खोया आत्म विश्वास पुनः जागृत करने और जीवन में उन्नति के लिए उचित सलाह के साथ ही उपचार उपरान्त उनकी समुचित निगरानी भी की जाएगी। उन्हें परिवार एवं समाज से दृढ़ नैतिक एवं अन्य सहयोग उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा ताकि वे समग्र रूप से सामान्य जीवन में लौट सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, नशाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए दीर्घावधि के लिए योजना बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए प्रस्तावित नीति के प्रथम चरण में नशा मुक्ति के लिए पुलिस व स्वास्थ्य विभाग तथा सलाहकार बोर्ड की मदद ली जाएगी, द्वितीय चरण में इनके पुनर्वास के लिए स्वास्थ्य, युवा सेवाएं एवं खेल, शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, कृषि और बागवानी विभाग के समन्वय से कार्य किया जाएगा। तृतीय चरण में समाज में इनके पुनः संयोजन के लिए शिक्षा, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास तथा सहकारी बैंकों एवं समितियों का सहयोग लिया जाएगा। चौथे चरण में निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास एवं स्थानीय निकायों का सहयोग लिया जाएगा।

बैठक में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल ने प्रस्तावित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास नीति पर एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव गृह भरत खेड़ा, सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त यूनुस सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

## राव उपाधि की अहीर राजा राव बालकिशन को मिले उचित सम्मान- राधेश्याम गोमला

**एनसीआर समाचार**



नारनौल, अहीर कौम में "राव" की उपाधि प्राप्त करने वाले राव बालकिशन को राजकीय सम्मान देने बारे सर्व समाज मंच के अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम गोमला ने मुख्यमंत्री के नाम एक दो पेज का पत्र मेल किया है।

पत्र में लिखा है कि अहीरवाल क्षेत्र में अहीर जाति के लोग जो अपने नाम के साथ एक गौरव का प्रतीक और प्रतिष्ठित उपाधि "राव" लगाते हैं यह उपाधि मुगल सम्राट् मोहम्मद शाह की ओर से करनाल में नादिरशाह से लड़ते हुए शहीद हुए रेवाडी रियासत के राजा बालकिशन को मरणोपरान्त दी गई थी । जो बालकिशन के भाई राव गुजरमल को दी गई थी।

उन्होने लिखा है कि यद्यपि उच्च सम्मान की प्रतीक "राव" उपाधि पूर्व व पश्चात कई राजाओं व योद्धाओं को मिल चुकी है। मगर अहीरवाल में यह उपाधि राजा राव बालकिशन को ही मिली जिसके बाद रेवाडी के सभी अहीर शासक इस उपाधि का प्रयोग करते रहे हैं। जिसे कालांतर में धीरे धीरे अहीरवाल का पूरा अहीर समुदाय ही इस गौरव की प्रतीक उपाधि को अपने नाम के साथ लगाने लगा।

## अशनीर ग्रोवर और उनके परिवार पर 81.28 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में हुई एफआईआर

**एनसीआर समाचार**



आर्थिक अपराध शाखा ने बीते बुधवार को भारत-पे के पूर्व प्रबंधक अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर के साथ दीपक गुप्ता, सुरेश जैन और श्वेतांग जैन समेत पूरे परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बता दें कि, इस मामले में शामिल सभी के खिलाफ गंभीर अपराध 8 धाराओं के तहत त्रक्ष्क्र दर्ज की गई है। इस मामले में अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी पर 409, 420, 467, 120ु और अन्य कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**शिकायत के बाद जांच**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, कश्मीर ग्रोवर समेत उनकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ शिकायत मिली थी कि, इसके बाद उनके खिलाफ जांच की गई। मिली जानकारी के मुताबिक, शिकायत और जांच के अनुसार आईपीसी की धारा 406, 408, 409, 420, 467, 468, 471, 120इ के तहत मामले दर्ज हुए हैं।

**पिछले साल का विवाद**

बीते छह महीनों के दौरान अश्लील ग्रोवर पर 5 मुकदमे दर्ज हुए जनवरी 2022 में वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगा था और तब से ही भारत पर और अशनीर ग्रोवर के बीच विवाद चल रहा था। पिछले साल मार्च में अशनीर ग्रोवर को भारत-पे से हटा दिया गया था।

81.28 करोड़ की धोखाधड़ी

बीते साल दिसंबर महीने में दिल्ली बेस्ट फिनटेक यूनिकॉर्न ने अशनीर ग्रोवर और उनकी फैमिली के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत 81.28 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थी। ग्रोवर और उनकी फैमिली पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और सबूत मिटाने के आरोप लगे थे। इसके अलावा भारत ने दिल्ली हाईकोर्ट के पास एक दीवानी मुकदमा भी दायर किया था, जिसमें 88.67 करोड़ रुपए से ज्यादा की वसूली की बात कही गई थी।

## पाली रैयतबारी माध्यमिक शाला का हाईस्कूल में उन्नयन, 2.5 करोड़ की लागत से बनेगा नया स्कूल भवन

**एनसीआर समाचार**




सागर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह के प्रस्ताव पर मालथौन विकासखंड की माध्यमिक शाला पाली रैयतबारी को उन्नयन कर हाईस्कूल बनाने का निर्णय शासन स्तर पर ले लिया गया है। इस निर्णय के परिपालन में पाली रैयतबारी में हाईस्कूल के लिए 2.5 करोड़ लागत से स्कूल भवन बनाया जाएगा। मंत्री भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने उक्त शाला को हाईस्कूल में अपग्रेड करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेजा था।

जिसकी स्वीकृती जारी कर दी गई है। इसके साथ ही मालथौन अनुविभागीय अधिकारी ने मंत्री सिंह के निर्देश पर ग्राम पाली रैयतबारी में 2.5 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले हाईस्कूल भवन हेतु 3 एकड़ भूमि आवंटित करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। हाईस्कूल के रूप में उन्नयन हो जाने से अब पाली रैयतबारी माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामों मुहली बुजुर्ग, रजौआ, खड़ौआ, पाली सुजान, गढ़ौला गुसाईं, रेडोन रैयत (ग्रण्ट), रेडोन मालगुजारी, तिगरा बुजुर्ग, बम्होरी हुड्डा व करैयामाफी के विद्यार्थियों को पास में ही हाईस्कूल की सुविधा मिलेगी। फिलहाल इन ग्रामों के विद्यार्थियों को हाईस्कूल की शिक्षा लेने 6 किमी दूर रजवांस हायर सेकंडरी स्कूल तथा 10 किमी दूर सागौनी हायर सेकंडरी तक जाना पड़ रहा है। खासतौर पर क्षेत्र की बेटियों की उच्च शिक्षा का मार्ग इस उपलब्धि से प्रशस्त हो गया है।जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने उक्त उन्नयन प्रक्रिया के अनुरूप शिक्षकों के स्टाफ की नियुक्ति का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

एलन मस्क ने की अपना पद छोड़ने की घोषणा

## ट्विटर की नई सीईओ बनेगी एक महिला

**एनसीआर समाचार**



ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने अपने पद को छोड़ने का ऐलान कर दिया है। मस्क ने कहा है कि, उन्होंने ट्विटर के लिए नया सीईओ नियुक्त कर दिया है। उन्होंने अभी नए सीईओ के नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन उन्होंने अपने इस्तीफे की बात सबके सामने रख दी है। माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के मालिक एलन मस्क ने लोगों को यह संकेत दे दिए हैं कि, वह एक महिला होगी।

बीते गुरुवार को ही मस्क ने एक ट्वीट में बताया, उन्होंने ट्विटर को छोड़ने का मन बना लिया है और नए सीईओ को नियुक्त कर लिया है। उन्होंने लिखा, 'मैं सीईओ के पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। अब फ्यूचर के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में काम करूंगा।' उसके बाद में भी उत्पादों और सॉफ्टवेयर को देखरेख करेंगे मस्क। उन्होंने स्टार्टिंग में ही कहा था कि, उनकी ट्विटर से शीर्ष पर बने रहने की योजना नहीं है।

बीते गुरुवार को ट्विटर ने प्लेटफार्म पर मैसेज सुविधा को सुरक्षित रखने के लिए एनक्रिप्टेड डीएम फीचर को भी लॉन्च किया है। यह सर्विस एंड टू एंड एनक्रिप्टेड मैसेज का सपोर्ट करने के लिए बनाया गया है। हालांकि इससे पहले कई लिमिटेशंस में लगाए गए थे। कंपनी यह भी कहा था कि, केवल वेरीफाइड यूजर्स ही इंक्रिप्टेड चैट शुरू कर सकते हैं, जबकि ऑपरेटर ने इसे सबके लिए कर दिया है।

## काम के साथ साथ मदरहुड की मिसाल, जानिए नेहा बाहरी एकसाथ कैसे संभालती हैं दो-दो जिम्मेदारी

**एनसीआर समाचार**

मां के बिना कोई एक दिन की कल्पना भी नहीं कर सकता !



लेकिन मदर्स डे पूरी दुनिया में माताओं और मां की आकृतियों के प्यार, बलिदान और ताकत का सम्मान करने और जश्न मनाने का एक विशेष अवसर है। दुनिया भर की सभी मांएं सम्मान की पात्र हैं। ऐसी ही एक महिला हैं बीकनेक्ट कम्युनिकेशंस की संस्थापक और निदेशक नेहा बाहरी। एक सफल कामकाजी महिला और एक प्यार करने वाली माँ, नेहा का मानना है कि महिलाएं दुनिया की सबसे मजबूत प्राणी हैं, और उनके पास अपने दावे का समर्थन करने के कुछ शक्तिशाली कारण हैं।

उनके अनुसार, मां होने के नाते महिलाओं को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में चुनौतियों और बाधाओं का सामना करना पड़ता है। लिंग आधारित भेदभाव और असमान वेतन से लेकर सामाजिक अपेक्षाओं तक और अपने बच्चों की समग्र भलाई पर ध्यान देने से, माताओं को अक्सर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कठिन संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ता है और हमेशा खुद को साबित करने के लिए अतिरिक्त मील चलना पड़ता है। इन चुनौतियों के बावजूद, महिलाएं जीवन के सभी क्षेत्रों में फलती-फूलती और सफल होती रहती हैं, चाहे वह उनके करियर में हो या मां के रूप में उनकी भूमिका में।

नेहा का मानना है कि एक मां को अपने बच्चों से ताकत मिलती है। चाहे वह एक माँ, देखभाल करने वाले और पेशेवर के रूप में कई भूमिकाओं के बीच जूझना हो या पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़ना हो, महिलाओं ने बार-बार साबित किया है कि वे कुछ भी हासिल करने में सक्षम हैं, भले ही यह उनका प्रबंधन हो एक ही समय में करियर और अपने बच्चों की देखभाल करना।

वह इस तथ्य पर भी प्रकाश डालती हैं कि एक महिला की ताकत सिर्फ व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक होती है। आगे उस समर्थन के महत्व पर जोर देता है जो एक महिला को अपने परिवार से विशेष रूप से अपने बच्चों से प्राप्त होता है। आखिर एक मां के रूप में एक महिला अपने बच्चों के लिए भी एक प्रेरणा होती है।

नेहा का मानना है कि हर मां में एक नेता बनने और दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता होती है, और मातृत्व इस यात्रा में बाधा के रूप में कार्य नहीं करता है।

जैसा कि हम मदर्स डे मनाते हैं, आइए हम दुनिया भर में माताओं और मां की आकृतियों की ताकत और लचीलेपन का सम्मान करें। आइए हम उनके बलिदानों और हमारे जीवन में योगदान को पहचानें और उन्हें दिखाएं कि वे हमारे लिए कितना मायने रखते हैं। आइए हम भी महिलाओं का समर्थन और सशक्तिकरण जारी रखें, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें और दुनिया भर में सभी को प्रेरित कर सकें।

अंत में, नेहा बहरी के प्रेरक शब्द हमें एक माँ की अविश्वसनीय ताकत और क्षमता की याद दिलाते हैं। इस मदर्स डे, आइए हम अपने जीवन में सभी अद्भुत माताओं और मां के रूपों की ताकत का जश्न मनाएं और अपने दैनिक जीवन में उनके प्रयासों को स्वीकार करें। आइए

## एक नजर

### मिलान में भीषण धमाका, कई कारों में लगी आग



**एनसीआर समाचार**

इटली मीडिया ने कहा कि ऑक्सीजन गैस कनस्तर ले जा रही एक वैन में विस्फोट होने का संदेह था। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गुरुवार को उत्तरी इटली के मिलान के केंद्र में एक विस्फोट के बाद कई वाहन आग की लपटों में घिर गए, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। किसी के मरने की खबर नहीं आई। घटनास्थल पर उच्च स्तर के काले धुएं और अग्निशामकों को दिख रहा है।

### क्या है राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का इतिहास, किसने की थी इस दिन को मनाने की शुरूआत




**एनसीआर समाचार**

हर साल 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का भारत में विशेष महत्व है। प्रतिवर्ष इस दिन अधिकारीगण भारत के वैज्ञानिकों को उपलब्धियों के लिए सम्मानित करते हैं। इस दिन को भारत की तकनीकी प्रगति की उपलब्धि के रूप में भी मनाया जाता है। बता दें कि, 11 मई 1998 को देश में पोखरण में परमाणु हथियारों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था जिसके बाद से इस दिन को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रुप में मनाया जाना शुरू किया गया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का इतिहास

साल 1998, 11 मई को भारत में पोखरण परमाणु परीक्षण किया गया था, जिसकी श्रृंखला को अंजाम देने के बाद एक बड़ी तकनीकी सफलता हासिल हुई थी। पहले स्वदेशी विमान हंसा-3 का परीक्षण किया गया था। आज ही के दिन भारत में त्रिशूल मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया था। तकनीकी की अगर बात करें तो, इसकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने उस वक्त 11 मई को हर साल राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

### बिना जरुरी पेपर ओर हेलमेट के बिना आने वाले वाहनधारको को भारी संख्या मे काटा चालान



**एनसीआर समाचार**

महानिदेशक पुलिस जयपुर राजस्थान के आदेशानुसार पालना करते हुये। विषय सड़क दुर्घटनाओ मे होने वाली मोतों मे कमी लाने हेतु दिनांक 13/05/23 को प्रात 9 बजे से सांय 6 बजे तक बिना हेलमेट के कार्यवाही करवाने के संबंध मे आज करीब करीब पुरे शहर मे पुलिस जाप्ता हर सड़क ओर हर मोड़ पर मुस्तेद नजर आया बिना हेलमेट ओर तीन सवारी बिना जरुरी पेपर ओर हेलमेट के बिना आने वाले वाहनधारको को थाना रामनगरिया जयपुर के सामने बेरिटेक्ट लगा कर काफी संख्या मे चालान ओर काफी संख्या मे लोगो से समझाइस भी पुलिस जाप्ता भरी दोहपर मे नजर आया रक कैलाश चंद जी के आदेशानुसार कार्यवाही हुई। जो बहुत ही सहरानीय पहल है ओर लोगो मे जागरूकता भी आती है।

### बाड़मेर जिले में आज बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों पर चलने वालों को पुलिस द्वारा सदैव हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए समझाया



**एनसीआर समाचार**

राजस्थान, बाड़मेर जिले में आज बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों पर चलने वालों को बाड़मेर पुलिस द्वारा रोककर उन्हें सदैव हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए समझौते नजर आए। हेलमेट नहीं पहननें से आप कभी भी किसी दुर्घटना से चोटिल हो सकतें हैं। कभी किसी भंयकर दुर्घटना से आपको अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है।

पुलिस प्रशासन लोगों को जागरूक करते और अपने अनमोल जीवन को जानबूझकर कर संकटों में नहीं डालें। आ बैल मुझे मार वाली कहावत को चरितार्थ नहीं करें,ये प्यार से समझाते हुए नजर आए। बिना हेलमेट जो भी मिला उनका 1000/- रूपए का चालान भी काटा गया। कुछ लोग हेलमेट को लेकर पुलिस वालों से उलझते भी नजर आए। ट्राफिक पुलिस द्वारा ये कार्यवाही सिटी कोतवाली, रेल्वे स्टेशन, सेवा-सदन के सामने सदर थाना लगभग पुरे बाड़मेर शहर में नजर आई।

### राजेंद्र नगर पुलिस ने घर से भागे से तीन लड़कों सूझ- बुझ के साथ घर भेजा

**एनसीआर समाचार**

राजेंद्र नगर के हेड कांस्टेबल यशवंत को सूचना मिली कि घर से भागे दो किशोर इंदौर की ओर आ रही बस में सवार हैं। पुलिस ने बस को राजेंद्र नगर में रोककर चेकिंग की तो बस में मिले करीब 16-17 साल के दो किशोरों ने पूछताछ में बताया कि वे मौसेरे भाई हैं।

## एक नजर

### मोबाइल फूड लैब द्वारा 74 खाद्य नमूनो कि मौके पर की गई जांच

एनसीआर समाचार

मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले में खाद्य पदार्थों के नमूने एवं निरीक्षण की कार्रवाई का अभियान सतत जारी है अभियान अंतर्गत आज मोबाइल फूड लैब के भ्रमण के दौरान फलों के थोक विक्रेताओं पुलिस लाइन रोड शाजापुर के सानू फ्रूट सप्लायर मनिहार वाडी के मोईन फ्रूट सप्लायर व भारत फ्रूट सप्लायर एवं तालाब की पाल गिरवर रोड स्थित जावेद फ्रूट कंपनी का निरीक्षण भी किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपा टटवाड़े ने बताया कि सभी फल विक्रेताओं द्वारा फलों का थोक क्रय विक्रय किया जाना पाया गया सभी को फूड लाइसेंस के नियमों का पालन एवं कार्बाईड केमिकल से पके फलों का क्रय विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए इस मौके पर कहीं भी कैल्शियम कार्बाईड नहीं पाया गया फल विक्रेताओं द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा इंदौर उज्जैन आंध्र प्रदेश आदि जगहों से फलों को मंगा कर बेचा जाता है। टटवाड़े ने बताया कि मोबाइल फूड लैब भ्रमण के दौरान कालापीपल तहसील के ग्राम चाइनी के गोविंद न्यूट्रिशन प्राइवेट लिमिटेड से दूध एवं घी के नमूने ग्राम कालीसिंध के दीपक मावा विक्रेता से मावा का नमूना गैस गोडाउन रोड शाजापुर के मोदी ट्रेडर्स से सर्विलेंस नमूने मैनुअल लिए मोबाइल फूड लैब द्वारा कुल 74 खाद्य नमूने की मौके पर जांच की गई।

### सीटीए अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश राज्यपाल से की भेंट



एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेशः केंद्रीय तिब्बत प्रशासन (सीटीए) के अध्यक्ष पेनपा छेरिंग ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने भारत और तिब्बत के संबंधों पर विस्तृत चर्चा की। अध्यक्ष ने कहा कि भारत में लगभग 72 हजार निर्वासित तिब्बती रह रहे हैं और उनमें से अधिकतर हिमाचल में रहते हैं। उन्होंने राज्य सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तिब्बती समुदाय को प्रदेश की जनता का भरपूर स्नेह मिला है। उन्होंने कहा कि तिब्बती धर्म भारत की महान संस्कृति का विस्तार है, जिसकी रक्षा के लिए वह प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने राज्यपाल को निर्वासित तिब्बती सरकार के मुख्यालय धर्मशाला आने का भी निमंत्रण दिया। इस अवसर पर पेनपा छेरिंग ने राज्यपाल को सम्मानित भी किया। राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, तिब्बती सरकार के शिमला कार्यालय के सचिव पाल्डेन धोंडुप, अतिरिक्त सचिव तेनजिन नोरबू, संयुक्त सचिव ताशी डेकी, त्सेवांग फुंटसोक, तेनजिन साल्डन, तेनजिन न्यिमा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### हरदोई नगर पालिका ने कस्बे को स्वच्छ रखने के लिए उठाया कदम



एनसीआर समाचार

कस्बे को स्वच्छ रखने के लिए हरदोई नगर पालिका ने एक कदम और बढ़ा दिया है। अब दुकानों के आगे गन्दगी होने पर नगर पालिका व्यापारियों से अर्थदंड वसूल रही है। इसके अलावा पालीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर भी कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को नगर पालिका ने नगर की दुकानों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान एक दुकान के आगे कूड़ा मिलने पर व्यापारी से तीखी नोकझोंक भी हुई। नगर पालिका ने दुकानदार बहादुर चाट भण्डार से 200 रुपये का अर्थदंड वसूल किया। दुकानदार को कड़ी चेतावनी दी गई और दुकानों के आगे गंदगी होने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

कुल 4 दुकानदारों का चालान काटा गया। इसके अलावा नगर पालिका की टीम ने एक दुकान से पालीथिन जब्त किया। सम्बन्धित लोगों से पाँच सौ रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। नगर पालिका की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कम्प मच गया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि कई बार नोटिस देने के बाद भी कुछ दुकानदार मान नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन पूरी तरह प्रतिबन्धित है। उसके बावजूद भी पॉलिथीन की थैली, ग्लास और अन्य सामान नालियों को बंद कर रहा है।

### टाइगर क्लब परिवार नारनौल में शुक्रवार की रात मां भगवती दुर्गा माता की चौकी का आयोजन



एनसीआर समाचार

दिनांक 12- 05- 2023 शुक्रवार की रात्रि टाइगर क्लब परिवार नारनौल के तत्वावधान में माँ भगवती दुर्गा माता की चौकी नारनौल शिवाजी नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में निकाली गयी। जिसके पुरोहित नारायण शास्त्री थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अहीर रेजीमेंट मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं टाइगर क्लब के मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने की। मंच का संचालन टाइगर क्लब के कार्यक्रम समन्वयक हेमंत जैन ने किया। संतोष देवी ने अपने बेटे के जन्मदिन के अवसर पर माता की चौकी का आयोजन किया। दीपक सिंघल इस पोस्ट के मुख्य होस्ट थे।

टाइगर क्लब के पारिवारिक संरक्षक जय प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर मोहन सागर ने सर्वप्रथम गणेश पूजन कर गंगा को भजन रूपी प्रवाहित किया और मां के करूण गीत तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की. कुक्की राजस्थानी ने मैया जी आए।

हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री ने इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के सम्मेलन को किया संबोधित

# सीएम सुक्खू ने किया हिम डाटा पोर्टल का शुभारंभ

एनसीआर समाचार



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जुलाई 2023 से हिमाचल प्रदेश सरकार हिम परिवार परियोजना आरंभ करेगी। इस परियोजना के तहत प्रदेश के परिवारों को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री आज पंजाब के मोहाली स्थित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस में गवर्नेंस एण्ड टेक्नोलॉजी विषय पर इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी द्वारा आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिम डाटा पोर्टल का शुभारंभ भी किया।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिम परिवार परियोजना के माध्यम से विशिष्ट पहचान वाले परिवार के राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर, विद्युत, पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि हिम परियोजनाओं से जुड़े लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सुगमता से मिलेगी और इस तरह लक्षित वर्गों तक योजनाओं के लाभ शीघ्र पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के लिए दिशा निर्धारण सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेहतर शासन के लिए बेहतर प्रशासन के लक्ष्य के साथ विकास की दिशा निर्धारित करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जन-जन को सुखी और समृद्ध बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य है और इसके लिए उचित स्तर पर सही डाटा होना आवश्यक है। सरकार ने अपने पहले ही बजट में अत्याधुनिक डाटा संकलन एवं अनुसंधान तकनीक अपनाने पर बल दिया ताकि संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि आगामी 10 वर्षों में हिमाचल को देश का समृद्ध राज्य बनाया जायेगा। इस दिशा में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों का सहयोग हिमाचल प्रदेश के नीति निर्धारण में सहायक रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयास शीघ्र ही सकारात्मक परिवर्तन के रूप में सामने आयेंगे।

ठाकुर सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि ह्यनॉलेज पार्टनरह्न के रूप में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस हिमाचल डाटा पोर्टल को और लाभदायक एवं उपयोगी बनाने में सहयोग करेगा ताकि प्रदेश के 72 लाख लोगों के जीवन में आशातीत परिवर्तन लाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार तथा इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वन तथा शासन के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करेंगे।

उन्होंने इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस को हिमाचल में नीति अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने इससे पूर्व संस्थान में पौधा रोपा और संस्थान परिसर का दौरा कर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री का व्यापक राजनीतिक अनुभव हिमाचल के विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि एक प्रतिष्ठित संस्थान का प्रदेश सरकार के साथ कार्य करना नीति को जन हितकारी दिशा देने में सहायक है।

हिमाचल प्रदेश के मुख्य सलाहकार सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार गोकुल बुटेल ने कहा कि 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति डाटा एवं सही सूचनाओं का समयबद्ध संकलन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू नवाचार और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर हिमाचल को देश का अनुकरणीय राज्य बनाने के लिए कार्यरत हैं। उन्होंने हिम परिवार परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अभिषेक जैन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी हिमाचल प्रदेश ने कहा कि प्रदेश सरकार के विभिन्न प्रयासों से इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का जुड़ाव अनेक मायनों में आम जन के लिए लाभप्रद रहेगा।

उन्होंने कहा कि नीति निर्धारण में सही डाटा तक पहुंच योजनाओं के सफल कार्यान्वयन का महत्वपूर्ण कारक है। भारती इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक पॉलिसी के डीन प्रोफेसर मदन पिलुतला ने कहा कि सूचना प्रोद्योगिकी के उपयोग और हिम डाटा पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी से लोग वास्तविक अर्थों में सही समय पर लाभ प्राप्त कर पाएंगे।

भारती इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक पॉलिसी के निदेशक प्रोफेसर अश्वनी छेत्रे ने हिमाचल में डाटा तक पहुंच और इसके माध्यम से योजनाओं के लाभ लोगों तक पहुंचाने की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की सूचना प्रोद्योगिकी के माध्यम से जन जन को लाभान्वित करने की पहल अनुकरणीय है।

डॉ. आरुषि जैन, नीति निदेशक भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी ने उपस्थित लोगों स्वागत किया और हिम डाटा पोर्टल सहित सम्मेलन के विषय की जानकारी प्रदान की।

मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया, हिमाचल प्रदेश के निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी मुकेश रेप्सवाल, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक सोलन वीरेंद्र शर्मा, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के शिक्षाविद, अन्य अनुसंधानकर्ता एवं संस्थान के छात्र इस अवसर पर उपस्थित थे।

## पानी की भीषण समस्या से जूझ रहे ग्राम भैंसा पहाड़ी के लोग



एनसीआर समाचार

सागर नगर निगम की सीमा से लगे ग्राम पंचायत भैंसा जिसमें पूर्व से नल जल योजना संचालित है और भैंसा पहाड़ी स्थित सिद्ध बाबा के पास के बोर वेल से पानी की सप्लाई होती हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच की उदासीनता और मनमानी के चलते ग्राम में पानी की सप्लाई के लिए डाली गई पाइप लाइन तथा 7 हॉर्स पावर की मोटर जो बोर में लगी हुई थी बिना किसी अनुमति और बिना किसी पंचायत के प्रस्ताव के निकाली जाकर अन्यत्र स्थान पर भेज दी गई है। भैंसा पहाड़ी तक पानी नहीं पहुंचने के चलते यहां के चढ़ाव का क्षेत्र होने के वावजूद यहां 7हॉर्स पावर के स्थान पर 3 हॉर्स पावर की छोटी मोटर डालने से ग्राम के लोगों को पानी की भीषण समस्या से जूझना पड़ रहा है।ग्राम पंचायत सरपंच की मनमानी कार्यप्रणाली से ग्राम के लोगों में भयंकर रोज व्याप्त होने के साथ-साथ ग्राम पंचायत सरपंच के प्रति नाराजगी भी है।

## मंत्री भूपेंद्र सिंह ने विश्वकर्मा समाज के सत्संग भवन का किया लोकार्पण

एनसीआर समाचार



खुरई, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यहां के संत कवरदास वार्ड में 20लाख की लागत से निर्मित विश्वकर्मा समाज के सत्संग भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर 6 लाख की लागत से बन रहे विश्वकर्मा समाज के मंदिर की कलश स्थापना पूर्ण विधि विधान से संपन्न की। इस अवसर पर मंत्री भूपेन्द्र सिंह संत कवरदास वार्ड में चल रहे विश्वकर्मा महायज्ञ व मद्भागवत कथा एवं कलश प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खुरई में सभी समाजों के सामुदायिक भवनों के निर्माण कराए गए हैं। इसी कड़ी में विश्वकर्मा समाज के इस सत्संग भवन को आप सभी को सौंपते हुए बहुत संतोष हो रहा है। उन्होंने कहा कि 20 लाख का यह सत्संग भवन एक करोड़ की लागत की भूमि पर पूरी गुणवत्ता के साथ बनाया गया है। उन्होंने विश्वकर्मा समाज के गणमान्य नागरिकों से अनुरोध किया कि इस भवन के संचालन के लिए प्रतिष्ठित लोगों की समिति बना कर सद्कार्यों में भवन का सदुपयोग करें। मंत्री सिंह ने कहा कि धार्मिक व मांगलिक कार्यों के साथ बेटियों की शिक्षा जैसे कार्यों में भी इस भवन का उपयोग किया जा सकता है।

कार्यक्रम को सागर के महापौर प्रतिनिधि डा सुशील तिवारी ने भी संबोधित किया और खुरई की विश्वकर्मा समाज को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज ट्रस्ट की ओर से मंत्री सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वृन्दावन जी, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, गनेश, नारान प्रसाद, कृपाराम, प्रहलाद, फुलसींग, उमाकांत, ब्रजेश, जी.पी.विश्वकर्मा, पंचम विश्वकर्मा, दिवाकर विश्वकर्मा, राजेश, जगदीश, रामनाथ, बारेलाल, मौजीलाल, रामकिशन विश्वकर्मा, मनोहर, चन्द्रकांत, वीरेन्द्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## सैनी समाज की मीटिंग आयोजित, 4 जून 2023 को महासंगम जाने का निर्णय

एनसीआर समाचार




कोटपूतली आज दोपहर 1:00 बजे सैनी सभा भवन में 4 जून 2023 को होने वाली सैनी माली महासंगम विद्याधर नगर जयपुर में जाने के लिए जयपुर से सैनी महासंगम के पदाधिकारी गण आए उनका स्वागत किया गया तथा सैनी सभा अध्यक्ष राकेश सैनी ने बताया कि ज्यादा ज्यादा संख्या में पहुंचने का आश्वासन दिया बाहर से आए माली महासंगम के पदाधिकारी गण में प्रदेश अध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी, महात्मा फुले ब्रिगेड के संरक्षक गुड्डू सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष शंकर लाल सैनी, बिरदी चंद सिंगोदिया, ओम प्रकाश सैनी आमेंर, बाबूलाल सैनी, गिरजा सैनी, किरोड़ी लाल सैनी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, पूर्व विरदी चंद सैनी, एडवोकेट अशोक सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी संयोजक, जगदीश, कमल सैनी छात्रसंघ अध्यक्ष, प्रमोद गुरुजी पार्षद सभी ने अपने अपने विचार रखें तथा दुर्गा प्रसाद सैनी एडवोकेट सभापति प्रतिनिधि ने बाहर से आए आगंतुकों को 4 जून जयपुर आने के लिए आश्वस्त किया।

साथ ही सब्जी मंडी अध्यक्ष रमेश सैनी ने भी उक्त आश्वासन का समर्थन किया। उक्त मौके पर सैनी सभा उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, सचिव एडवोकेट, संरक्षक ओम प्रकाश सैनी, रामकुमार सैनी, महात्मा फुले ब्रिगेड जिलाध्यक्ष बिल्लूराम सैनी, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल, अमित सैनी, एडवोकेट सिंबू दयाल सैनी पार्षद, पार्षद कृष्ण कारोडिया, मथुरा प्रसाद सैनी विजेंद्र सैनी पर्वतरोही, रामअवतार सैनी, रोशन लाल सैनी, ललित महात्मा, पहलाद सैनी, राजेश सैनी एडवोकेट, विजय सैनी, देशराज सैनी, सुभाष सैनी, एडवोकेट लोकेश सैनी आदि संख्या में कार्यकारिणी सदस्य व समाज गण उपस्थित रहे तथा 4 जून जाने के लिए आम सभा 14 जून 2023 को समय 4:00 बजे सैनी सभा भवन नंबर 1 पर आयोजित होगी।

## फसल के साथ-साथ खरपतवार का उगना किसानो के लिए बड़ी समस्या



एनसीआर समाचार

हर पीली चीज सोना नहीं होती, किसान जब अपने खेत में फसल उगाता है तो उसमें बहुत साफ बीज डालता है और फिर भी फसल के साथ-साथ खरपतवार भी उग आते हैं। जिसे फसल के साथ कोई किसान नहीं उगाता, वह अपने आप उग जाता है। लेकिन किसान उस खरपतवार को निराई-गुड़ाई या दवा उपचार द्वारा अपनी फसल से हटा देता है, लेकिन किसान कभी भी उस खरपतवार के कारण पूरी फसल को नष्ट नहीं होने देता, हालांकि कुछ लापरवाह किसान अपने खेत खलिहान की ओर ध्यान नहीं देते और खरपतवार बहुतायत में बढ़ जाते हैं। फसल के लिए हानिकारक कारक बन जाता है, आपको बता दें कि आज भाजपा के साथ भी यही स्थिति हो रही है, देश भर में वीजेपी के अंदर इतनी चरस उग आई है, जो पूरे देश के लिए हानिकारक कारक बन गई है।

## हिमाचल प्रदेश के लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं

एनसीआर समाचार



हिमाचल प्रदेश में लोगों को उनके घरद्वार के निकट विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा प्रत्येक चिकित्सा खंड में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हाईटेक अस्पताल स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों को उपचार के लिए बड़े शहरों और प्रदेश से बाहर की ओर रुख न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में प्रदेश के इंदिरा गांधी राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय (आईजीएमसी) में लगभग 30.90 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित ट्रॉमा ब्लॉक लोगों को समर्पित किया। ट्रॉमा ब्लॉक में फिजियोथैरेपी वार्ड, स्पेशल वार्ड, आपातकालीन चिकित्सा इकाई, गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) बेड, आईसोलेशन वार्ड सहित सीटी स्कैन, एक्स-रे, सैंपल एकत्रीकरण केंद्र तथा पैथोलॉजी प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। घायलों व गंभीर रोगियों के उपचार संबंधी वरीयता के लिए यहां अलग व्यवस्था की गई है।

इस ब्लॉक के निर्मित होने से लोगों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं मिलने के साथ साथ यहां सेवाएं देने वाले डॉक्टरों एवं अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ को कार्य करने के लिए उचित वातावरण उपलब्ध हो रहा है। आईजीएमसी में मशीनरी तथा उपकरणों के लिए 12 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं। यह उपकरण व मशीनरी, संस्थान के सर्जरी, ऑर्थोपीडिक्स, न्यूरो-सर्जरी, रेडियोलॉजी तथा एनस्थिसिया विभाग में उपयोग में लाए जाएंगे। इस सेंटर के साथ 175 बिस्तरों वाली चिकित्सा आपातकालीन सुविधा स्थापित करने के लिए सरकार ने 11 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसके अतिरिक्त टांडा मेडिकल कॉलेज में पैट स्कैन मशीन स्थापित करने के लिए 50 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे।

प्रदेश के जिला ऊना में 38 एकड़ के परिसर पर 450 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं वाले 300 बिस्तरों की क्षमता वाले पीजीआई सैटेलाइट केंद्र निर्मित किया जाएगा। यह सैटेलाइट सेंटर जिला ऊना में स्थापित होने वाली एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस केंद्र में 283 करोड़ रुपये से भवन निर्माण और शेष राशि का उपयोग उपकरण खरीदने के लिए किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों के फलस्वरूप इस सेंटर के निर्माण के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा वन स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस केंद्र के स्थापित होने से जिला ऊना, कांगड़ा, हमीरपुर और बिलासपुर जिलों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं उपलब्ध होंगी।

राज्य सरकार विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की वन स्वीकृति के मामले प्राथमिकता के आधार पर केन्द्र सरकार के समक्ष उठाती रही है। मुख्यमंत्री ने कैंसर रोगियों की सुविधा के लिए हमीरपुर में केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना के लिए पैरवी की है। प्रदेश सरकार ने सरकारी उपकरणों की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मेडिकल सर्विस कार्पोरेशन गठित किया है। शिमला, टांडा, नेरचौक, हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालयों में रोबोटिक्स सर्जरी जैसे अत्याधुनिक कोर्स शुरू करवाए जाएंगे जिससे स्वास्थ्य अधोसंरचना सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व बदलाव प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। वर्तमान में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों से स्वास्थ्य क्षेत्रों का कायाकल्प हो रहा है।

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के प्रमुख, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एमआर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली तथा पीएस नरसिंहम की पीठ ने दिल्ली विधानसभा के अधिकार, दिल्ली सरकार और राज्यपाल के अधिकार तथा शिवसेना के दो गुटों में बट जाने और नई सरकार के गठन को लेकर महत्वपूर्ण फैसले दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचित प्रतिनिधियों की सर्वोच्चता को बरकरार रखते हुए, दिल्ली सरकार को कानून बनाने की शक्तियां संवैधानिक रूप से मिली हुई है। जो अधिकारी और कर्मचारी दिल्ली सरकार के अधीनस्थ काम कर रहे हैं।उनके बारे में सभी निर्णय लेने के अधिकार दिल्ली सरकार के बताए गए हैं।दिल्ली सरकार को गृह, कानून व्यवस्था और जमीन संबंधी अधिकार नहीं दिए गए हैं। इसके अलावा दिल्ली सरकार सभी मामले में फैसला ले सकती हैं।सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट कर दिया है, कि उपराज्यपाल को मंत्रिमंडल की सलाह पर ही काम करना होगा।

दिल्ली सरकार के अधिकार और उपराज्यपाल की भूमिका को बड़ी स्पष्ट तरीके से सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में उल्लेखित कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से यह विवाद लगातार चला रहा था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद जहां दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के अधिकार विवाद को समाप्त हो जाने की बात कही जा रही है।वहीं यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है, कि केंद्र सरकार राज्य सरकार को इतने अधिकार देने की पक्षधर नहीं है। ऐसे में दिल्ली विधानसभा भंग भी हो सकती है। दिल्ली सरकार के सभी अधिकार केंद्र अपने अधीन ले सकती हैं। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचित प्रतिनिधियों की सर्वोच्चता को बरकरार रखते हुए, राज्यपाल तथा उपराज्यपाल की भूमिका को तय कर दिया है। राज्यपाल राज्य सरकार के बॉस नहीं है। वह केंद्र सरकार के प्रतिनिधि हैं।राज्य सरकार ऐसा कोई काम करती है, जो केंद्रीय कानून या संघीय ढांचे के विरुद्ध होता है। राज्य सरकार अधिकारों से बाहर जाकर कोई निर्णय करती है। उसके बारे में वह केंद्र को अवगत कराने के अधिकार हैं। इस संबंध में केंद्र को ही फैसला लेना होगा। राज्यपाल सीधे कोई फैसला नहीं कर सकता है। महाराष्ट्र में शिवसेना के दलबदल को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सूक्ष्म स्तर पर जाकर मुद्दों की सुनवाई की है।दल बदल कानून, राजनीतिक संगठन के अधिकार, राज्यपाल की भूमिका इत्यादि पर विस्तृत चर्चा, सुप्रीम कोर्ट में पक्ष और विपक्ष के अधिवक्ताओं, के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के जजों ने भीसुनवाई के दौरान इस मामले की तह में जाने का प्रयास किया है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल के फैसले को गलत बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दल के निर्वाचित विधायकों के अधिकार, पार्टी के अधिकार,विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका और राज्यपाल की भूमिका पर विस्तृत रूप से सुनवाई की है।

# लोकतंत्र में जंतर-मंतर और जनपक्ष?

> सत्ता क्या कानून व्यवस्था की परिभाषा बदल रही है। संवैधानिक संस्थाओं का क्या पूरी तरह राजनीतिक कारण हो रहा है। लोकतंत्र में आम आदमी के अधिकार क्या आम और खास में विभाजित हो गए हैं। अगर ऐसा नहीं है तो जंतर-मंतर पर पहलवानों की तरफ से दिए जा रहे धरने का केंद्र सरकार संज्ञान क्यों नहीं ले रहीं है। धरने पर बैठने वाली विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया सहित दूसरे पहलवान कोई आम व्यक्ति नहीं हैं।उन्होंने देश के लिए मेडल जीता है।

-प्रभुनाथ शुक्ल-

लोकतंत्र में क्या सत्ता सर्वोपरि है। लोकहितों का संरक्षण क्या उसका दायित्व नहीं है। जिसके हाथ में सत्ता है वह क्या संवैधानिक संस्थाओं से अलग है। सत्ता में आने के बाद क्या जनतांत्रिक अधिकार हाशिए पर चले जाते हैं।संविधान में वर्णित अपने अधिकारों के लिए आम आदमी को सड़क पर क्यों उतरना पड़ता है। सत्ता से जुड़े मंत्री विधायकों को कानूनी संरक्षण क्यों दिया जाता है। जनतंत्र के प्रति क्या सरकारें अपना दायित्व खोती जा रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं का गला दबाकर क्या समानानंतर एक नई व्यवस्था कायम की जा रही है। आम आदमी एक छोटा सा अपराध अगर करता है तो उसे सीधे जेल में भेज दिया जाता है। लेकिन सत्ता एवं सरकार पर अपनी पकड़ रखने वाले राजनेताओं को जेल क्यों नहीं होती है।

सत्ता क्या कानून व्यवस्था की परिभाषा बदल रही है। संवैधानिक संस्थाओं का क्या पूरी तरह राजनीतिक कारण हो रहा है। लोकतंत्र में आम आदमी के अधिकार क्या आम और खास में विभाजित हो गए हैं। अगर ऐसा नहीं है तो जंतर-मंतर पर पहलवानों की तरफ से दिए जा रहे धरने का केंद्र सरकार संज्ञान क्यों नहीं ले रहीं है। धरने पर बैठने वाली विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया सहित दूसरे पहलवान कोई आम व्यक्ति नहीं हैं।उन्होंने देश के लिए मेडल जीता है। देश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पर रखा है। मेडल जीतने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बधाई दी है। पूरा देश पलक पावडे बिछा कर उनका स्वागत किया है। फिर पहलवानों की जायज मांग पर सरकार संज्ञान क्यों नहीं ले रही है। धरने का राजनीतिकरण क्यों किया जा रहा है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी मुकदमा लिखने के बाद फिर क्यों नहीं हो रही। यह सब बातें साफ तौर पर जाहिर करती है कि



उन्हें सरकार का सीधा संरक्षण है।

जंतर मंतर पर अपनी मांगों को लेकर बैठे पहलवान कितने सच है मैं यह नहीं कह सकता। उनकी तरह से लगाए गए आरोप कितने खरे हैं यह भी कहना मुश्किल है। महिला पहलवानों के यौन शोषण में सांसद बृजभूषण शरण सिंह कि कितनी भूमिका रही है यह सब पूरी तरह जांच का विषय है। हालांकि मीडिया में दिए गए अपने बयान में उन्होंने बार-बार कहा है कि वह बिल्कुल निर्दोष हैं। पहलवानों की तरफ से लगाए गए आरोप बेबुनियाद और मनगढ़ंत है। एक निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में शिलाजीत खाने का बयान भी खूब सुर्खियों में रहा। महिला पहलवानों का आरोप कितना सच है बृजभूषण शरण सिंह कितने दूध के धुले हैं यह सब जांच के दायरे में आता है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका बेहद गैर जिम्मेदाराना रहीं है। महिला पहलवानों को बृजभूषण शरण सिंह पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अदालत के आदेश के बाद सांसद पर मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

कुश्ती संघ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण पर सेक्सुअल हरासमेंट और पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ है। निर्भया कांड के बाद 2013 में इस एक्ट में संशोधन हुआ। जिसमें यह तथ्य शामिल हुआ कि इसके तहत मुकदमा दर्ज होने बाद तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। मीडिया में अधिवक्ताओं के बयान के मुताबिक इस धारा में जमानत भी आसान नहीं होती है। महिला पहलवानों की तरफ से इतने संगीन आरोप लगाए जाने और मुकदमा दर्ज होने के बाद भी सांसद की गिरफ्तारी पुलिस क्यों नहीं कर रही है। पुलिस अपने कर्तव्य के प्रति कितनी नैतिक है यह भी सवाल उठने लगा है। पुलिस क्या सत्ता और राजनीति की कठपुतली हो चली है। वह क्या सुप्रीमकोर्ट से भी ऊपर है। महिला पहलवानों का मुकदमा उसने क्यों नहीं लिखा। पहलवानों को सुप्रीमकोर्ट तक क्यों जाना पड़ा। जिस धाराओं में मुकदमा लिखा गया इसके बाद भी सांसद की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही। तमाम सवालों से जाहिर होता है कि बृजभूषण शरण सिंह को सीधे-सीधे तौर पर सरकार बचा रहे। कानून और जानधिकार का गला दबाने वाली पुलिस पर भी मुकदमा होना चाहिए।

मीडिया को दिए गए अपने बयान में कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने साफ तौर पर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमितशाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा अगर उनसे त्यागपत्र देने के लिए कहते हैं तो वह तत्काल अपना त्यागपत्र दे देंगे। फिर इतने संगीन आरोप लगने के बावजूद भी प्रधानमंत्री और अन्य जिम्मेदार त्यागपत्र देने के लिए क्यों नहीं कह रहे हैं। सिंह ने मीडिया को दिए गए बयान में कहा है कि उनके खिलाफ एक उद्योगपति, बाबा और कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा हैं। अगर उनका आरोप तथ्य के करीब है तो संबंधित लोगों के खिलाफ वह पुलिस में क्यों नहीं जा रहें हैं । अपने ऊपर लगे आरोपों पर फिर क्यों सफाई क्यों दे रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी निश्चित रूप से भारत की सबसे बड़ी बड़ा राजनैतिक दल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को नई दशा और दिशा मिली है। व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि एक ईमानदार राजनेताकी है। उनकी छबि एक कुशल प्रशासक की है। देश की जनता उन पर पूरा भरोसा है। लोग कहते हैं कि मोदी हैं तो मुमकिन है। वह राष्ट्रीय मान, सम्मान और स्वाभिमान के लिए काम करते हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नेताओं में उनकी गिनती हो रही है। उनके विचारों से पूरा देश प्रभावित होता है। वह अपने व्यक्तिगत जीवन में चरित्र की राजनीति करते हैं। राजनीतिक में वह साफ-सुथरी और पारदर्शी छवि चाहते हैं। फिर उनकी तरफ से बृजभूषण शरण सिंह को त्यागपत्र देने के लिए क्यों नहीं कहा जा रहा है। जबकि महिला पहलवानों को पूरी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेंगे। महिला पहलवानों की मांग पर गौर करना करना चाहिए। क्योंकि इस तरह से खेल और खिलाड़ियों का मनोबल कमजोर होगा। कुश्ती कमजोर होगी।

महिला पहलवानों की तरफ से आरोप लगने के बाद कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को खुद नैतिकता दिखाते हुए पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए था। आरोपों की जांच होने के बाद दूध का दूध पानी का पानी हो जाता। लेकिन उन्होंने त्यागपत्र नहीं दिया और मीडिया के जरिए आए दिन बयान बाजी कर रहे हैं। खेलों को बचाने के लिए यह आवश्यक है कि उनकी

# विवादित होने में ही फिल्म की सफलता

-प्रो. सुरेश शर्मा-

फिल्म देखते हुए कभी हमारी धडकनें तेज होने लगती, कभी करुण भाव आता, कभी गुदगुदी, कभी नफरत, कभी आक्रोश, कभी प्यार। हम ऐसा महसूस करते कि फिल्म में अभिनेता नहीं बल्कि ये तो मैं ही हूं, ये तो मेरी कहानी है। फिल्म की कहानी के साथ हम इतना विस्मृत हो जाते कि बैठे-बैठे तीन घण्टे कैसे व्यतीत हो गये हमें पता ही न चलता। फिल्म की कहानी के दृश्यों के साथ शीतल पेय गटकते, पॉपकॉर्न, नमकीन, भूने हुए चने चबाने की गति भी कभी कम तथा कभी तेज होती जाती। दोस्तों, परिवार के सदस्यों तथा सगे संबंधियों के साथ बिना चिंता तथा परेशानी से समय कब बीत जाता पता ही नहीं चलता। अब फिल्मी कहानियां हास-परिहास तथा प्यार प्रेम, दुर्घटनाओं तथा त्रासदी पर ही आधारित न रहकर सामाजिक, ऐतिहासिक, राजनैतिक घटनाओं तथा व्यक्तियों पर भी बनने लगी हैं। देश बंटवारा, धार्मिक, राजनैतिक घटनाओं, जातीय संघर्षों, अनैतिक सम्बन्धों, आंदोलनों, युद्धों, दंगों, सैनिकों, बादशाहों, खिलाडि?ों तथा राजनीतिज्ञों के जीवन पर अनेकों फिल्मों का निर्माण हो चुका है। फिल्मों तथा विवादों का भी चोली-दामन का साथ हो चुका है। फिल्मों के निर्माण में करोड़ों की धनराशि खर्च होती है।

फिल्म उद्योग में बड़ी फिल्मों के निर्माण में काले धन के प्रयोग पर भी आमतौर पर चर्चा होती रहती है। पूर्व में अन्तर्राष्ट्रीय गिरोहों, अंडरवर्ल्ड तथा आतंकी संगठनों की भी प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से भूमिका की चर्चा रही है। कुल मिलाकर फिल्म उद्योग कला, संस्कृति, तकनीक तथा देश-दुनिया के साथ औद्योगिक, राजनैतिक, खेल जगत के बड़े-बड़े घरानों का ऐसा संगम है जहां पर नेम-फेम के साथ चमक-दमक, धन-दौलत, आकर्षण सब कुछ उपलब्ध है। वर्तमान में सिनेमा कलात्मकता, प्रतिभा एवं योग्यता, गीत-संगीत, तकनीक, अभिनय योग्यताओं एवं सृजनात्मक अभिव्यक्तियों के धन दौलत, नेम-फेम, सुर-सुरा तथा सुंदरी का अद्भुत तथा आकर्षक मेल है। आधुनिक फिल्म निर्माण कलात्मक अभिव्यक्ति तथा योग्यता से अधिक कहीं राजनैतिक तथा आर्थिक व्यवस्था पर अधिक आधारित है। बॉक्स ऑफिस में एक दिन, एक सप्ताह तथा एक महीने में कितना व्यवसाय किया है इससे फिल्म की सफलता निश्चित होती है। अब तो फिल्मों के निर्माण में राजनैतिक दलों, केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों का भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग तथा समर्थन रहता है। कभी सरकारों द्वारा फिल्मों के प्रदर्शन पर बैन लगा दिया जाता है और कभी प्रमोशन के लिए टैक्स माफ कर दिया जाता है। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने प्रत्येक नागरिक को ऐसी स्वतन्त्रता प्रदान की है कि कोई भी व्यक्ति कहीं भी, किसी विषय पर, कभी भी अपनी भड़ास निकाल सकता है। उद्योगपति, राजनीतिज्ञ तथा खेल जगत की हस्तियां भी अब फिल्मों में हाथ आजमाने लगी हैं। कोई न कोई आकर्षण तो है ही फिल्म उद्योग में। वर्तमान में फिल्म की कहानी, प्रोड्यूसर, निर्देशक, अभिनेता या अभिनेत्री जितना विवादास्पद होगा उतनी ही फिल्म के हिट होने की गारंटी है। फिल्म निर्माण तथा रिलीज से पहले ही फिल्मों पर रोक के लिए धरने-प्रदर्शन, आन्दोलन तथा न्यायालय में स्टे आर्डर के लिए जाना सामान्य बात हो गई है।

फिल्म रिलीज होने से पहले उसकी एडवरटाइजमेंट पर बहुत अधिक धनराशि खर्च की जाती है। समाचार पत्रों, सोशल मीडिया तथा इंटरनेट के माध्यम से एक तूफान सा पैदा कर फिल्म को देखने का आकर्षण पैदा कर दिया जाता है। कभी आन्दोलन हो जाते हैं, कभी सिनेमा घर तथा बॉक्स आफिस फूंक दिए जाते हैं। भारतवर्ष के लोग इतने अति संवेदनशील तथा ज्वलनशील हैं कि आक्रोश में छोटी सी बात पर दंगा फसाद, आन्दोलन, आगजनी, धरना प्रदर्शन के लिए किसी भी चिंगारी के संपर्क में आ सकते हैं, फिर नुकसान चाहे देश का हो, भौतिक संसाधनों का हो या फिर जान-माल का हो। आम जनता लड़ती-झगड़ती है। कानून व्यवस्था चरमराती है और फिल्म की कीमत बढ़ती जाती है। लगभग दो दशकों में बहुत सी विवादास्पद फिल्मों का निर्माण हुआ है जिनका उद्देश्य किसी विशेष धर्म, पड़ोसी देश, समुदाय, जाति के लोगों की भावनाओं के साथ राजनैतिक तथा आर्थिक भी होता है। इन विवादित फिल्मों में द ब्लैक फ्राईडे, फायर, कामसूत्र- अ टेल ऑफ लव, बैंडिट क्वीन, सिन्स, फना, वाटर, आरक्षण, निःशब्द, पीके, रंग दे बसंती, उड़ता पंजाब, माय नेम इज खान, मैसेंजर ऑफ गॉड, अनफ्रीडम, गर्म हवा, रामलीला, लाल सिंह चड्ढा, ब्रह्मास्त्र, जोधा अकबर, द डर्टी पिक्चर, पद्मावत, क्वीन, इंदू सरकार, द कश्मीर फाइल्स, द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर आदि मुख्य हैं जो विवादों में रहने के बावजूद हिट रहीं। फिल्मों को हिट करने के लिए फिफल्म निमार्ता विवादों को हथकंडे की तरह इस्तेमाल भी करने लगे हैं। कई बार तो जानबूझकर ऐसे अति संवेदनशील विषयों का चुनाव कर लिया जाता है जिनका लोग विरोध करें। माननीय न्यायालयों तथा सेंसर बोर्ड द्वारा विवादास्पद दृश्य को हटाने के बाद फिल्म को रिलीज कर दिया जाता है। तब तक फिल्म को पापुलैरिटी मिल चुकी होती है। यह एक सोचा समझा खेल होता है जिसे मासूम तथा भोली-भाली जनता नहीं समझ पाती।

# पायलट-गहलोत के बीच घमासान

-योगेंद्र योगी-

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अनदेखी से राजस्थान में कांग्रेस दोफाड़ होने के कगार पर पहुंच गई है। पार्टी की अनदेखी के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मचे घमासान से यह नौबत आई है। पायलट और गहलोत एक-दूसरे के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं। पायलट इस आरोप को दोहराते रहे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलों की जांच नहीं करा रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान खुद गहलोत ने ही वसुंधरा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पायलट की इस मांग की काट निकालते हुए गहलोत ने इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए पायलट के पार्टी छोड़ने के दौरान किए विद्रोह और इसके लिए विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत का मुद्दा उठा दिया।

गहलोत ने कहा कि पायलट के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने का प्रयास करने वाले विधायकों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 10-10 करोड़ रुपए दिए थे। इसी के साथ गहलोत ने एक तीर से दो शिकार करते हुए भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी लपेट लिया। इससे भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। गहलोत ने वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता कैलाश मेघवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार गिराने की कवायद में साथ देने से इंकार कर दिया था। इससे आगे एक और दाव चलते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बगैर कहा कि जिन विधायकों ने उनकी सरकार को गिराने के लिए अमित शाह से रुपए लिए, वे उन्हें वापस लौटा दें। गहलोत यहां तक कह गए कि यदि विधायकों ने 10 करोड़ में से कुछ करोड़ खर्च कर दिए हैं तो इसकी भरपाई वे खुद कर देंगे या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से करवा देंगे। गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं।

पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं। चुनावी वर्ष में प्रदेश में उठ रहे राजनीतिक बवंडरों की चपेट में आने से पूर्व मुख्यमंत्री राजे को भी तगड़ा झटका लगा है। लंबे अर्से से पार्टी में वनवास की हालत झेलने के बाद राजे ने केंद्र से अपने संबंधों में जो सुधार की कोशिश की थी, उससे नुकसान होना तय है।

बड़ा सवाल देश जोड़ने के लिए यात्रा निकालने वाले राहुल गांधी के राजस्थान कांग्रेस में होते बिखराव को देखते रहने का है।। कमोबेश पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पायलट-गहलोत विवाद में मूक दर्शक बने रहे। राजस्थान में गुर्जरों के निर्विवाद प्रभावशाली नेता माने जाने वाले सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत के बीच ऐसी ठन गई है कि इसका समाधान अब कांग्रेस के बूते से बाहर हो गया है। सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक प्रहार करने में जुटे हुए हैं। पार्टी में सम्मानजनक पद नहीं दिए जाने से आहत पायलट ने लंबे अर्से तक घुटन झेलने के बाद खिलाफत का रास्ता अपनाया है। दो साल पूर्व की गई गहलोत सरकार की तख्ता पलटने की साजिश के बाद से ही पायलट कांग्रेस में हाशिए पर हैं। हालांकि विशाल किसान रैलियां निकाल कर पायलट अपनी ताकत का एहसास पार्टी को करा चुके हैं। पार्टी हाईकमान पायलट की भूमिका को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाया। इससे अनुभवी पायलट को अंदाजा लग गया कि पार्टी उनके साथ न्याय नहीं करेगी और न ही अशोक गहलोत के मामले में कोई निर्णय करेगी। इस राजनीतिक विवाद को लटकाने की कांग्रेस की रणनीति से आजिज आकर पायलट ने आक्रामक भूमिका अख्तियार कर ली। पिछले दिनों भाजपा की मुख्यमंत्री रही वसुंधरा राजे के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया था। सचिन ने दो साल पहले मौजूद पार्टी अध्यक्ष खडगे की मौजूदगी में बहुमत का प्रदर्शन करने वाले गहलोत को दो करीबी नेताओं पर कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी कई बार सवाल उठाए हैं।

सचिन के उठाए इस अप्रत्याशित कदम ने राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य नेताओं को गंभीर राजनीतिक संकट में डाल दिया। खडगे और रंधावा सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने सचिन के लगाए आरोपों से कन्नी काट ली। देश में कांग्रेस जिस राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रही है, ऐसी हालत में मुख्यमंत्री गहलोत पर किसी तरह का दबाव डाल कांग्रेस विद्रोह को हवा नहीं देना चाहती। लेकिन पायलट को लेकर कांग्रेस की उलझन बढ़ती जा रही है।

## बड़ी अदालत के बड़े सदके

-राकेश अचल-

बड़ी अदालत बड़ी ही होती है। बड़ी अदालत का बड़ा बड़प्पन होता है। बड़ी दृष्टि होती है, बड़ा दिल होता है। शायद इसीलिए बड़ी अदालत बड़ी अदालत कही जाती है। गुरुवार को बड़ी अदालत ने भारत में ही नहीं अपितु पड़ौसी पाकिस्तान में भी अपनी गुरुता का परिचय अपने फैसलों के जरिये दिया। बड़ी अदालतों के बड़े फैसले भारत और पाकिस्तान की राजनीतिक दशा और दिशा को बदलने वाले हो सकते हैं, बाशर्त की सब इन फैसलों का सम्मान करें और अदालत की मंशा के मुताबिक काम करें। दुनिया में हो न हो लेकिन भारत और पाकिस्तान में छोटी-बड़ी अदालतों के लिए ये सबसे बुरा दौर है। अदालतों का सत्ता से निरंतर टकराव हो रहा है। अदालतों के फैसलों पर उंगलियां उठाई जा रहीं हैं और तो और दूसरे संवैधानिक संस्थानों की तरह अदालतों को भी अविश्वसनीय बनाने की नाकाम कोशिश की जा रही है। अदालतों को प्रभावित किया जा रहा है, लालच दिए जारहे हैं। बावजूद इसके अदालतें अपना काम कर रहीं हैं। कहीं कम तो कहीं ज्यादा। अदालतें राहत भी देतीं हैं,निराश भी करतीं है और नजीरें भी पेश करतीं हैं। इसीलिए मुझे अदालतों पर आज भी यकीन है। दूसरों को भी होगा ही।

भारत की सबसे बड़ी अदालत ने दिल्ली सरकार को राहत दी और केंद्र के नुमाइंदे लेफ्टिनेंट जनरल के अधिकारों को स्पष्ट करते हुए दिल्ली की निर्वाचित सरकार के वे अधिकार बहाल किये जिनका अतिक्रमण लेफ्टिनेंट जनरल अक्सर किया करते हैं। कभी-कभी तो लगता है जैसे दिल्ली में चुनी हुई सरकार है ही नहीं।सबसे पहले दिल्ली की बात कोई जाये। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली में जमीन, पुलिस और कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारे प्रशासनिक फैसले लेने के लिए दिल्ली की सरकार स्वतंत्र होगी। अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग भी कर पाएगी। उपराज्यपाल इन तीन मुद्दों को छोड़कर दिल्ली सरकार के बाकी फैसले मानने के लिए बाध्य हैं।

एक तरह से ये फैसला दिल्ली की केजरीवाल सरकार के लिए बड़ी जीत है। वहीं, केंद्र सरकार और उपराज्यपाल को बड़ा झटका लगा है। केंद्र को इसतरह के झटके की जरूरत थी, क्योंकि केंद्र ने राजनीतिक अदावतों को भुनाने के लिए उप राज्यपाल को अपना औजार बना रखा है। केवल दिल्ली में ही नहीं बल्कि जहां -जहां दिल्ली जैसी स्थितियां हैं वहां-वहां उम्मीद है कि अब केंद्र सरकार के एजेंटतमाम उप राज्यपाल अपनीहदों में रहेंगे। उन्हें हदों में रहना चाहिए ,क्योंकि लोकतंत्र के लिए ऐसा आवश्यक है। उप राज्यपाल और राज्यपालों के केंद्र के इशारे पर राज्यों की निर्वाचित सरकारों से टकराने और उन्हें परेशान करने के असंख्य किस्से हैं। उन पर चर्चा फिर कभी। बड़ी अदालत का दूसरा बड़ा फैसला महाराष्ट्र में लोकतंत्र के साथ मजाक से जुड़ा है। यहां सत्ता लोलुपताऔर नैतिकता के बीच जंग थी। बड़ी अदालत ने महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष और राज्यपाल की भूमिका पर उँगलियाँ उठाएं लेकिन बड़ी अदालत महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को बहाल नहीं कर सकी,क्योंकि ठाकरे ने नैतिकता के आधार पर खुद इस्तीफा दिया था। सत्ता हथियाने में नैतिकता की जरूरत नहीं पड़ती और ये दौर नैतिकता का है भी नहीं।ऐसे में ठाकरे साहब को बड़ी अदालत के फैसले पर संतोष करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अब उन्हें जनता की अदालत के फैसले का इन्तजार करना चाहिए। गनीमत है किदेश में अभी कुर्सी की लड़ाई ही अदालतों तक पहुंचती है। सरकारों के उत्तरदायित्व की नहीं, अन्यथा बड़ी अदालत में आज मणिपुर की हिंसा भी फैसले के लिए आ सकती थी। मणिपुर में राज्य सरकार पूरी तरह नाकाम रही है।केंद्र का इंजन भी मणिपुर की मदद नहीं कर सका। वहां सब कुछ भगवान भरोसे हैं। मणिपुर में क्या चल रहा है,कोई नहीं जानता, क्योंकि खबरें छन-छन कर आ रहीं हैं। बड़ी अदालत का तीसराबड़ा फैसला पड़ौसी देश पाकिस्तान का है। हिंसा की आग में जल रहे पकिस्तान की बड़ी अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरानखान की गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार देतेहुए खान साहब को फौरन रिहा करने के निर्देश दिए हैं। पकिस्तान में अदालतों की दशा भारत जैसी नहीं है, फिर भी जैसी है उल्लेखनीय है। गनीमत है कि पाकिस्तान की हुकूमतऔर सेनाने बड़ी अदालत का फैसला मानतेहुए इमरानखान साहब को रिहाकर दिया है।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार

प्रातः 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# सेबी ने की मांग: छह माह का मिले समय कोर्ट का जवाब: तीन माह का वक्त पर्याप्त

## अडाणी-हिंडनबर्ग रिसर्च विवाद, सर्वोच्च न्यायालय में अगली सुनवाई 15 मई को होगी



नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने बहुचर्चित अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर शुक्रवार को सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने दो मार्च को बाजार नियामक सेबी को अदाणी समूह के शेयर की कीमतों में हेरफेर के आरोपों की दो महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया था। इस बीच सेबी ने कोर्ट से जांच के लिए और छह महीने का समय मांगा था।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा, हम जांच के लिए समय बढ़ाएंगे, लेकिन छह महीने के लिए नहीं। हम समय को तीन महीने के लिए बढ़ाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय की ओर से नियुक्त समिति की रिपोर्ट रजिस्ट्री में है और वे इस पर सप्ताहांत के दौरान विचार करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने समय बढ़ाने की सेबी की याचिका को विचार के लिए सोमवार 15 मई को सूचीबद्ध की है। शीर्ष अदालत ने भारतीय निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक पैनल भी गठित किया था, जब अमेरिकी लघु विक्रेता हिंडनबर्ग की एक हानिकारक रिपोर्ट ने भारतीय समूह के बाजार मूल्य के 140 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक का सफाया कर दिया था। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### सेबी ने मांगा था छह महीने का समय

इससे पहले बाजार नियामक सेबी ने शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों और नियामकीय खुलासे में किसी तरह की चूक की जांच पूरी करने के लिए और छह महीने का समय देने की सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी। याचिका में कहा गया कि जांच पूरी करने के लिए समय को छह महीने या ऐसी अन्य अवधि के लिए बढ़ाएं जो अदालत वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में उचित और आवश्यक समझे। शीर्ष अदालत ने मौजूदा नियामकीय ढांचे के आकलन और प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सिफारिशें करने के उद्देश्य से पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति गठित करने का निर्देश दिया था।

### सेबी इन पहलुओं पर कर रही जांच

सेबी द्वारा जिन पहलुओं पर जांच की जा रही है। उनमें क्या सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट रेगुलेशन रूल्स के नियम 19ए का उल्लंघन हुआ है। क्या मौजूदा कानूनों का उल्लंघन कर स्टॉक की कीमतों में कोई हेरफेर हुआ। कॉन्ट्रैक्ट रेगुलेशन रूल्स के नियम 19ए शेयर मार्केट में लिस्टेड कंपनियों की मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़ा है। भारतीय कानून में किसी भी लिस्टेड कंपनी में कम से कम 25 फीसदी शेयरहोल्डिंग पब्लिक यानी नॉन इनसाइडर्स की होनी चाहिए।

### अदाणी समूह को बड़ा झटका, 2 कंपनियों शेयर एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स से होंगे बाहर

अदाणी ग्रुप की दो कंपनियों को बड़ा झटका लगा है। अदाणी ग्रुप के 2 शेयर एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स से बाहर हो जाएंगे। जबकि फ़ूड डिलीवरी एप जोमैटो के वैटेज में इजाफा होगा। एमएससीआई ने अपनी तिमाही व्यापक सूचकांक समीक्षा में यह घोषणा की है। एमएससीआई का यह फैसला 31 मई, 2023 से लागू हो जाएगा। अदाणी ग्रुप के जो शेयर एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स से बाहर होंगे, वे अदाणी ट्रांसमिशन और अदाणी टोटल गैस हैं। इंडेक्स से बाहर निकलने के चलते अदाणी ट्रांसमिशन से 201 मिलियन डॉलर की निकासी हो सकती है। वहीं, अदाणी टोटल गैस से 186 मिलियन डॉलर की निकासी हो सकती है। नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च ने यह निकासी का अनुमान जताया है। रिपोर्ट में कहा गया की अदाणी ग्रुप के शेयरों में प्रत्येक से 1.80 करोड़ शेयर बेचे जा सकते हैं। इन स्टॉक्स का वैटेज क्रमश: 0.34 और 0.31 है। दूसरी तरफ इंडेक्स पर जोमैटो के वैटेज में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इससे 7.70 करोड़ शेयर खरीदे जाएंगे और 59 मिलियन डॉलर का इनफ्लो आएगा। इस शेयर का वैटेज 0.10 फीसदी बढ़कर 0.3 फीसदी हो जाएगा।

# अब ऑनलाइन नहीं मिलेगी सीट बेल्ट अलार्म बंद करने वाली डिवाइस

### सीसीपीए ने लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स कंपनियां अपने मंच से कार सीट बेल्ट अलार्म को बंद करने वाले उपकरणों की बिक्री नहीं कर सकेंगी। उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित पांच ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने मंच से ऐसे उपकरणों को हटाने का आदेश दिया है। नियामक ने कहा कि ये उपकरण स्टॉपर क्लिप सीट बेल्ट न पहनने पर अलार्म की आवाज को रोकते हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा से समझौता होता है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण सीसीपीए ने अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील, शॉपक्लूज और मीशो से कहा है कि वे कार सीट बेल्ट के अलार्म को बंद करने वाले स्टॉपर क्लिप और संबंधित कलपुर्जों को अपने मंच से स्थायी रूप से हटा दें। इस आदेश के बाद पांच ई-कॉमर्स कंपनियों ने अपने मंच से 13118 कार सीट बेल्ट अलार्म क्लिप हटा दिया है। नियामक ने एक बयान में कहा कि अमेजन ने 8095 ऐसी क्लिप को हटा दिया है, वहीं फ्लिपकार्ट ने करीब 5000 क्लिप को हटाया है।

### तेलंगाना सरकार रोजगार को देगी बढ़ावा

मुंबई। तेलंगाना सरकार के आईटीईएंडसी विभाग के तहत एक एनजीओ तेलंगाना एकेडमी फॉर स्किल एंड नॉलेज और एचडीएफसी बैंक ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस नए करार के तहत नए स्नातकों और स्नातकोत्तरों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एमओयू के अनुसार, एचडीएफसी बैंक अब टास्क के साथ पंजीकृत 700 संस्थानों में प्रतिभा के एक बड़े पूल तक पहुंच बनाने में सक्षम होगा। श्रीकांत सिन्हा, सीईओ टास्क और रंगा सुब्रमण्यम, हेड टैलेंट एक्विजिशन, एचडीएफसी बैंक ने हैदराबाद में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साझेदारी के तहत टास्क प्रशिक्षित छात्रों को हायर करने में एचडीएफसी बैंक की मदद करेगा। टास्क द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव और साक्षात्कार के लिए सभी प्रकार की लॉजिस्टिकल सहायता प्रदान की जाएगी।

### औद्योगिक उत्पादन में गिरावट

नई दिल्ली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक आईआईपी पर आधारित देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर मार्च 2023 में धीमी पड़ कर सालाना आधार पर 1.1 प्रतिशत रही। इस वर्ष फरवरी में औद्योगिक उत्पादन पिछले वर्ष फरवरी की तुलना में 5.6 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च में खनन क्षेत्र का उत्पादन साल-दर-साल 6.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इस अवधि के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में सालाना आधार पर वृद्धि मात्र 0.5 प्रतिशत रही। मार्च में बिजली उत्पादन में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के निदेशक अनुसंधान विवेक राठी ने कहा, औद्योगिक वृद्धि में नरमी मुख्य रूप से विनिर्माण उत्पादन में वृद्धि में कमी के कारण है। पूंजी और बुनियादी ढांचे/निर्माण क्षेत्र के उत्पादन में हालांकि वृद्धि ऊंचे स्तर पर बनी हुई है, जो अर्थव्यवस्था में सुधार का संकेत है। राठी ने कहा कि घरेलू खपत में सुधार के संकेत अभी भी असमान हैं, क्योंकि टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में अभी तेजी आना बाकी है।

### मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में 20 दिवसीय कार्यक्रम संस्कारम का समापन



भोपाल। मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के एमडी एमएस छात्रों के 20 दिवसीय कार्यक्रम संस्कारम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अनुराग सिंह राजपूत ने विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि फैकल्टी ऑफ आयुर्वेद के डायरेक्टर डॉ बाबुल तालुकदार रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि मानसरोवर डेंटल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. तृप्ति राहंगडाले और डा. एनके प्रसाद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ अनुराग सिंह राजपूत ने, विशिष्ट अतिथि का स्वागत डॉ मनीषा राठी एवं डॉ एनके प्रसाद का स्वागत डॉ अशोक गुप्ता ने किया। डॉ अनुराग सिंह राजपूत के द्वारा नव प्रविष्टि एमडी एमएस छात्रों को चरक शपथ दिलाई गई। मानसरोवर समूह के चीफएग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजीनियर गौरव तिवारी ने संस्कारम की पूरी टीम की सराहना की। मानसरोवर समूह की चेयरपर्सन श्रीमती मंजुला तिवारी ने छात्रों को संस्थान एवं अभिभावकों का नाम गर्व से ऊंचा करने का आशीर्वाद दिया।

### आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में ओरियंटेशन समारोह

भोपाल। भोपाल पुलिस हेड क्वार्टर के डीसीपी डॉक्टर विनीत कपूर ने आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में पुलिस स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम के ओरियंटेशन समारोह में विद्यार्थियों को कानून व्यवस्था और शासन-प्रशासन की कार्यवाही से अवगत कराते हुए कहा कि देश की व्यवस्थाओं को समझना और उनका आदरपूर्वक उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की



अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि किस तरह पुलिस प्रशासन दिन-रात समाज की सुरक्षा एवं समाज उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। इसके बाद एडिशनल डीएसपी रिचा चौबे एवं जितेंद्र राजाराम ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को इंटर्नशिप के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक प्रबंधन डॉ. बीएन सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुनील पाटिल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ रत्नेश जैन, प्रशासनिक अधिकारी योगराज सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनल सिंह एवं गगन शर्मा ने किया।

### वीआईटी भोपाल में रक्तदान शिविर का आयोजन

भोपाल। वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने हमीदिया अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन वीआईटी यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट सुश्री कादंबरी एस विश्वनाथन ने डॉ सेंथिल कुमार अरुमुगम, उपकुलपति और डॉ प्रद्युम्न यादव, कुलसचिव की उपस्थिति में किया। उन्होंने



इस नेक काम में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों की सराहना की और समाजसेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। वीआईटी-भोपाल के छात्रों द्वारा 400 यूनिट रक्तदान किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए हमीदिया ब्लड बैंक में उपलब्ध होगा। इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना था। यह रक्तदान शिविर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनोद भट्ट और डॉ नीतू कालरा द्वारा समन्वित किया गया था।

### एमपीआईएचटीटीएस में नेपकिन फोल्डिंग पर सेमिनार

भोपाल। मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्टिेलिटी ट्रेवल एंड टूरिज्म स्टडीज, एमपीआईएचटीटीएस एवं इग्नू के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान के अंतर्गत ऑरिगेमी एवं नेपकिन फोल्डिंग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ डा. नीलिमा वर्मा, संचालक, एमपीआईएचटीटीएस भोपाल एवं डा. हरकिरत बैंस, कोऑर्डिनेटर इग्नू द्वारा किया गया। संस्थान में प्रवेशित बीबीए होटल मैनेजमेंट एवं इग्नू के पीजीडीएचओ कोर्स के छात्रों को



इस सेमिनार का लाभ प्राप्त हुआ। ऑरिगेमी एवं नेपकिन फोल्डिंग का प्रशिक्षण एवं व्याख्यान श्रीमती प्रगति केलकर द्वारा दिया गया, जिसमें नेपकिन को विभिन्न तरह से फोल्ड करने के तरीके बताए गए, जो होटल एवं हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र से जुड़े छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही छात्रों को फूड एंड बेवरेज सर्विस के लिए औद्योगिक भ्रमण के लिए होटल ताज लेकफ्रंट ले जाया गया।

# आमजन को खुदरा महंगाई से बड़ी राहत

## अप्रैल में घट कर 4.70 प्रतिशत, 18 माह के निचले स्तर पर महंगाई

नई दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के बीच अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.70 प्रतिशत रही। यह खुदरा मुद्रास्फीति का 18 माह का न्यूनतम स्तर है। मार्च माह में खुरा महंगाई दर वार्षिक आधार पर 5.66 प्रतिशत और अप्रैल 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति 7.79 प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरा महीना है, जब खुदरा-मुद्रास्फीति कम हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन एनएसओ द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में सभी वस्तुओं वाला सामान्य खुदरा मूल्य सूचकांक (आधार 2022-12=100) 178.1 अंक था। पिछले वर्ष अप्रैल में सामान्य खुदरा मूल्य सूचकांक 170.1 अंक था। मार्च, 2023 में खुदरा मूल्य सूचकांक 177.2 अंक था। अप्रैल में खाद्य वस्तुओं के खुदरा मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति घटकर 3.84 प्रतिशत रही। मार्च 2023 में खाद्य वस्तुओं के वर्ग की महंगाई दर वार्षिक आधार पर 4.79 प्रतिशत थी। अप्रैल में सब्जियों के दाम सालाना आधार पर 6.50 प्रतिशत घटे हुए थे।

### आयुष मंत्रालय का आयुरटेक सेंटर शुरू

जोधपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर द्वारा भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आयुरटेक सेंटर ऑफएक्सीलेंस का उद्घाटन किया। सीओई आयुरटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई आधारित स्वास्थ्य क्षेत्र का भाग है जो आईआईटी जोधपुर के स्कूल ऑफ आर्टिपुशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस में है। इस केंद्र को स्थापित करने का उद्देश्य लोगों के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रारंभिक उपचार के लिए सटीक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों के लिए एआई संचालित एकीकृत ढांचा स्थापित करना है। आयुरटेक सीओई का उद्घाटन मुख्य अतिथि वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव आयुष मंत्रालय भारत सरकार और प्रो. शांतनु चौधरी निदेशक आईआईटी जोधपुर ने संस्थान के फैकल्टी और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया।

### परिवार के साथ वक्त बिताने से हमेशा ताजगी का एहसास होता है

भोपाल। हर साल 15 मई को परिवारों के साथ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के जुड़ाव का महत्व दिखाने के लिये इंटरनेशनल फैमिली डे मनाया जाता है। इस अवसर पर एण्डटीवी के कलाकार आयुध भानुशाली (कृष्णा, दूसरी मां), योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह, हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी, 'भाबीजी घर पर हैं') परिवार के साथ वक्त बिताने का महत्व बता रहे हैं। दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, 'मेरी बातचीत खाने पर शुरू होती है और अपनी पत्नी के साथ खाना खाने से ज्यादा मजा मुझे किसी काम में नहीं आता है। सौभाग्य से मेरी पत्नी को भी यही लगता है। हम लॉन्ग ड्राइव्स पर भी जाते हैं और खाने-पीने की नई जगहें खोजते हैं।

### वंशज में अभिनेता अलीरजा नामदार विदुर के रूप में दिखेंगे

भोपाल। सोनी सब की सीरीज़, वंशज के साथ विलासिता और ताकत की दुनिया में जाने के लिए तैयार हो जाइए। यह शो एक अमीर कारोबारी परिवार के भीतर उपस्थित पारिवारिक संघर्षों, राजनीतिक षडयंत्रों और पारस्परिक डायनेमिक्स का आदर्श समामेलन पेश करता है। इस साम्राज्य के शक्तिशाली और समृद्ध सदस्यों के जीवन को दर्शाते हुए, वंशज एक ऐसे परिवार के इम्तहानों और बाधाओं को उजागर करने का आश्वासन देता है, जो अपनी उपलब्धियों के बावजूद, पितृसत्ता को लेकर उनके पारंपरिक विचारों से त्रस्त है। अनुभवी अभिनेता अलीरज़ा नामदार, महाजन परिवार के दाहिने हाथ विदुर के रूप में वंशज की मौजूदा कास्ट में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### समाज में मांओं के योगदान का सम्मान!

भोपाल। मदर्स डे वा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कलाकारों ने उन अनगिनत तरीकों पर अपने विचार रखे, जिनसे उनकी मांओं ने उनके जीवन को प्रभावित किया है। कथा अनकही में कथा की भूमिका निभाने वालीं अदिति देव शर्मा ने कहा, मेरी मां और मेरे बीच एक बड़ा करीबी रिश्ता हैं। वो हमारे परिवार की रीढ़ हैं। बचपन से ही मेरी मां ने मेरी सभी जरूरतों का ख्याल रखा है। वो एक ऐसी दोस्त हैं। सपनों की छलांग में सुमन यादव का रोल निभा रहीं कशिश दुग्गल कहती हैं, एक बच्चा आपके जीवन में जो खुशियां लाता है, उसे बयां नहीं किया जा सकता।

# गो फर्स्ट संकट से भारतीय विमानन क्षेत्र की वृद्धि रफ्तार नहीं बदलेगी: बोइंग

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी विमान विनिमार्ता बोइंग ने शुक्रवार को कहा कि गो फर्स्ट संकट से भारतीय विमानन क्षेत्र की वृद्धि रफ्तार प्रभावित नहीं होगी।

बोइंग के मुताबिक भारत में नागर विमानन बाजार की वृद्धि और वृहद रुझानों में कोई बदलाव नहीं आएगा तथा विमान पट्टे पर देने के पहलुओं पर कानूनी स्पष्टता से पट्टे पर विमान देने वाली कंपनियों को राहत मिलेगी।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और तेजी से बढ़ रहा विमानन बाजार है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय विमानन कंपनियों को अगले 20 वर्षों में 2,200 से अधिक विमानों की जरूरत होगी।

नकदी संकट से जूझ रहे गो फर्स्ट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने के मद्देनजर बोइंग इंडिया




के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा कि जब कोई एयरलाइन वित्तीय चुनौतियों का सामना करती है, तो इससे प्रबंधन, कर्मचारी तथा सभी संबद्ध पक्ष प्रभावित होते हैं और समग्र परिवहन अवसंरचना पर इसका दबाव पड़ता है।

यह पूछने पर कि क्या गो फर्स्ट संकट का देश के विमानन बााजर पर प्रभाव पड़ेगा, गुप्ते ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता है और वृद्धि जारी रहेगी। उन्होंने कहा, आमतौर पर, हम ऐसा नहीं मानते हैं कि वृद्धि और वृहद रुझानों के संदर्भ में बाजार में बदलाव होगा प्रगति कभी भी एक सीधी रेखा में नहीं होती है और उतार-चढ़ाव हमेशा होते हैं। बोइंग इंडिया के प्रमुख ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ह्नगो फर्स्ट आज जिन चुनौतियों से गुजर रही है, उनके बावूजद भारत में वृद्धि जारी रहेगी।

इस बीच, विमान पट्टेदारों ने गो फर्स्ट के खिलाफ शुरू की गई दिवाला कार्यवाही के बारे में चिंता जताई है, क्योंकि ऐसे में उन्हें संकटग्रस्त विमानन कंपनी को पट्टे पर दिए गए विमानों को वापस लेने से रोक दिया गया है। भारत में, घरेलू एयरलाइंस ज्यादातर पट्टे पर विमान लेती हैं।

इस बारे में गुप्ते ने कहा कि केप टाउन सम्मेलन के संदर्भ में पट्टे पर लिए गए विमानों पर कानूनी स्पष्टता से पट्टेदारों को सुविधा मिलेगी।

# ग्लोबल मार्केट से निगेटिव संकेत, एशियाई बाजारों पर भी दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्लोबल मार्केट से आज एक बार फिर कमजोर संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार लगातार चौथे दिन दबाव में कारोबार करते नजर आए। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले पूरे सत्र के दौरान दबाव बना रहा। आज एशियाई बाजारों में भी निक्केई इंडेक्स को छोड़ कर शेष सभी बाजारों में गिरावट बनी हुई है।

पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट के दो सूचकांक गिरावट के साथ और एक मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। डाओ जोंस 221.82 अंक यानी 0.66 प्रतिशत टूट कर 35,309.51 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.17 प्रतिशत गिरकर 4,130.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर नैस्डेक 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,328.51 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



जानकारों के मुताबिक ग्लोबल मार्केट में ग्रोथ को लेकर लगातार चिंता बनी हुई है। खासकर अमेरिका में मंदी और कर्ज के डिफॉल्ट होने की चिंता ने ग्लोबल मार्केट को दबाव में पहुंचा दिया है। जेपी मॉर्गन के सीईओ जेमी डिमॉन ने कर्ज के डिफॉल्ट की आशंका जताई है। डिमॉन ने कहा है कि बाजार में पैनिक की स्थिति बन सकती है। जानकारों का ये भी कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने से महंगाई दर में मामूली गिरावट जरूर दर्ज की गई है। लेकिन इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ने की संभावना बन गई है, जो आगे चलकर मंदी की एक बड़ी वजह बन सकती है।

अमेरिका में बने दबाव और बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने का असर पिछले कारोबारी सत्र में यूरोपीय बाजार में भी नजर आया। एफटीएसई इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,730.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,834.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर सीएसी इंडेक्स पूरे दिन दबाव का सामना करने के बाद 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,381.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में भी आज लगातार दबाव की स्थिति बनी हुई है। अमेरिकी बाजार में मंदी की आशंका ने एशिया के बाजारों में भी निक्केई इंडेक्स को छोड़कर हर जगह बिकवाली का दबाव बना दिया है। निक्केई इंडेक्स फिलहाल 228.56 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 29,355.28 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

दूसरी ओर एसजीएक्स निफ्टी 103.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,246.50 अंक के स्तर पर कारोबार करता दिखाई दे रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,202.46 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। जबकि हैंग सेंग इंडेक्स 0.08 प्रतिशत टूट कर 19,727.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,506.92 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,481.86 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.56 प्रतिशत टूट कर 1,558.66 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.44 प्रतिशत फिसल कर 6,726 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.40 प्रतिशत गिर कर 3,296.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों ने मजबूत वृद्धि दर्ज की

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में काम कर रही भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या में इस साल रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर 2023 के अनुसार ऐसी कंपनियों की संख्या बढ़कर 954 हो गई है। बृहस्पतिवार को जारी 2023 के विश्लेषण के मुताबिक ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों का कुल कारोबार 2014 के 19 अरब पाउंड से बढ़कर 2023 में 50.5 अरब पाउंड हो गया है। ब्रिटेन के उद्योग और व्यापार विभाग (डीबीटी) में निवेश मंत्री लॉर्ड डॉमिनिक जॉनसन ने कहा, ह्नमैं चाहता हूं कि दो मुक्त लोकतंत्र झ्र भारत और ब्रिटेन, जो स्वतंत्रता और मानव मूल्यों में विश्वास करते हैं, अपनी साझेदारी के जरिए मिलकर एक मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण करें। ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा, ह्नकई लोगों को अंदाज नहीं होगा कि इतनी बड़ी संख्या में भारतीय कंपनियां यहा मौजूद हैंङ्घ मैं सोचता हूं कि हम इससे भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। हमें ऐसे क्षेत्रों की पहचान करनी होगी, जहां हम दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ सकते हैं।

## सुंदरम होम फाइनेंस को वृद्धि जारी रहने का विश्वास: प्रबंध निदेशक

चेन्नई, एजेंसी। सुंदरम होम फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग सकारात्मक बनी हुई है और कंपनी चालू वित्त वर्ष में अपनी वृद्धि जारी रखेगी। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 65.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के 53.05 करोड़ रुपये से 23.8 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी का कर्ज वितरण जनवरी-मार्च, 2022 के 794.08 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च, 2022 तिमाही में 1,222.46 करोड़ रुपये हो गया। सुंदरम होम फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) लक्ष्मीनारायण दुरईस्वामी ने कहा, रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग सकारात्मक बनी हुई है। हमें चालू वित्त वर्ष में भी वृद्धि जारी रहने का पूरा विश्वास है। हमारी वृद्धि अब तीसरी एवं चौथी श्रेणी के कस्बों से आएगी।

# देश सेमीकंडक्टर विनिर्माण में अलग पहचान बनाने की राह पर अग्रसर: चंद्रशेखर

नई दिल्ली, एजेंसी। सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक आपूर्ति एवं मूल्य शृंखला में अपना स्थान मजबूती से बना रहा है और सेमीकंडक्टर विनिर्माण में भी यह अपनी अलग पहचान बनाने की राह पर है।

चंद्रशेखर ने कहा कि सिर्फ डेढ़ साल पहले तक सेमीकंडक्टर डिजाइन के स्टार्टअप लगभग नदारद थे लेकिन वर्ष 2024 तक इनकी संख्या 100 के करीब पहुंचने जा रही है। इस समय 27-30 डिजाइन एवं सेमीकंडक्टर स्टार्टअप बहुत



अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने एप्पल, सिस्को और सैमसंग जैसी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की तरफ से भारत में विनिर्माण की प्रतिबद्धता जताए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के भविष्य और वैश्विक आपूर्ति एवं मूल्य शृंखला और नवोन्मेषी परिवेश में भारत की भूमिका मजबूती से स्थापित हो चुकी है।

चंद्रशेखर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में आयोजित तीसरे सेमीकॉनइंडिया फ्यूचरडिजाइन रोडशो को संबोधित करते हुए कहा, हम बहुत जल्द एक फैब्रिकेशन सेंटर शुरू करने जा रहे हैं और इसके अलावा पहले पैकेजिंग निवेश की भी घोषणा करेंगे। हम भारत का सेमीकंडक्टर अनुसंधान केंद्र भी शुरू करने जा रहे हैं। इस तरह सेमीकंडक्टर नवोन्मेष, इलेक्ट्रॉनिक्स नवाचार और विनिर्माण के भविष्य में भारत की जगह निश्चित रूप से बनने जा रही है।

उन्होंने कहा कि भारत ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए 76,000 करोड़ रुपये की योजना शुरू की हुई है। इसके अलावा प्रतिभाओं की बड़ी तादाद और कौशल-विकास कार्यक्रम भी भारत को सेमीकंडक्टर देश के तौर पर विकसित कर रहे हैं।

चंद्रशेखर ने कहा, इंडिया टेकेड (तकनीकी दशक) भारत के लिए प्रौद्योगिकी अवसरों से भरा हुआ दशक है। ये प्रौद्योगिकी अवसर देश भर के युवाओं के लिए उपलब्ध हैं।

इस कार्यक्रम में सिकोया कैपिटल इंडिया ने इस साल के अपने दूसरे सेमीकंडक्टर निवेश की घोषणा की। सिकोया ने इनकोर सेमीकंडक्टर्स को शुरूआती वित्तपोषण दौर में 30 लाख डॉलर का वित्त देने का ऐलान किया है।

# मांकड़, पूरन ने सनराइजर्स से जीत छीनी

**हैदराबाद, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने प्रेरक मांकड़ (64 नाबाद) के शानदार अर्द्धशतक और निकोलस पूरन (44 नाबाद) के तूफानी योगदान की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आतिशबाजी से भरे मुकाबले में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से परास्त कर दिया।

सनराइजर्स ने ने हेनरिक क्लासेन (29 गेंद, 47 रन) और अब्दुल समद (25 गेंद, 37 रन) के बीच हुई 58 रन की आक्रामक साझेदारी की मदद से लखनऊ के सामने 183 रन का लक्ष्य रखा। पूरन ने अंतिम ओवरों में 338.46 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ को चार गेंदें रहते हुए जीत दिला दी।

हार की ओर बढ़ रही लखनऊ को आखिरी पांच ओवर में 69 रन की जरूरत थी, लेकिन अभिषेक शर्मा के एक ओवर ने मैच को पूरी तरह पलट दिया। मार्कस स्टॉयनिस और पूरन ने इस ओवर में कुल पांच छक्के जड़ते हुए 31 रन जोड़े जिसके बाद लखनऊ को चार ओवर में मात्र 38 रन की जरूरत थी। मैच को लखनऊ की झोली में डालने वाले पूरन 13 गेंद पर तीन चौकों और चार छक्कों के साथ 44 रन बनाकर नाबाद रहे। मांकड़ ने भी 45 गेंद पर सात चौके और दो छक्के जड़कर 64 रन का अर्द्धशतकीय योगदान दिया।




लखनऊ को लक्ष्य का पीछा करते हुए वैसी शुरूआत नहीं मिल सकी जैसी उसे उम्मीद थी। सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स 14 गेंद पर दो रन बनाकर आउट हो गये, जबकि लखनऊ पावरप्ले में मात्र 30 रन ही बना सकी। क्विंटन डी कॉक ने एक छोर से आक्रामकता दिखाई लेकिन सनराइजर्स के कप्तान एडेन मार्करम ने स्पिनरों का बखूबी इस्तेमाल किया।

मयंक मार्कंडे ने 19 गेंद पर 29 रन बनाने वाले डी कॉक को पवेलियन लौटाया, जबकि अभिषेक ने लखनऊ के बल्लेबाजों को काबू में रखा। पारी के 13वें ओवर से लखनऊ के बल्लेबाजों ने आक्रामकता दिखाना शुरू की।

स्टॉयनिस-मांकड़ ने 13वें ओवर में फजलहक फारुकी के विरुद्ध 14 रन जोड़े, जबकि अगले ओवर में मार्कंडे ने 14 रन दिये। अभिषेक ने अपने शुरूआती दो ओवरों में 11 रन ही दिये थे, लेकिन 16वें ओवर में उन्हें वापस लाना मार्करम के लिये भारी पड़ा। स्टॉयनिस (25 गेंद, 40 रन) शुरूआती दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर आउट हो गये, जबकि पूरन ने बची हुई तीन गेंदों पर तीन छक्के जड़ डाले। अभिषेक ने इस ओवर में एक वाइड के साथ 31 रन दिये जिसके बाद लखनऊ पूरी तरह से मैच पर हावी हो गयी। पूरन ने विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखी और 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी चौका जड़कर लखनऊ को लक्ष्य तक पहुंचाया।

इससे पूर्व, सनराइजर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए तेज शुरूआत की और चित-परिचित अंदाज में विकेट भी गंवाये। अभिषेक शर्मा पांच गेंद पर सात रन बनाकर आउट हुए जबकि राहुल त्रिपाठी 13 गेंद पर चार चौकों की मदद से 20 रन ही बना सके।

अनमोलप्रीत सिंह ने हालांकि आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और सनराइजर्स को पावरप्ले में 56 रन तक पहुंचाया। उन्होंने नौंवे ओवर में अमित मिश्रा को एक छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह मिश्रा को कैच थमा बैठे। अनमोलप्रीत ने 27 गेंद पर सात चौकों की मदद से 36 रन बनाये। उनका विकेट गिरने के बाद कप्तान एडेन मार्करम और क्लासेन सनराइजर्स को 200 रन की ओर ले जा सकते थे, लेकिन लखनऊ के कप्तान क्रुणाल पांड्या ने कसी हुई गेंदबाजी कर-के विपक्षी टीम की आक्रामकता पर लगाम लगायी। क्रुणाल ने 13वें ओवर में लगातार गेंदों पर मार्करम (20 गेंद, दो चौके, एक छक्का, 28 रन) और ग्लेन फिलिप्स (शून्य) का विकेट चटकाया। उन्होंने चार ओवर में दो सफलताएं हासिल करते हुए मात्र 24 रन दिये। मध्य ओवरों में रनगति थमने के बावजूद क्लासेन और समद ने टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

क्लासेन ने 16वें ओवर में मिश्रा को दो छक्के लगाये, जबकि समद ने अगले ओवर में पांड्या को एक छक्का जड़ा। क्लासेन अपने अर्द्धशतक से तीन रन की दूरी पर आउट हो गये, लेकिन समद ने 25 गेंद पर एक चौके और चार छक्कों के साथ नाबाद रहकर लखनऊ के सामने 182 रन का स्कोर खड़ा किया।

पांड्या के अलावा युद्धवीर सिंह, आवेश खान, यश ठाकुर और मिश्रा ने भी एक-एक विकेट लिया। रवि बिश्नोई ने दो ओवर में 23 रन दिये जबकि उन्हें कोई सफलता हासिल नहीं हुई।

सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी

## टूनार्मेंट में अजेय रही चार टीमों के बीच होगी सेमीफाइनल की जंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुवार को 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल चरण की समाप्ति के साथ टूनार्मेंट अब सेमीफाइनल मुकाबलों की ओर बढ़ गया है। टूनार्मेंट राउरकेला, ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है।

हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, हॉकी हरियाणा, हॉकी झारखंड और उत्तर प्रदेश हॉकी ने टूनार्मेंट के अंतिम चार में जगह बनाई है। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी मध्य प्रदेश को पिछले क्वार्टरफाइनल मैच में 2-1 से हराया, हॉकी हरियाणा ने नॉकआउट गेम में हॉकी कर्नाटक को 14-0 से हराया। इसके अलावा, हॉकी झारखंड ने हॉकी चंडीगढ़ के खिलाफ 11-0 से जीत दर्ज की, वहीं, उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी पंजाब को 6-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

सेमीफाइनल में हॉकी झारखंड का सामना उत्तर प्रदेश हॉकी से और मौजूदा चैम्पियन हॉकी हरियाणा का सामना ओडिशा हॉकी संघ से होगा। इस बीच, टूनार्मेंट में अब तक के अपने अनुभव पर बात करते हुए हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के प्रबंधक सह कोच मो. इस्माइल ने कहा, यह हमारे लिए अब तक एक शानदार टूनार्मेंट रहा है। हम मैदान पर अपनी योजनाओं को लागू करने में सफल रहे हैं जो हमारी जीत का प्रमुख कारण है। यहां तक कि हॉकी मध्य प्रदेश के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मैच में भी दबाव के बावजूद भी हम अपनी रणनीति पर कायम रहे, जिससे हमें वापसी करने और मैच जीतने में मदद मिली।"

सेमीफाइनल के लिए टीम की तैयारी के बारे में बात करते हुए इस्माइल ने कहा, हॉकी हरियाणा, निस्संदेह, एक बहुत अच्छी टीम है, लेकिन हम उन्हें कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, हॉकी मध्य प्रदेश के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत ने हमारे आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाया है और हमें विश्वास दिलाया है कि हम किसी भी चुनौती से पार पाने में सक्षम हैं।"

साथ ही उत्तर प्रदेश हॉकी कोच जितेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि उन्हें सेमीफाइनल में हॉकी झारखंड को हराने का पूरा भरोसा है।

## यशस्वी और रिंकू भारतीय टी20 टीम के हकदार : रवि शास्त्री

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व सदस्य हरभजन सिंह और रवि शास्त्री ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शानदार प्रदर्शन कर रहे यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह को बगैर देर किये भारत की टी-20 टीम में जगह दिये जाने की वकालत की है। स्टार स्पोर्टस से बातचीत में पूर्व भारतीय स्पिनरों ने कहा कि भारत की टी20 टीम में युवा प्रतिभाओं को शामिल करने का समय आ गया है और इसमें देरी करना बिल्कुल तर्कसंगत नहीं होगा।

शास्त्री ने कहा, अगर टीम इंडिया वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस कर रही है तो चयनकताओं को यशस्वी और रिंकू जैसे युवाओं को अधिक से अधिक मौके देने पर ध्यान देना चाहिए। इन खिलाड़ियों को फास्ट ट्रैक किया जाना चाहिए और अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए इन्हे तैयार किया जा सकता है। अगर चयनकर्ता अभी



उन्हें नहीं चुनते हैं तो मुझे नहीं पता कि वे और क्या खोज रहे हैं।

मुबंई के यशस्वी जायसवाल आईपीएल में राजस्थान रायल्स की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 साल के यशस्वी ने आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक लगाकर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया। केकेआर के खिलाफ स्टाइलिश बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 13 गेंदों पर अर्धशतक बनाया जो अब तक का दूसरा सबसे तेज टी20 अर्धशतक है।

युवा खिलाड़ी से प्रभावित भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि जायसवाल राष्ट्रीय चयनकताओं को उनकी प्रतिभा पर ध्यान देने और उन्हें कॉल-अप देने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा यशस्वी जायसवाल सिर्फ भारतीय क्रिकेट टीम के दरवाजे पर दस्तक ही नहीं दे रहे हैं बल्कि वह अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन से इसे तोड़ते दिख रहे हैं। वह एक प्रतिभा है।

## प्रीमियर हैंडबॉल लीग के उद्घाटन सत्र की मेजबानी करेगा जयपुर

**जयपुर, एजेंसी।** प्रीमियर हैंडबॉल लीग का पहला संस्करण 8 से 25 जून 2023 तक जयपुर, राजस्थान के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। लीग में 6 टीमें-राजस्थान पैट्रियट्स, गर्वित गुजरात, महाराष्ट्र आयरनमेन, गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश, तेलुगु टैलन्स और दिल्ली पैंजर्स हिस्सा ले रही हैं। स्टेडियम ने 2014 से कई प्रो कबड्डी लीग मैचों की मेजबानी भी की है क्योंकि यह जयपुर पिंक पैंथर्स का घर है। स्थल का स्वामित्व और प्रबंधन राजस्थान राज्य खेल परिषद द्वारा किया जाता है। पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित ओलंपियन और राजस्थान राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ कृष्णा पूनिया ने कहा, "मुझे खुशी है कि प्रीमियर हैंडबॉल लीग का पहला सीजन जयपुर के आधुनिक और अनोखे सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। हम राज्य में एक भव्य खेल आयोजन के लिए प्रतिबद्ध थे और ऐसा करने का यह बिल्कुल सही अवसर था। हमें यकीन है कि प्रीमियर हैंडबॉल लीग में भाग लेने वाले हैंडबॉल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सही मंच प्रदान करेगी और अंततः देश में एक खेल के रूप में हैंडबॉल की स्थिति को ऊपर उठाने में मदद करेगी।" डॉ. पूनिया का समर्थन करते हुए ब्लूस्पोर्ट एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष, डॉ. अजय दाता ने कहा, "मैं प्रीमियर हैंडबॉल लीग के उद्घाटन सत्र की मेजबानी के लिए डॉ पूनिया और राजस्थान राज्य खेल परिषद का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। स्टेडियम में सुविधाएं त्रुटिहीन हैं और लीग के असाधारण आयोजन में शामिल होंगी।

## एआरआरसी के दूसरे चरण में हिस्सा लेंगे कवीन और मोहसिन

**सेपांग (मलेशिया)।** होण्डा रेसिंग का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय राइडर कवीन क्विंटल और मोहसिन पी शनिवार को यहां सेपांग इंटरनेशनल सर्किट में एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (एआरआरसी) के दूसरे राउंड में हिस्सा लेंगे।

एशिया की सबसे मुश्किल रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के एशिया प्रोडक्शन 250सीसी (एपी250 सीसी) क्लास के पहले ओपनिंग राउंड में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद एक मात्र भारतीय दोपहिया रेसिंग टीम कुल नौ अंकों के साथ आगामी राउंड में प्रवेश करने जा रही है।

चेन्नई के इस राइडर ने अपनी पहली रेस में 1 पॉइन्ट स्कोर किया, जिसके बाद दूसरी रेस में अपने प्रभावशाली राइडिंग कौशल के



चलते उन्होंने 11वें स्थान पर रेस फिनिश की। 17 वर्षीय राइडर ने कुल 6 पॉइन्ट्स के साथ दूसरे राउण्ड में प्रवेश किया और वर्तमान में स्कोरबोर्ड पर 13वें स्थान पर हैं। कवीन की टीम के रूकी राइडर मोहसीन पी इस रेस में उनका साथ देंगे। मलप्पुरम के ये युवा राइडर एआरआरसी में अपने पहले सीजन में 3 पॉइन्ट्स के साथ 17वें स्थान पर हैं।

कवीन क्विंटल ने कहा, मैं बेहद उत्सुक हूं कि मुझे एक बार फिर से सेपांग इंटरनेशनल सर्किट पर रेस करने का मौका मिल रहा है। मैंने अपनी कमजोरियों पर खूब काम किया है और इस सप्ताहान्त एआरआरसी के दूसरे राउण्ड की रेस के लिए मैं अपने आप को प्रेरित एवं मजबूत महसूस कर रहा हूं। हमेशा की तरह मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स देने का लक्ष्य रखा है, ताकि मैं हर आउटिंग में अपने परफोर्मेन्स में सुधार ला पाउं और अपने देश एवं अपनी टीम के लिए अधिक पॉइन्ट्स स्कोर कर सकूं।

दूसरे राउण्ड को लेकर बेहद उत्सुक मोहसीन पराम्बन ने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे मलेशिया में मोटो जीपी रेस ट्रैक पर दूसरे राउण्ड में हिस्सा लेने का अवसर मिल रहा है। यह मेरे लिए नया एडवेंचर होगा। अपने मेंटर एवं कुशल तकनीशियन के मार्गदर्शन में मैंने अपनी कमजोरियां पर काम किया है। मुझे उम्मीद है कि इस सप्ताहान्त मैं ज्यादा से ज्यादा पॉइन्ट्स स्कोर करूंगा।

## सूर्य ने जिताया मैच, राशिद ने जीता दिल

**मुबंई, एजेंसी।** सूर्य कुमार यादव (103 नाबाद) के तूफानी नाबाद शतक के आगे राशिद खान (चार विकेट, 79 रन नाबाद) का जीवट प्रदर्शन बौना पड़ गया और मुबंई इंडियंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 27 रन से शानदार जीत दर्ज की।

मुबंई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पांच विकेट पर 218 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में गुजरात टाइटंस निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। एक समय गुजरात के आठ विकेट 103 रन पर गिर चुके थे और मुबंई की जीत बेहद आसान लग रही थी मगर गेंद से कमाल दिखा चुके राशिद का इरादा बल्ले से भी



कुछ कर गुजरने का था। रोहित की सेना जब तक अफगान पठान के इरादे को भांपती,तब तक गाड़ी बहुत दूर जा चुकी थी। राशिद ने मात्र 32 गेंदो में तीन चौके और दस छक्के लगाकर मैच में रोमांच पैदा किया और मैदान पर मौजूद दर्शकों की वाहवाही लूटी। हालांकि मुबंई के विशालकाय स्कोर को पाने में उन्हे कुछ और ओवर की जरूरत थी जिसकी इजाजत उन्हे नहीं थी।

राशिद के काम को आसान करने में ओस ने बखूबी काम किया। मुबंई के गेंदबाज हर एक बाल फेंकने के बाद गेंद को पोछते दिखायी पड़े। आकाश मढवाल को तीन विकेट मिले जबकि पीयूष चावला और कुमार कार्तिकेय ने दो दो विकेट चटकाये।

इससे पहले वानखेड़े स्टेडियम पर सूर्य कुमार का बल्ला विरोधी गेंदबाजों को धूल चटाता दिखायी पड़ा। सूर्य की बल्लेबाजी के आगे गुजरात के गेंदबाज पानी मांगते नजर आये। राशिद खान (30 रन पर चार विकेट) को छोड़ कर करिश्मायी सूर्य ने बाकी बचे चार गेंदबाजों की जमकर धुनायी की। अपनी नाबाद शतकीय पारी में सूर्य ने मात्र 49 गेंदे खेलकर 11 चौके और छह छक्के जमाये। मौजूदा आईपीएल सत्र का यह उनका पहला शतक था। इससे पहले नौ मई को उन्होने रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ 83 रन की धमाकेदार पारी खेली थी।

## युवा महेंद्र सिंह धोनी की तरह हैं संजू सैमसन: स्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन अपने धैर्य और खेल को पढ़ने की क्षमता के कारण दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के युवा प्रारूप की तरह लगते हैं।

सैमसन ने 11 मैच में 154.77 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए हैं और अपने खिलाड़ियों का अच्छी तरह इस्तेमाल करते हुए टीम को प्ले ऑफ की दौड़ में बनाए रखा है। स्वान ने विज्ञप्ति में कहा, मुझे संजू के बारे में जो चीज पसंद है वह यह है कि वह नेतृत्वकर्ता बन गया है और लगातार प्रदर्शन करने वाला सीनियर खिलाड़ी जिसके पास प्रतिभा है। उन्होंने कहा, इसका सामना कीजिए, चार या पांच साल पहले, सभी को पता था कि वह कितना अच्छा है लेकिन वह छह से सात मैचों में कुछ नहीं करता था और फिर शानदार पारी खेलता था। मुझे लगता है कि वह राजस्थान के लिए लगभग श्रीमान भरोसेमंद बन गया है। स्वान ने कहा, और वह बहुत शांत है, वह बहुत आश्वस्त है, मुझे लगता है कि अपनी कप्तानी के साथ वह युवा महेंद्र सिंह धोनी की तरह है। वह धैर्य नहीं खोता और उसे पता रहता है कि क्या चल रहा है और वह खेल को अच्छी तरह पढ़ता है। राजस्थान की टीम ने सत्र की शानदार शुरूआत की लेकिन इसके बाद टीम को लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा और अभी अंक तालिका में टीम पांचवें स्थान पर है।

# एक नजर

### रिदम ने निशानेबाजी विश्व कप में तोड़ा सर्वश्रेष्ठ स्कोर का रिकॉर्ड

**बाकू, एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज रिदम सांगवान ने शनिवार को यहां निशानेबाजी विश्व कप में क्वालिफिकेशन राउंड में 595 अंक का स्कोर बनाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ स्कोर का 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। सांगवान ने 1994 में बुल्गारिया की डायना इगोरोवा द्वारा बनाये गये 594 के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को पीछे छोड़कर यह रिकॉर्ड बनाया। चीन की लूना ताओ ने 2002 में और जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप ने 2023 में इस स्कोर की बराबरी की थी। सांगवान हालांकि फाइनल में 10 के समग्र स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पहली शृंखला में सांगवान के पांचों शॉट चूक गये थे, जिसके बाद वह बाकी के मैच में वापसी की कोशिश करती रहीं। इससे पहले सांगवान ने विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था।

### सीडीएलयू में छात्रों ने फूंका बृजभूषण का पुतला

**सिरसा, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ लोगों का गुस्सा निरंतर बढ़ रहा हैं। चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने शुक्रवार को यूनिवर्सिटी के गेट पर सांसद बृजभूषण का पुतला फूंका। इस दौरान उपस्थित स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए छात्र नेता प्रवीण खटक ने कहा कि देश के लिए शहीद होने वाले और देश के लिए खेल में मेडल लाने वाले देश के सच्चे बेटे और बेटियां होती है, उनकी कोई जात, इलाका व धर्म नहीं होता। जात, इलाका, धर्म की ओट केवल वही लोग लेते हैं, जो सच को दबाना चाहते हैं। छेड़छाड़ के कथित आरोपी बृजभूषण की तमाम कोशिशें नाकाम हो गई हैं, इसलिए सरकार ने न्याय की आवाज को कुचलने के लिए खिलाड़ी महिला पहलवानों पर दमन की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसकी चहुंओर कड़ी निंदा हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगर सांसद बृजभूषण पर शिकंजा न कसा तो बड़े स्तर पर आंदोलन होगा। इस मौके पर विक्की प्रधान, अजय बिश्नोई, सुमित बामल, अजीज, अजब, दिव्यांशु, पुनीता, अनिता, पूनम, तलविंद्र तिलोकेवाला, रतन कुमार, पुनीत मौजूद थे।

### दमदार प्रदर्शन के इरादे के साथ भारतीय हैंडबॉल टीम पहुंची बांग्लादेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में आयोजित आईएचएफ ट्राफी महिला यूथ व जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय महिला यूथ व जूनियर हैंडबॉल टीम शुक्रवार को बांग्लादेश पहुंच गयी। आगामी 13 से 17 मई 2023 तक ढाका (बांग्लादेश) में होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय टीम में उत्तर प्रदेश की तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है। टीम में आराधना त्रिपाठी व समृद्धि सिंह और भारतीय यूथ महिला टीम में शिवानी भारती चयनित की गई है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में भारतीय जूनियर महिला टीम और भारतीय यूथ महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीते थे। इस बार भारतीय टीम पर खिताब बचाने का दबाव होगा।

**यूथ महिला हैंडबॉल टीमः** कनिका, स्वाति, काजल, खुशी, प्रिया (हिमाचल प्रदेश), रेणुका, काफी, अनिका, पूजा, मंजिल (हरियाणा), प्रदन्या बालोसाव माने, इनिया चव्हाण (महाराष्ट्र), शिवानी भारती (उत्तर प्रदेश), टीना (राजस्थान)।

**भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीमः** चेतना, कृतिका, संजना, गुलशन, बबिता (हिमाचल प्रदेश), पूजा गुर्जर, शारदा कंवर, आरती (राजस्थान) गरिमा, प्रिया, प्रीति (हरियाणा), आराधना त्रिपाठी, समृद्धि सिंह (उत्तर प्रदेश), बनश्री राय (पश्चिम बंगाल)।

### एकाग्र और शांत रहना सफलता की वजह: यशस्वी

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले राजस्थान रायल्स के यशस्वी जायसवाल ने कहा कि एकाग्रता और आत्मविश्वास उनके प्रदर्शन में निखार लाने में मददगार साबित हो रहा है। मुबंई के 21 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरूवार को केकेआर के खिलाफ मात्र 13 गेंदो में अर्धशतक जड़ा था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी की नाबाद 98 रन की तूफानी पारी की बदौलत राजस्थान ने एकतरफा मुकाबले में केकेआर को नौ विकेट से रौंद दिया था। यशस्वी ने मैच के बाद कहा निसंदेह यह मेरी यादगार पारी थी जिसे आप कभी नहीं भूलना चाहेंगे। मै जब बल्लेबाजी कर रहा था था तो मुझे लगा कि सब कुछ सही जा रहा है और मुझे इसी तरह अपनी पारी को आगे बढाना चाहिये। संजू (संजू सैमसन) भाई मेरा उत्साहवर्धन कर रहे थे। यशस्वी ने कहा मैं अपनी बल्लेबाजी में सुधार के लिये हमेशा नया सीखने की कोशिश करता हूं और शांत एवं एकाग्रतचित होने का प्रयास करता हूं। मेरी खुशकिस्मती है कि आईपीएल में मुझे धोनी भाई,राहुल भाई और विराट भाई जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को करीब से देखने और जानने का मौका मिल रहा है। वे मुझे प्रोत्साहित करते हैं और उनसे कुछ न कुछ नया सीखने का अवसर मिलता है।

### ब्रैडबर्न पाकिस्तान के नये कोच नियुक्त हुए

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को ग्रांट ब्रैडबर्न को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। ब्रैडबर्न को दो साल का अनुबंध दिया गया है। इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की घरेलू शृंखला के लिये अप्रैल में अंतरिम कोच नियुक्त किया गया था। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय दोनों सीरीज जीती थीं। पिछले महीने, पीसीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि वह सात मई को समाप्त हो चुकी न्यूजीलैंड सीरीज के अंत में कोच नियुक्त कर लेगा। बोर्ड ने एंड्रयू पुटिक को बल्लेबाजी कोच नामित किया, जबकि उमर गुल को गेंदबाजी कोच और अब्दुल रहमान को ब्रैडबर्न के सहायक कोच के रूप में नियुक्त किया गया। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रैडबर्न इससे पहले 2018 में पाकिस्तान के फील्डिंग कोच रह चुके हैं। उन्होंने देश की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उच्च-प्रदर्शन प्रमुख के रूप में भी काम किया है। पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी ने एक बयान में कहा, ब्रैडबर्न कोचिंग अनुभव के खजाने के साथ टीम में आये हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम और एनसीए में पहले काम कर चुके ब्रैडबर्न हमारी क्रिकेट संस्कृति और सिद्धांतों को समझते हैं और इस टीम को आगे ले जाने के लिये उपयुक्त व्यक्ति हैं। पाकिस्तान ने इस साल होने वाले 50 ओवर के एशिया कप और एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हाल ही में पूर्व कोच मिकी आर्थर को टीम का निदेशक नियुक्त किया था। ब्रैडबर्न ने कहा, पाकिस्तान जैसी प्रतिभावान और कुशल टीम के साथ हेड कोच के रूप में काम करना मेरे लिये सम्मान की बात है। हम अपने खेल को बेहतर बनाने और अपने बढ़ते कौशल का प्रदर्शन करने के लिये आतुर हैं। मिकी आर्थर और मैं हमारे खिलाड़ियों का समर्थन करने, उन्हें चुनौती देने और उनका विकास करने को लेकर उत्सुक हैं। न्यूजीलैंड शृंखला खेल का समय पाने और जीतने के लिए भूमिकाओं, संस्कृति और ब्रांड की स्पष्टता बनाने के लिये मूल्यवान रही है।



## हंसगुल्ले

शैलेंद्र : अरे यार बंता तेरे दांत कैसे टूट गए ?
आदित्य : हंसने के कारण।
शैलेंद्र : वो कैसे ?
आदित्य : अरे यार, मैं एक पहलवान को देखकर हंस पड़ा।

●●●●

मोहन अमेरिका गया था। एक दिन वह वहां के एक किराने दुकान में गया। सारी चीजें चुनकर वह काउंटर पर आया। वहां खड़े कर्मचारी ने बिल बनाकर उसकी तरफ बढ़ा दिया। मगर मोहन उनसे 'फैट' मांगने लगा, मेरा 'फैट' कहां है ?
कर्मचारी उसकी बात समझ नहीं रहे थे। अंत में मोहन चीखने-चिल्लाने लगा। यह सुनकर दुकान में खड़े सभी लोग वहां जुट गए। मैनेजर भी मोहन के पास आ गया। मैनेजर को देखते ही मोहन ने चीखते हुए कहा, ओए मैनेजर, मैंने यह दही खरीदा है। इसके ऊपर लिखा है 'फैट फ्री', अब बताओ तुम्हारे लोग मुझे फैट नहीं दे रहे हैं।

●●●●

राकेश ने नई कार खरीदी और सोचा कि नई कार से अमृतसर से जालंधर अपने दोस्त से मिलने जाए। वह अपनी नई कार से कुछ ही घंटों में जालंधर पहुंच गया। वहां उसने कुछ दिन बिताए और फिर लौटने का मन बनाया। क्योंकिअमृतसर में उसने अपनी मां को बुलाया हुआ था। राकेश जालंधर से अपनी नई कार लेकर अमृतसर के लिए निकल पड़ा। लेकिन वह अगले दो दिन तक भी अमृतसर नहीं पहुंच पाया।
तीसरे दिन जब वह घर पहुंचा तो उसकी परेशान मां उसके पास दौड़ कर आई और उसे गले लगाते हुए पूछा अरे बेटा क्या हुआ जो इतने दिन लग गए आने में।
थका-हारा राकेश बोला- ये मारूती वाले पागल है आगे जाने के लिए चार गियर बनाते हैं और पीछे के लिए सिर्फ इक गियर।

●●●●

राम और श्याम एक पेड़ के नीचे बैठे हुए थे और राम गाना गा रहा था।
चार गाने गाने के बाद राम ने अपने आपको उल्टा लटका लिया और फिर से गाना, गाना शुरु कर दिया।
ये देखकर श्याम ने राम से पूछा कि ये तुमको क्या हो गया। तुम उल्टे क्यों लटके हो ?
राम ने जवाब दिया कि अब मैं 'बी साइड' से गाना गा रहा हूं।

●●●●

सोहन दो लाल कान साथ लेकर अपने डॉक्टर के पास पहुंचा। डॉक्टर ने सोहन से पूछा: तुम्हारे कानों के साथ ये क्या हो गया ?
सोहन बोला कि मैं जब अपनी शर्ट को प्रेस कर रहा था तभी मेरे फोन की घंटी बजी। लेकिन मैंने फोन उठाने के बजाए गर्म प्रेस को उठा लिया और अपने कान पर लगा लिया और मेरा कान जल गया।
डॉक्टर ने बहुत ही प्यार से सोहन से पूछा तो तुम्हारा दूसरा कान कैसे जला ?
सोहन बोला उस बदमाश ने फिर दोबारा फोन कर दिया था ना!

## पहेलियाँ


सोने की वह चीज है,
पर बेचे नहीं सुनार।
मोल तो ज्यादा है नहीं,
बहुत है उसका भार।

छोटा था तो नारी था मैं,
बड़ा हुआ तो नर।
नारी का तो कम मोल था,
नर की बड़ी कदर।

नहीं मैं मिलती बाग में,
आधी फल हूँ, आधी फूल।
काली हूँ पर मीठी हूँ,
खा के न पाया कोई भूल।

सोने को पलंग नहीं,
न ही महल बनाए,
एक रुपया पास नहीं,
फिर भी राजा
कहलाए।

उत्तर - 1. चारपाई, 2. अमिया-आम, 3. गुलाबजामुन, 4. जंगल का राजा शेर





# मत उड़ाना रुस्तम का मजाक

ओमा शेरनी ने चार बच्चे दिए। उनमें से तीसरे नंबर का बच्चा रुस्तम अपने बाकी भाई-बहनों से बिलकुल अलग था। बाकी सबका रंग भूरा था, लेकिन रुस्तम था सफेद और उसके शरीर में चितकबरे धब्बे थे। उसे अपने भाई की तरह उछल-कूद मचाने, शिकार करने का जरा भी शौक नहीं था। रुस्तम का भाई जीवा और बहनें रईसा और शिवी उसका मजाक उड़ाते। ओमा खुद भी रुस्तम को ले कर परेशान थी। अगर ये दूसरे शेर के बच्चों की तरह उछल-कूद, शिकार नहीं सीखेगा, तो जंगल में रहेगा कैसे? दूसरे जानवर कितनी खिल्ली उड़ाएंगे। पर रुस्तम था मस्त। उसे तो खाने को फल मिल जाए, तो खुश हो जाता।
एक दिन रुस्तम पेड़ के नीचे लेटा हुआ था कि अचानक उसने अपने भाई-बहनों का शोर सुना। वे चिल्ला रहे थे- पकड़ो-पकड़ो। रुस्तम ने पलट कर देखा, वे तीनों एक चिंकी खरगोश का पीछा कर रहे थे। बेचारा खरगोश डर के मारे उसी की तरफ भाग आया और पेड़ के नीचे खड़ा होकर हांफने लगा। अचानक उसकी नजर रुस्तक पर पड़ी और वह बुरी तरह डर गया। रुस्तम ने तुरंत कहा, 'बड्डी, डरो मत। मैं भी तुम्हारी तरह ही हूं। दिखता शेर हूं, पर हूं खरगोश। चलो, फौरन मेरे पीछे आ कर छिप जाओ।'
कुछ ही सेकेंड में जीवा भागता हुआ आया, 'ऐ रूसी, तुमने एक खरगोश को यहां आते देखा क्या?' रुस्तम ने जम्हाई लेते हुए कहा, 'मैं तो सो रहा था ब्रो। लेकिन यह बताओ कि तुम एक खरगोश के पीछे क्यों पड़े हो?'
जीवा हंसने लगा, 'शेर का बच्चा हो कर पूछ रहा है कि शिकार के पीछे क्यों पड़ा हूं? तू कलंक है हमारे परिवार में। तुझे शेर बन कर नहीं, खरगोश बन कर पैदा होना था।'
रुस्तम मुस्कराने लगा। और जीवा वहां से निकल गया। शाम को रुस्तम चिंकी खरगोश को छोड़ने उसके घर गया। दोनों में पक्की दोस्ती हो गई। जब कभी चिंकी पर कोई मुसीबत आती, रुस्तम उसकी मदद को पहुंच जाता। रुस्तम ने जीवा से कह रखा था कि चिंकी उसका दोस्त है, इसलिए उस पर कोई मुसीबत नहीं आनी चाहिए।
एक दिन रुस्तम और चिंकी पहाड़ों पर घूम रहे थे। अचानक सियारों की टोली की नजर उन पर पड़ गई। भीखू सियार बदमाश था। उसे पता था कि रुस्तम अपने भाई की तरह नहीं है, उसने दूसरे सियारों से कहा कि उन दोनों को घेर लो। देखते ही देखते आठ-दस सियारों ने रुस्तम और चिंकी को घेर लिया। रुस्तम ने हिम्मत से कहा, 'भीखू, मैं शेर हूं, तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई यहां आने की?'
भीखू हंसने लगा, 'ओए डरपोक पहलवान। हम सब जानते हैं कि तुम शेर की खाल में एक खरगोश हो।'
चिंकी की तो हवा ही टाइट हो गई थी। उसने धीरे से कहा, 'रूसी, तुम यहां से चले जाओ। मुझे तो एक ना एक दिन किसी का शिकार होना ही है। कितने दिन तक बचूंगा?'
रुस्तम ने जोर से कहा, 'तुम मेरे दोस्त हो। मैं तुम्हें छोड़ कर कहीं नहीं जा रहा।'
सियार आगे बढ़ने लगे। चिंकी डर कर पीछे हटने लगा। अचानक रुस्तम जोर से दहाड़, इतनी जोर से कि पेड़ पर बैठे बंदर और पंछी डर कर यहां-वहां भागने लगे। मोंटी बंदर दहशत में चिल्लाया, 'अरे भागो, शेरों ने आक्रमण कर दिया है।'
भीखू और दूसरे सियारों को भी लगा कि शेर आ गए हैं। भीखू सिर पर पैर रख कर भागने लगा। दूसरे भी वहां से कट लिए।
चिंकी दौड़ कर रुस्तम से लिपट गया और बोला, 'भाई, तुम्हें दहाड़ते देख तो मैं भी डर गया था। तो तुम दहाड़ भी लेते हो?'
रुस्तम ने राहत की सांस लेते हुए कहा, 'मुसीबत पड़ने पर तो अपने पापा की याद आती है ना।'
वो दोनों हंसते हुए घर लौट आए। रात को जीवा ने रुस्तम से हाथ मिलाते हुए कहा, 'मान गए ब्रो, आज पूरे जंगल में इसी बात की चर्चा है कि कैसे तुमने सियारों की सिट्टी-पिट्टी गुम कर दी। असली जंगल के राजा तो तुम हो।'






# हंसो, हंसाओ सेहत बनाओ



दोस्तों, तुम्हें कॉमेडी मूवीज देखना तो बहुत अच्छा लगता होगा। ऐसी मूवीज देखकर तुम खुद भी हंसते होगे और किस्से सुनाकर दोस्तों को भी हंसाते होगे। साथ में क्लास में भी मस्ती कर हंसी ठहाके लगाते होगे। हंसते-हंसाते रहो, पर जान लो हंसने के फायदों के बारे में...

### वर्ल्ड हेल्थ डे

वर्ल्ड हेल्थ डे वर्ल्ड हेल्थ ऑरगनाइजेशन की तरफ से हर साल मनाया जाता है। इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे ऐसे मच्छरों, जानवरों और कीड़े-मकोड़ों पर लोगों का ध्यान ले जा रहा है जो तरह-तरह की बीमारियां पैदा करते हैं। हंसने और खुश रहने से तुम्हारा मूड तो अच्छा रहता ही है साथ में तुम्हारी सेहत भी ठीक रहती है।

### इम्यून सिस्टम ठीक रहेगा

हंसने मुस्कुराने से तुम्हारा इम्यून सिस्टम अच्छा होगा। इम्यून सिस्टम अच्छा होने से तुम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हो। साथ में तुम्हें सर्दी-जुकाम भी जल्दी नहीं होगा।

### टेशन फ्री होगे

दोस्तों के साथ हंसने और मस्ती करने से तुम्हें किसी तरह की चिंता नहीं होगी। साथ में तुम किसी भी मुश्किल काम को आसानी से कर लोगे। यही नहीं खुश रहने से शरीर में पैदा होने वाले ऐसे हार्मोन जो तनाव बढ़ाते हैं उनको भी कम करने में मदद करता है।

### दोस्तों में लोकप्रिय होगे

तुम्हारे खुश रहने से तुम्हारे दोस्त बढ़ते जाएंगे। ज्यादा से ज्यादा लोग तुम्हारे दोस्त बनना चाहेगे। तुम्हारे पुराने दोस्तों से दोस्ती और पक्की हो जाएगी। तुम्हें सबके साथ मिल-जुल कर काम करने में मजा आएगा।

### दिल की बीमारी से छुटकारा

आजकल अक्सर ही लोग इस बीमारी से परेशान रहते हैं। खुश रहने से इस तरह की बीमारियों से तो छुटकारा मिलेगा ही हार्ट अटैक की सम्भावना भी कम होती है।

### दर्द कम होगा

खुश रहने और हंसने-मुस्कुराने से दर्द कम होता है। साथ ही तुम किसी भी तरह की बीमारी से आसानी से निपट लोगे।

### आत्मविश्वास बढ़ता है

खुश रहने से आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ में किसी भी काम को करने के लिए नए-नए आइडियाज भी तुम्हारे दिमाग में तेजी से आते रहेगे।

### लम्बे समय तक जीओगे

जो लोग खुश रहते हैं वो लोग लम्बे समय तक जीते हैं। इसका मतलब है कि वो दुखी रहने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा दिनों तक जीते हैं।

### ब्लड प्रेशर कम रहता है

आजकल तुमने ब्लड प्रेशर से परेशान लोगों के बारे में तो सुना ही होगा। खुश रहने से शरीर में ब्लड का फ्लो भी ठीक रहता है और ब्लड प्रेशर भी कम होता है।

### मेमोरी बढ़ती है

खुश रहने से न केवल तुम्हारी मेमोरी बढ़ती है बल्कि तुम्हारे अंदर कुछ सीखने की क्षमता का भी तेजी से विकास होता है। तुम कुछ नया सीखने को उत्साहित रहते हो और इसीलिए तुम्हारी रचनात्मकता भी बढ़ती जाती है। यही नहीं हंसने-मुस्कुराने से तुम्हारी क्रिएटिविटी भी बढ़ती है।

### अच्छी नींद आती है

खुश रहने से तुम्हें नींद भी अच्छी आती है। इसका मतलब है कि तुम्हारे घर में जो बुजुर्ग नींद नहीं आने की प्रॉब्लम से परेशान हैं उनकी समस्या खुश रहने से हल हो जाएगी। इसलिए तुम उनकी मदद करो।



# मरमेड लुक में ग्लैमरस दिखीं निक्की तंबोली

## फ्रंट कट ड्रेस में क्लीवेज फ्लॉन्ट कर खींचा लोगों का अटेंशन

बिग बॉस सीजन 14 फेम निक्की तंबोली हमेशा से अपने बोल्ड फोटोशूट और परफेक्ट फिगर के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के बीच शेयर होते ही ट्रेंड करने लग जाता है। हालांकि एक्ट्रेस ने एक बार फिर से अपनी लेटेस्ट मरमेड आउटफिट में फोटोज शेयर कर इंटरनेट पर सनसनी मचा दी हैं। इन फोटोज में उनकी हॉटनेस देख यूजर्स के पसीने छूट गए हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लग जाती हैं। निक्की तंबोली हर बार अपनी बोल्ड तस्वीरों से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की बेहद ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में निक्की तंबोली की हॉटनेस देख फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं, और लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। निक्की तंबोली ने इन तस्वीरों में ब्लू कलर का मरमेड लुक में डीपनेक गाउन पहना हुआ है। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने कैमरे के सामने किलर लुक्स में डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए बेहद सिजलिंग और हॉट पोज दिए हैं। निक्की तंबोली सोशल मीडिया लवर हैं। आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरों के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। हालांकि यूजर्स उनके लुक को फॉलो भी करते हैं। हमेशा से अपने बोल्ड फोटोशूट और परफेक्ट फिगर के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के बीच शेयर होते ही ट्रेंड करने लग जाता है। हालांकि एक्ट्रेस ने एक बार फिर से अपनी लेटेस्ट मरमेड आउटफिट में फोटोज शेयर कर इंटरनेट पर सनसनी मचा दी हैं। इन फोटोज में उनकी हॉटनेस देख यूजर्स के पसीने छूट गए हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लग जाती हैं। निक्की तंबोली हर बार अपनी बोल्ड तस्वीरों से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की बेहद ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में निक्की तंबोली की हॉटनेस देख फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं, और लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। निक्की तंबोली ने इन तस्वीरों में ब्लू कलर का मरमेड लुक में डीपनेक गाउन पहना हुआ है। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने कैमरे के सामने किलर लुक्स में डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए बेहद सिजलिंग और हॉट पोज दिए हैं। निक्की तंबोली सोशल मीडिया लवर हैं। आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरों के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। हालांकि यूजर्स उनके लुक को फॉलो भी करते हैं।

# परिणीति चोपड़ा ने राघव चड्ढा से की सगाई



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा से सगाई कर ली। सगाई समारोह यहां कपूरथला हाउस में आयोजित किया गया। परिणीति ने सोशल मीडिया पर राघव के साथ प्यार भरी तस्वीरें शेयर कीं और लिखा, 'जिस चीज के लिए मैंने प्रार्थना की.. मैंने हां कहा'। श्री राघव ने भी वही तस्वीरें साझा कीं और इसे कैप्शन दिया, 'मैंने प्रार्थना की .. उसने हाँ कहा'।

दोनों ने हाथी दांत के रंग का आउटफिट पहना। आइवरी लहंगे में परिणीति बहुत खूबसूरत लग रही थीं और उन्होंने कम से कम मेकअप लुक चुना। वहीं, राघव आइवरी कलर की अचकन में डैशिंग लग रहे थे।

समारोह में उपस्थित लोगों में परिणीति की चचेरी बहन और अंतर्राष्ट्रीय स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनास, फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह शामिल थे।

परिणीति के फोटो शेयर करते ही बधाईयों का तांता लग गया। अथिया शेट्टी ने लिखा, बधाई, डब्बू रत्नानी ने कहा, बधाई परी और राघव। सानिया मिर्जा और नेहा धूपिया ने कमेंट सेक्शन में दिल के इमोजीस छोड़े। साइना नेहवाल ने कहा, 'बधाई'।

आलिया भट्ट, जान्हवी कपूर, वरुण धवन, कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे ने पोस्ट को लाइक किया।

# शिमरी व्हाइट आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रहीं हैं रिया चक्रवर्ती






बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती इन दिनों हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट पर रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इंटरनेट का पारा गर्म कर दिया है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती इन दिनों अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रिया ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अपनी अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बना देती हैं कि लोगों की नजरें उन पर से हटना मुश्किल हो जाती हैं। रिया चक्रवर्ती ने अपने इन लेटेस्ट लुक में व्हाइट कलर का शिमरी आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में बैकलेस और अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए स्टाइलिश फोटोशूट करवा रही हैं।

बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन दिनों भले ही एक्ट्रेस किसी फिल्म में नहीं दिखाई दे रही हो लेकिन वो आए दिन सोशल मीडिया पर एक्टिव रह कर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बारे में अपडेट्स देती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर देते हैं।

# शाहरुख खान संग रोमांस करेंगी कियारा आडवाणी !!

## तो क्या पटरी पर लौटी संजय लीला भंसाली की इंशाअल्लाह ?



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी हालिया रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद अगली फिल्मों की तैयारियों में जुट चुके हैं। इसके साथ ही उनकी अपकमिंग फिल्मों को लेकर भी खास बज देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो सुपरस्टार शाहरुख खान की एक और अगली फिल्म को लेकर चचाएं होनी शुरू हो गई हैं। खबर है कि सुपरस्टार शाहरुख खान जल्दी ही निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म के लिए हाथ मिलाने वाले हैं। सुनने में आया है कि संजय लीला भंसाली अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म को किंग खान के साथ करने की प्लानिंग में हैं। यही नहीं, खबर मिली है कि शाहरुख खान के साथ इस फिल्म में निर्देशक संजय लीला भंसाली अदाकारा कियारा आडवाणी को कास्ट कर सकते हैं। अब जबसे ये खबर सामने आई है लोग कयास लगाने लगे हैं कि कहीं ये फिल्म इंशाअल्लाह ही तो नहीं।जिन्हें जानकारी नहीं हैं उन्हें बता दें कि निर्देशक संजय लीला भंसाली सुपरस्टार सलमान खान के साथ फिल्म इंशाअल्लाह प्लान कर रहे थे। इस फिल्म में सलमान खान के साथ लीड रोल में अदाकारा आलिया भट्ट नजर आने वाली थीं। ये भी एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी। इसका मेगा ऐलान भी हो चुका था। बाद में क्रिएटिव डिफरेंसेस की वजह से सलमान खान ने इस फिल्म से हाथ पीछे खींच लिया था। तब से ही ये फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। अब शाहरुख खान और कियारा आडवाणी के साथ निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म की सुगबुगाहट के साथ ही इंशाअल्लाह के फ्लोर पर आने के कयास लगने लगे हैं।सुपरस्टार शाहरुख खान के फिल्मी करियर की बात करें तो पठान की बंपर सक्सेस के बाद उनकी अगली फिल्म डंकी और जवान को लेकर काफी बज है। इसके बाद सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी पठान के दूसरे पार्ट के लिए सलमान खान के साथ हाथ मिलाने वाले है। साथ ही अगर ये रिपोर्ट्स सही निकलीं तो शाहरुख खान निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह को लेकर आ सकते हैं।



# 'टाइगर 3' से सलमान-कैटरीना का रोमांटिक वीडियो लीक



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री कैटरीना कैफ का रोमांटिक वीडियो उनकी आने वाली फिल्म टाइगर 3 से लीक हो गया है।

यशराज बैनर तले बन रही फिल्म टाइगर 3 में सलमान खान और कैटरीना कैफ की मुख्य भूमिका है। टाइगर 3 से एक वीडिया लीक हो गया है। इस वीडियो में कैटरीना कैफ और सलमान खान रोमांस करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो में कैटरीना कैफ व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में सलमान खान के साथ नजर आ रही हैं। इस दौरान सलमान खान ने ग्रे कलर का आउटफिट पहना हुआ है।वीडियो में पहले तो कैटरीना कैफ नजर आती हैं। उनके बगल में खड़े सलमान खान कुछ कर रहे हैं। सलमान खान के हाथों में एक टोकरी दिखाई दे रही है। दोनों के बीच की कैमिस्ट्री कमाल की लग रही थी।

'फिल्म 'टाइगर 3' को मनीष शर्मा निर्देशित कर रहे हैं। टाइगर 3 में सलमान खान,कैटरीना कैफ के अलावा इमरान हाशमी फिल्म की अहम भूमिका होगी।यह फिल्म इसी साल दिवाली पर हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।